संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार 09 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनकी अगवानी की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 157 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# अगले साल तमिलनाडु-बंगाल में सरकार बनाएगी एनडीएः शाह

## यह सम्मेलन द्रमुक सरकार को सत्ता से हटाने और बदलाव की शुरूआत का संकेत हैः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**मदुरैः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मदुरै में कहा कि अगले साल तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में जनता द्रमुक को हराएगी। उन्होंने कहा कि साल 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और अन्नाद्रमुक मिलकर एनडीए सरकार बनाएंगे। शाह ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मेलन द्रमुक सरकार को सत्ता से हटाने और बदलाव की शुरूआत का संकेत है। अमित शाह ने कहा कि तमिलनाडु की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा कार्यकर्ता इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। अमित शाह ने कहा, यहां 2026 में बीजेपी-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। एम.के. स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह द्रमुक को हरा नहीं सकते। वह सही कह रहे हैं, मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी। शाह ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों की तैयारी की समीक्षा भी की और राज्य के नेताओं के साथ रणनीति पर चर्चा की।




### मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई जल्द ही तमिल भाषा में शुरू की जाएः शाह

**अमित** शाह ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में शराब बिक्री घोटाले के बराबर पैसे से हर स्कूल में कम से कम दो कक्षाएं बनाई जा सकती थीं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं तमिलनाडु सरकार से एक बार फिर अपील करता हूं कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई जल्द ही तमिल भाषा में शुरू की जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में सेंगोल स्थापित कर तमिलनाडु का सम्मान किया है, और मैं उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री स्टालिन उन्हें इसके लिए धन्यवाद देने के लिए पत्र लिखेंगे।

**जनगणना 2021 में कराई जानी थीः** गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, गृह मंत्री ने कई बार स्पष्ट किया है कि परिसीमन प्रक्रिया के दौरान दक्षिणी राज्यों की चिंताओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा और इस मुद्दे पर उचित समय पर सभी संबंधित पक्षों से चर्चा की जाएगी। जनगणना 2021 में कराई जानी थी और इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन कोरोना महामारी फैलने के कारण इसे टालना पड़ा।

### तमिलनाडु की जनता द्रमुक सरकार से तंग आ चुकी है

**शाह** ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, तमिलनाडु की जनता द्रमुक सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। भाजपा के कार्यकर्ता हर गली, मोहल्ले और घर तक पहुंचेंगे और (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए का विकसित और समृद्ध तमिलनाडु का दृष्टिकोण लोगों तक पहुंचाएंगे।

शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल में तमिलनाडु को 6.80 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। फिर भी मुख्यमंत्री स्टालिन पूछते हैं कि केंद्र ने राज्य के लिए क्या किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्टालिन को चुनौती दी कि वह बताएं क्या उन्होंने 2021 के चुनाव में द्रमुक की ओर से किए गए सभी वादों को पूरा किया है।

अमित शाह ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में शराब बिक्री घोटाले के बराबर पैसे से हर स्कूल में कम से कम दो कक्षाएं बनाई जा सकती थीं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं तमिलनाडु सरकार से एक बार फिर अपील करता हूं कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई जल्द ही तमिल भाषा में शुरू की जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में सेंगोल स्थापित कर तमिलनाडु का सम्मान किया है, और मैं उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री स्टालिन उन्हें इसके लिए धन्यवाद देने के लिए पत्र लिखेंगे। गृह मंत्री शाह ने दिन की शुरूआत प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर के दर्शन से की, जहां उन्होंने पूजा की और मंदिर के पुजारियों ने उन्हें पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए शाह ने तमिल भाषा में न बोल पाने पर खेद जताया। उन्होंने कहा, मैं तमिलनाडु के पार्टी कार्यकताओं से माफी चाहता हूं क्योंकि मैं भारत की सबसे महान भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता। अप्रैल में तमिलनाडु दौरे के दौरान शाह ने अन्नाद्रमुक के साथ फिर से गठबंधन की घोषणा की थी।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गोविंद देव मंदिर में मंगला आरती के दर्शन किए। उन्होंने प्रदेश के सुख, समृद्धि की प्रार्थना की।

## 'मीडिया एनडीए की सीटें बांटना छोड़े, हमारा काम हम कर लेंगे'

**मुजफ्फरपुरः** मुजफ्फरपुर में पहुंचे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने क्लब मैदान में आयोजित संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इतनी भीषण गर्मी और तपिश में आए लोगों के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। मुझे इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। आप सबको देखकर हमें हौसला मिलता है। हमारा हौसला आपकी ताकत और इस भीड़ से है।

## देश में 6000 से अधिक कोरोना के एक्टिव मामले



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट की जारी लहर इन दिनों दुनियाभर के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। हांगकांग और सिंगापुर से शुरू हुए संक्रमण के मामले भारत में भी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। करीब 15 दिनों के भीतर ही भारत में कोरोना के एक्टिव मामले 30 गुना तक बढ़ गए हैं। 22 मई को कुल एक्टिव केस 257 थे जो 8 जून तक बढ़कर 6133 हो गए हैं। रोजाना कोरोना से मौत के मामले भी रिपोर्ट किए जा रहे हैं। डॉक्टर कहते हैं, कोविड-19 के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि चिंता का विषय जरूर है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। देश में फैल रहा सब-वैरिएंट ओमिक्रॉन स्ट्रेन फैमिली का ही है, जिसके लक्षण अधिकतर लोगों में हल्के, कुछ लोगों में एसिम्टोमेटिक और आम जनता के लिए काफी हद तक हानिरहित है। हालांकि सभी लोगों को बचाव के उपायों पर गंभीरता से ध्यान देते रहने की आवश्यकता है। जिन लोगों की प्रतिरोधक क्षमता अच्छी है उनमें इस संक्रमण का असर नहीं हो रहा है।


### विशेषज्ञों की राय...

इसलिए जरूरी कि सभी लोग संक्रमण से बचने के उपाय करते रहें। अब सवाल उठता है संक्रमण फैलने की जो गति देश में देखी जा रही है, क्या उसे ध्यान में रखते हुए एक बार फिर से मास-वैक्सीनेशन जरूरी हो गया है?

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?**

भारत ने जनवरी 2021 में दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू किया। कोविन डैशबोर्ड के अनुसार, अब तक देश में कोविड-19 वैक्सीन की 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी जा चुकी हैं। पहले से संक्रमण के जरिए अधिकतर लोगों ने मजबूत प्रतिरक्षा विकसित कर ली है, इसलिए कोरोना अब उतना गंभीर और प्रभावी नहीं रहा है।

## एनडीए की मजबूती के लिए मेरी पार्टी 243 सीटों पर लड़ेगी चुनावः चिराग



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोजपुर :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

**243 सीटों पर लड़ने का ऐलान, एनडीए की जीत को बताया लक्ष्यः** चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे ताकि को मजबूती मिले और हम एकजुट होकर विजय की ओर बढ़ें। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी दोहराया कि (रामविलास) हमेशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास रखती है।

**'जंगलराज' को लेकर कांग्रेस पर भी साधा निशाना**

भोजपुर की सभा में चिराग पासवान ने तथाकथित 'जंगलराज' पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब हम 'जंगलराज' की बात करते हैं, तो लोग इसे केवल से जोड़कर देखते हैं। लेकिन सच यह है कि इसके लिए कांग्रेस भी बराबर की जिम्मेदार है। बिहार के उस दौर में दोनों दल सत्ता में साझेदार रहे और राज्य को अराजकता की ओर धकेला। 'भारत रत्न' को लेकर भी किया **सरकार का बचावः** सभा के दौरान चिराग पासवान ने एनडीए सरकार द्वारा सामाजिक न्याय के पुरोधा कपूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' दिए जाने को एक ऐतिहासिक कदम बताया।

## चुनाव आयोग की दोबारा अपील, लिखित शिकायत दें राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी को सार्वजनिक मंचों से आरोप लगाने की बजाय सीधा आयोग से संवाद की अपील की है। आयोग का कहना है कि आरोप लगाने के स्थान पर उन्हें अपनी शिकायतों को लिखित तौर पर आयोग को देना चाहिए और समय निकाल कर मुलाकात करनी चाहिए। सूत्रों का कहना है कि प्रक्रिया के अनुसार सार्वजनिक जानकारी है कि चुनाव आयोग सहित कोई भी संवैधानिक संस्था, तभी औपचारिक रूप से प्रतिक्रिया देती है जब संबंधित व्यक्ति लिखित में पत्र भेजता है। यह भी आश्चर्यजनक है कि "राहुल गांधी एक ओर इन मुद्दों को बेहद गंभीर बता रहे हैं लेकिन जब उन्हें लिखित रूप में देने की बात आती है, तो पीछे हट जाते हैं।" दूसरी ओर, जब कांग्रेस को 15 मई को आयोग से मिलने का आमंत्रण दिया गया, तब उसने आगे मिलने के लिए समय माँग लिया और पीछे हट गई। चुनाव आयोग के सूत्रों ने राहुल गांधी की चुप्पी पर आश्चर्य जताया है। आयोग ने कहा कि 24 घंटे बीतने के बाद भी राहुल गांधी ने न तो कोई पत्र लिखा और न ही मिलने का समय माँगा। वे अपने आरोपों को गंभीर बताते हैं लेकिन उन्हें लिखित रूप में देने से बच रहे हैं।




### राहुल मतदाताओं की गोपनीयता क्यों भंग करना चाहते हैं?

**यह** व्यवस्था चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने और मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए है। ऐसे में राहुल गांधी या उनके एजेंट मतदाताओं की गोपनीयता क्यों भंग करना चाहते हैं? क्या उन्हें उच्च न्यायालयों पर भी भरोसा नहीं है? उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर पांच बिंदुओं पर कथित चुनावी गड़बड़ियों की बात कही थी। इनमें चुनाव आयुक्त पैनल की नियुक्ति में पक्षपात, फर्जी मतदाताओं का नाम जोड़ना, मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना, टार्गेटेड बूथों पर बोगस वोटिंग और सीसीटीवी रिकॉर्ड न देने जैसे मुद्दे शामिल थे। चुनाव आयोग ने इन सभी विषयों का जवाब दिया है। आयोग का कहना है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही तीन सदस्यीय पैनल के माध्यम से शुरू हुई है। इसके पहले सरकारें सीधी नियुक्ति किया करती थी।

## जनता ने राहुल को नकारा, वे जनादेश नकार रहेः देवेंद्र फडणवीस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से लगाए गए 'मैच फिक्सिंग' के आरोपों ने बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राहुल गांधी ने एक अखबार में लेख लिखकर चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए, जिसे लेकर बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। **सीएम फडणवीस ने राहुल गांधी पर साधा निशाना**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, 'मैं राहुल गांधी से बस एक बात कहना चाहता हूं कि वो पूरी जिंदगी एक ही गलती करते रहे, गंदगी उनके चेहरे पर थी, लेकिन वो आईना साफ करते रहे।' सीएम फडणवीस ने एक लेख के जरिए कहा कि राहुल गांधी जनता के फैसले को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए लोकतंत्र और चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं।

## 'पूर्व चीफ जस्टिस खन्ना ने जस्टिस वर्मा से इस्तीफा मांगा था'

**नई दिल्ली :** पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना ने इनहाउस रिपोर्ट के आधार पर जस्टिस यशवंत वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा था। इसके लिए राजी ने होने पर सीजेआई खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के लिए संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव ला सकती है। कानूनी जानकारों के मुताबिक अगर वे इस्तीफा देते हैं तो उन्हें रिटायर्ड जज की तरह पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। संसद में प्रस्ताव लाकर हटाए जाने पर पेंशन वगैरह कुछ नहीं मिलेगा। दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंची फायर सर्विस टीम को बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। मामला बढ़ने पर उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।





### जस्टिस वर्मा का परिवार ही स्टोर रूम इस्तेमाल करता था

**जज** अपनी चिट्ठी में पद छोड़ने की तारीख भी लिख सकते हैं। ऐसे मामले में वे उस तारीख से पहले इस्तीफा वापस भी ले सकते हैं। जस्टिस वर्मा का परिवार ही स्टोर रूम इस्तेमाल करता था जिस स्टोर रूम में आग लगने के बाद जली नकदी मिली थी, वह जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के कब्जे में था। तब के सीजेआई संजीव खन्ना ने मामले की जांच के लिए 22 मार्च को इनहाउस पैनल बनाया था।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025: पहले किसान केवल एक-दो फसल तक सीमित रहता था, आज मक्का उत्पादन करके भी कमा रहा मुनाफाः योगी

## पिछली सरकार जनता से मक्कारी करती थीः सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**औरैया/लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि आईसीआर के लैब में बैठे वैज्ञानिकों, कृषि विवि के प्राध्यापकों और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों को केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ने पहली बार किसान के खेत तक भेजने का कार्य किया है। लैब टू लैंड की प्रक्रिया, बीज से बाजार तक किसान के हित को सर्वोपरि मानते हुए चलाए गए अभियान का हिस्सा है। जिस प्रदेश में किसान पहले केवल एक-दो फसल तक सीमित रह जाता था, आज वहां तीसरी फसल (मक्का) का पांच लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में उत्पादन करके किसान अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं और यही किसान के परिवर्तन का आधार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के तहत रविवार को जनता डिग्री कॉलेज अजीतमल औरैया में मक्का किसानों से संवाद किया। सीएम ने प्रगतिशील किसानों का सम्मान, किसानों को मिनी किट का वितरण व विभिन्न योजनाओं के पात्रों को अनुदान भी वितरित किया। मुख्यमंत्री ने स्टॉल का अवलोकन किया, बच्चों का अन्नप्राशन कराया और पौधरोपण भी किया।



### 2014 में पहली बार सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बना किसानः सीएम योगी

**गांव,** गरीब, किसान, मजदूर, दलित, वंचित, पिछड़ा समेत सभी के हितों को संरक्षण करते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत विरासत व विकास की यात्रा को अनवरत बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बना। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड हर किसान को उपलब्ध हुआ। इसके बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। देश में 12 करोड़ और यूपी में 2.86 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिला। डीबीटी के माध्यम से इनके खाते में 85 हजार करोड़ रुपये भेजे गए।

## मणिपुर में फिर जमकर बवाल...

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफालः** सीबीआई ने रविवार को मणिपुर के इंफाल एयरपोर्ट से मैतेई संगठन अरम्बाई तेंगगोल (एटी) के एक कार्यकर्ता कनन सिंह को गिरफ्तार किया। उस पर 2023 के मणिपुर जातीय हिंसा से जुड़े कई आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। इस गिरफ्तारी के बाद कनन सिंह को तुरंत गुवाहाटी ले जाया गया, जहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड मांगी जाएगी। मामले में सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तारी की सूचना उनके परिवार को दे दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मणिपुर हिंसा के मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। सुरक्षा कारणों से इन मामलों की सुनवाई मणिपुर से हटाकर गुवाहाटी ट्रांसफर कर दी गई है। वहीं कनन सिंह की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही इंफाल शहर में तनाव फैल गया। प्रशासन ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और ककचिंग जिलों में धारा 144 लागू कर दी है। इसके साथ ही इंटरनेट, मोबाइल डेटा, वीएसएटी और वीपीएन सेवाएं भी अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं।

शनिवार रात प्रदर्शनकारियों ने क्वाकैथेल और उरीपोक इलाकों में टायर और पुराना फर्नीचर जलाकर सड़कें जाम कीं। कई जगहों पर सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़पें भी हुईं।






# भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र के बाल संस्कार कार्यशाला का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में चल रही बाल संस्कार कार्यशाला का शानदार समापन समारोह हुआ । इस समापन समारोह का शुभारंभ गणमान्य मेहमानों कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अतुल गोयल महासचिव भारत विकास परिषद हरियाणा उत्तर , शाखा अध्यक्ष श्री विजयंत बिंदल ,शाखा सचिव श्री बलजीत चावला ,भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय सदस्य डॉक्टर अशोक चौधरी ,प्रख्यात मंच कलाकार श्री बृज किशोर शर्मा एवं महिला संयोजिका श्रीमती मानसी गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया तत्पश्चात सभी उपस्थित लोगों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम गया गया । इसके पश्चात इस बाल संस्कार कार्यशाला में पिछले एक सप्ताह से मंच संचालन का प्रशिक्षण पाने वाले विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार ढंग से अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी । इन विद्यार्थियों ने माता-पिता के बारे में समाज के बारे में ,शिक्षा के बारे में अपने विचार व्यक्त किए एवं देशभक्ति गीत गाकर वहां उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया । आर्ट क्राफ्ट की ट्रेनिंग लेने वाले विद्यार्थियों ने बहुत ही आकर्षक कलाकृतियां बनाकर विद्यालय प्रांगण में उसकी



प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखकर कार्यक्रम में आए हुए बच्चों के माता-पिता और अन्य लोगों ने बच्चों की प्रतिभा की भूरी भूरी प्रशंसा की । विद्यालय की अध्यापिकाओं श्रीमती सुरेंद्र चहल एवं कुमारी पारुल सैनी द्वारा परिषद परिवार के इस प्रशिक्षण कार्य के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए एवं इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन करने के लिए परिषद परिवार की प्रशंसा की और धन्यवाद किया इस कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । कार्यक्रम के आयोजन में सहायता करने के लिए विद्यालय के अध्यापकों एवं परिषद परिवार के सदस्यों को भी पुरस्कृत करके उनका सम्मान किया गया । इस बाल संस्कार कार्यशाला की प्रकल्प प्रमुख एवं महिला संयोजिका श्रीमती मानसी गर्ग जी द्वारा आए हुए सभी मेहमानों एवं विद्यालय समिति और विद्यालय स्टाफ का इस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया गया । आज के कार्यक्रम मे भारत विकास परिषद परिवार की ओर से श्री विजयंत बिंदल , श्री बलजीत चावला ,श्री मनोज सेतिया ,श्री अतुल गोयल, डॉ अशोक चौधरी श्री जयप्रकाश पवार ,
श्री महेंद्र सुमरान ,श्री नरेश मोदी ,श्री देवेन भाटिया, श्री दिनेश सिंघल, श्री आशीष गर्ग ,श्री अखिलेश गुप्ता, श्रीमती मानसी गर्ग, श्रीमती सुनील बाला, श्रीमती शारदा गुलाटी, श्रीमती आशा ढलवाल, श्रीमती नेहा ,श्रीमती सोनिया गोयल, श्रीमती सुनीता सेतिया , श्रीमती उर्वशी भाटिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया गया ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल पर योग शिविर का आयोजन



**प्रशिक्षण**

**कमांडो मुख्यालय नेवल के अधिकारियों, कर्मचारियों व भर्ती प्रशिक्षण केंद्र नेवल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )**
**हरियाणा** पुलिस कमांडो फोर्स मुख्यालय, नेवल में राजेन्द्र कुमार मीणा, आईपीएस, प्रवर पुलिस अधीक्षक, कमांडो के नेतृत्व में आयुष विभाग जिला करनाल की टीम व आर्ट आफ लिविंग की टीम द्वारा एक अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कमांडो मुख्यालय नेवल के अधिकारियों, कर्मचारियों व भर्ती प्रशिक्षण केंद्र नेवल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी जवानों तथा उनके प्रशिक्षण स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रमेश चंद्र (डीएसपी ट्रेनिंग), कल्याण निरीक्षक रणबीर सिंह, निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक गंगा राम (लाईन प्रबंधक), उप निरीक्षक रघबीर सिंह (सीडीआई ), महिला उप निरीक्षक सुदेश कुमारी (मुख्य विधि प्रशिक्षक) सहित कमांडो जवान, समस्त प्रशिक्षण स्टाफ के सदस्य व सभी प्रशिक्षणार्थी इस योग शिविर में शामिल हुए। आयुष टीम व आर्ट आफ लिविंग की टीम का उच्चाधिकारियों द्वारा स्वागत करने उपरांत योग शिविर की शुरूआत हुई जिसमें योग व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए जीवन में योग एवं प्राणायाम के महत्व के बारे में जवानों को अच्छे से जानकारी दी गई। आयुष विभाग करनाल से योग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित पुंज ने अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया तथा योग सहायक श्रीमती कुसुम लता तथा श्री अनुराग ने योग अभ्यास का प्रदर्शन किया। आर्ट आफ लिविंग की और से श्रीमती सुचिका बत्रा, अमनदीप सिंह, मुकेश बत्रा एवं श्रीमती नीलम अरोड़ा ने योग अभ्यास का प्रदर्शन किया। योगाभ्यास के पश्चात, आयुष टीम व आर्ट आफ लिविंग की टीम के साथ कमांडो फोर्स के अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षण स्टाफ व प्रशिक्षणार्थियों ने "योग युक्त - नशा मुक्त हरियाणा" की शपथ ली।

# एक दिन पर्यावरण दिवस मनाने से पॉलिथीन का प्रयोग पंचकूला या देश से खत्म नहीं होगा: सिहाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/मैनपाल**
जननायक जनता पार्टी पंचकूला के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व में नगर निगम पंचकूला के कार्यकारी अधिकारी रहे ओ पी सिहाग ने कहा कि केवल 5 जून को पंचकूला या देश भर में पर्यावरण दिवस मनाकर जिसमें लोगों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने की सलाह दी जाती है तथा इसके प्रयोग को रोकने बारे अभियान चलाया जाने से पॉलिथीन हमारी जिंदगी से दूर नहीं होगा ।उन्होंने कहा कि पॉलिथीन जो वातावरण को सबसे ज्यादा प्रदुषित करता है केवल एक दिन के अभियान से खत्म नहीं हो सकता। ओ पी सिहाग ने कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। आज कोई भी सामान बाजार से खरीदना हो या सब्जी मंडी से सब्जी खरीदनी हो



पॉलिथीन के लिफाफों का ही प्रयोग होता है। ओ पी सिहाग ने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक पंचकूला में हर साल एक व्यक्ति औसतन 1.5 से 2 किलोग्राम पॉलिथीन प्रयोग करता है अगर पंचकूला की कुल आबादी के हिसाब से बात करे तो लगभग 5 लाख किलोग्राम पॉलिथीन का प्रयोग हर साल होता है। ओ पी सिहाग ने कहा कि घटिया क्वालिटी एवं ज्यादा मात्रा में पॉलिथीन का प्रयोग पंचकूला में विभिन्न सेक्टरो में हर दिन लगने वाली सब्जी मंडी तथा शहर में जगह-जगह लगने वाली रेहड़ी/फड़ी की वजह से होता है। जहां बड़े धड़ल्ले से रोजाना सेंकड़ों किलोग्राम पॉलिथीन के लिफाफे प्रयोग होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हर रोज विभिन्न सेक्टरो

**अभियान**

**जिला पंचकूला प्रशासन को पूरी सख्ती के साथ पॉलिथीन के प्रयोग को रोकने का अभियान चलाना होगा**

में लगने वाली सब्जी मंडी में पॉलिथीन के प्रयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी जाए तो लगभग दो तिहाई घटिया क्वालिटी के पॉलिथीन के प्रयोग में कमी लाई जा सकती है । यह भी उल्लेखनीय है कि अच्छी क्वालिटी के पॉलिथीन के बड़े लिफाफों का प्रयोग लोग कई बार कर लेते हैं आमतौर पर इसको बाहर नहीं फेंका जाता परंतु घटिया क्वालिटी के रंगबिरंगे पॉलिथीन के लिफाफे एक बार प्रयोग में लाने के बाद इधर उधर लोग फेंक देते हैं।

## घर से पचास हजार रुपये व मोबाइल फोन सहित बाइक चोरी

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बाघडू स्थित मकान से पचास हजार रुपये की राशि, मोबाइल व गली में खड़े दोपहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

# पिंजौर की वासुदेवपुर कॉलोनी में धड़ल्ले से हो रही है अवैध माइनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर :** पिंजौर की वासुदेवपुरम कॉलोनी में अवैध माइनिंग का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। सप्ताह के अंत, विशेष रूप से शनिवार और रविवार को, पहाड़ों को काटकर वहां से पत्थर निकालने और प्लांट तैयार कर ऊंचे दामों पर बेचने का काम जोरों पर चलता है। यह सब प्रशासन और विभागों की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह अवैध कार्य कई महीनों से चल रहा है और इसमें कुछ राजनीतिक रसूख वाले लोगों की संलिप्तता भी बताई जा रही है। उनका कहना है कि खासतौर पर



सप्ताहांत के दिनों में पहाड़ों को बड़े स्तर पर काटा जाता है और वहां से निकाले गए पत्थरों को ट्रकों में भरकर बाहर भेजा जाता है। वन विभाग और खनन विभाग इस अवैध माइनिंग को रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि क्षेत्र में न तो कोई नियमित निरीक्षण होता है और न ही मशीनों की आवाजाही पर नजर रखी जाती है। इस अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

# पानीपत ब्लॉक की नाम चर्चा कश्यप धर्मशाला गांव में आयोजित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**रविवार** को पानीपत ब्लॉक की नाम चर्चा हुड्डा कॉलोनी के कश्यप धर्मशाला गांव में आयोजित की गई। नामचर्चा की शुरूआत ब्लॉक प्रेमी सेवक धर्मपाल इंसा ने "धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा" का पवित्र नारा लगवाकर की।नामचर्चा में साध संगत बड़ी संख्या में उपस्थित रही और प्रेम पूर्वक मयार्दा में बैठकर सतगुरु के अनमोल वचनों को सुना। नाम चर्चा में दरबार के पवित्र ग्रंथ में से विनती का शब्द लगाया और उसके बाद कविराज भाइयों ने भजनों के माध्यम से सतगुरु की महिमा का गुणगान किया।
85 मेम्बर रमेश इंसा ने दरबार द्वारा चलाए जा रहे मानवता भलाई कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गई सेवा सिमरन का फल सतगुरु जी साथ



के साथ देते है जी करता है सेवा सतगुरु का प्यार दिल का टुकड़ा आंखों का तारा।
ब्लॉक प्रेमी सेवक धर्मपाल इंसा ने राष्ट्रीय पेपर सच कहूँ न्यूज की 23वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि सच कहूँ अखबार समाज के लिए ज्ञान और दिशानिर्देश प्रदान करता है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक इस अखबार को पढ़ने और फैलाने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने संत डॉक्टर एमएसजी द्वारा बताए मार्ग पर चलने और दृढ़ विश्वासी बनने की कहा।
ईश कुमार इंसा ने कहा कि लगातार गर्मी बढ़ रही है गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की नियमित व्यवस्था करे। नाम चर्चा के दौरान सच कहूं और मासिक सच्ची शिक्षा मैं निकल उपहारों को भी विजेताओं को दिए गए। सच कहूं और सच्ची शिक्षा का उपहार पाकर विजेताओं के चेहरे पर मुस्कुराहट देखने को मिली।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


## न्यूज फ्लैश

### इंद्री में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना और भवन निर्माण को लेकर सामाजिक बैठक आयोजित



**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )**
अम्बेडकर पार्क में रविदासिया समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की स्थापना और डॉ. अम्बेडकर भवन के निर्माण को लेकर विचार विमर्श किया गया बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति इंद्री की चेयरपर्सन प्रतिनिधि बलिंदर कटारिया (कलरी जागीर) ने की, जबकि मंच संचालन संदीप चौहान (गांधी नगर) ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संतों-महापुरुषों की शिक्षाओं को समाज में फैलाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी। यह समिति गांव-गांव जाकर सामाजिक जागरूकता फैलाने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर उनके साथ सूबे सिंह समोरा , मलकित , प्रमोद बयाना, राकेश, रमेश रॉयल सरोहा, सुमन शाहपुर, सतबीर मान, राम कुमार मेहरा, रोहित (कलरी जागीर), विक्रम, सरपंच मूसेपुर सुखबीर, डॉ. शिव राम , सिंटू सहित समाज के सभी लोगो मौजूद रहे।

### सीनियर डिप्टी मेयर राजीव ने राठधना में ब्राह्मण दादी सती के भंडारे में की सुख-समृद्धि की कामना




**सोनीपत:** सोनीपत नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर, राजीव सरोहा ने आज अपने पैतृक गाँव राठधना में आयोजित ब्राह्मण दादी सती के वार्षिक भंडारे में दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शहरवासियों और क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। भंडारे में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सरोहा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग हैं और ये हमें आपस में जोड़ते हैं। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। सरोहा ने बताया कि इस भंडारे में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं और दादी सती का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने गाँव के सभी आयोजकों और सेवादारों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान गाँव के कई गणमान्य व्यक्ति और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

### निगम की जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर मिट्टी चोरी करने का आरोप

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जाट जोशी में नगर निगम की जमीन से मिट्टी चोरी करने व जमीन पर कब्जा करने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन कृषि कार्य के लिए पट्टे पर ली गई थी, लेकिन निगम का फर्जी अनुमति पत्र तैयार कर खनन विभाग से अनुमति लेकर मिट्टी उठाकर कृषि योग्य भूमि भी खराब कर दी। वहीं, अवैध तरीके से डेयरी भी चला रहे थे। निगम के सहायक अभियंता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में ट्रांसपोर्टर, पट्टे पर जमीन लेने वाले युवक सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर निगम के सहायक अभियंता मंजीत दहिया ने बताया कि गांव जाट जोशी में 17 जनवरी को निरीक्षण किया गया था। जहां पर निगम की जमीन पर सतपाल पहलवान द्वारा अवैध तरीके से मिट्टी उठाई जाना पाया गया। वहीं, मिट्टी डाल कर दूसरी जमीन पर कब्जा कर रखा था। जांच की तो पता चला कि मिट्टी ढोने और खुदाई करने में बड़खालसा के रहने वाले ओम सिंह के डंपर और पापलेन मशीन का इस्तेमाल किया गय है। मंजीत ने बताया कि यह जमीन जाट जोशी के रहने वाले सोनू को कृषि कार्य के लिए 24 जुलाई, 2024 को पट्टे पर दी गई थी, लेकिन उसने खेती न कर जमीन का कुछ भाग पंजाब के रहने वाले उमरदीन को डेयरी चलाने के लिए दे रखा था। सोनू, सतपाल और उमरदीन ने मिलकर निगम की कृषि योग्य भूमि को खराब कर दिया। वहीं, जमीन पर कब्जे की कोशिश भी की। वहीं, जांच में सामने आया कि सतपाल पहलवान ने नगर निगम का झूठा अनुमति पत्र तैयार कर खनन विभाग से मिट्टी उठाने की अनुमति भी ले रखी थी।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हू व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# कोर्ट के आदेश पर सरकार और प्रशासन कुछ नहीं कर सकता : रेखा

मुख्यमंत्री ने हैदरपुर में 24 सीटर जन सेवा शिविर के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को जेजे क्लस्टर नेहरू कैंप हैदरपुर में 24 सीटर जन सेवा शिविर के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि अगर कोर्ट ने झुग्गियों के लिए आदेश दिया है तो इसमें न सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है। उन्होंने कहा कि मद्रासी कैंप बारापुला नाले के किनारे बसा है। कोर्ट ने इस झुग्गी को हटाने का आदेश दिया है, ताकि नाले की सफाई के लिए मशीनें लगाई जा सकें। सरकार और प्रशासन कोई भी कोर्ट के आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता। उस कैंप के निवासियों को पक्के घर आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर नाले के किनारे की झुग्गी नहीं हटाई गई तो दिल्ली में 2023 वाली बाढ़ आने की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दिल्ली में झुग्गी वालों को पक्के मकान नहीं मिलेंगे तब तक सरकार दिल्ली की सभी झुग्गियों में बुनियादी सुविधाएं का विकास करती रहेगी। सरकार झुग्गी वालों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को दिल्ली की जनता की चिंता है। पूरी दिल्ली में 700 करोड़ की लागत से काम चल रहे हैं, जो न कभी आम आदमी पार्टी की सरकार ने किए और न ही कांग्रेस की सरकार ने किए। इसके अलावा रविवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज और अन्य नेताओं ने मद्रासी कैंप के झुग्गी वालों से मिलकर उनका दुःख दर्द साझा किया। आआपा नेताओं ने झुग्गी वालों को उनकी इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का आश्वासन दिया। सांसद संजय सिंह ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मद्रासी कैंप पिछले 50 सालों से है, उन्होंने इस बस्ती को उजाड़ दिया। भाजपा ने गारंटी कार्ड बांटा था - जहां झुग्गी वहीं मकान, अब उन्हें यहीं नए घर देने चाहिए। हम इसे 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद सत्र में उठाएंगे। सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने जहां झुग्गी, वहां मकान का झूठा वादा किया

**आदेश**

- आआपा नेता मद्रासी कैंप के झुग्गी वालों से मिले, बोले संसद सत्र उठाएंगे झुग्गी का मुद्दा

## दिल्ली में झुग्गियों पर बुलडोजर चलने पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने





**नई दिल्ली।** जंगपुरा में झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "अगर कोर्ट ने झुग्गियों के लिए कुछ आदेश दिया है तो न तो सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है। मद्रासी कैंप बारापुला नाले के किनारे बसा था। कोर्ट ने इस झुग्गी को हटाने का आदेश दिया था ताकि नाले की सफाई के लिए मशीनें लगाई जा सकें।

कोई भी कोर्ट के आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता। उस कैंप के निवासियों को घर आवंटित किए गए हैं।" इस पर पूर्व सीएम आतिशी ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "रेखा जी, क्या कोर्ट ने यह भी कहा था कि भाजपा अपना जहां झुग्गी, वहीं मकान का वादा पूरा ना करे? अगर झुग्गी तोड़नी थी तो आस-पास के इलाके में घर क्यों नहीं दिया? मद्रासी कैम्प के ज्यादातर लोगों को मकान नहीं मिला। जिनको मिला- वो भी 40 किमी दूर नरेला के टूटे फूटे घर; जहां सड़क नहीं, काम नहीं, स्कूल नहीं, अस्पताल नहीं।

**बीजेपी ने बुलडोजर चलवाकर गरीबों को बेघर किया: आतिशी**

पूर्व सीएम ने कहा- बीजेपी वालों ने चुनाव के दौरान जहां झुग्गी-वहां मकान की गारंटी दी थी लेकिन सरकार में आते ही उन्होंने झुग्गियों पर बुलडोजर चलवाकर गरीबों को बेघर कर दिया।

## गोगी गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गोगी गैंग के एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित सचिन खत्री उर्फ शिन्नी (26) को नरेला स्थित बकनेर गांव से गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा है। वह फिरौती, अवैध हथियार और हमले से जुड़े कई मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि क्राइम ब्रांच की की नॉर्थ रेंज-क की टीम को 6 जून को सूचना मिली कि गोगी गैंग का सक्रिय सदस्य सचिन नरेला में मौजूद है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर आरोपित को धर दबोचा। जांच में पता चला है कि सचिन खत्री पढ़ाई छोड़ने के बाद कम उम्र में ही गोगी गैंग से जुड़ गया।

## अकाली दल ने संसद के सामने किया रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार तथा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कथित गठजोड़ को सिखों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बताते हुए शिरोमणी अकाली दल दिल्ली इकाई की तरफ से आज संसद की ओर कूच किया गया। दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना तथा मनजीत सिंह जीके के संयुक्त नेतृत्व में सतनाम-वाहेगुरु का जाप करते हुए हजारों लोगों ने शिरोमणी अकाली दल, प्रदेश कार्यालय से संसद की ओर रोष मार्च शुरू किया। परन्तु दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग करके इन्हें




गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब गोल चक्कर पर रोक लिया। जिसके बाद शिरोमणी अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष मास्टर तारा सिंह की प्रतिमा के सामने दोनों नेताओं ने संगतों को संबोधित किया। अकाली नेताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के मंत्रियों के द्वारा सियासी दुर्भावना के तहत दिल्ली कमेटी के 2 निर्वाचित सदस्यों की सदस्यता रद्द करने के विरोध में आज हजारों पंथ परस्त सिखों यहां जुटें हैं।

## फर्जी वीजा रैकेट का भंडाफोड़, एक एजेंट गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने फर्जी वीजा और टिकट के सहारे तीन यात्रियों को स्पेन भेजने की साजिश में शामिल एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 29 मई को अमृतसर के तीन युवक–हरजीत सिंह (44), भगवंत सिंह (25) और गुरचरण सिंह (28) मैड्रिड, स्पेन जाने के इरादे से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे थे। जब उन्होंने इंडिगो एयरलाइंस के काउंटर पर टिकट दिखाया तो वह टिकट एयरलाइन के सिस्टम में दर्ज ही नहीं था। संदेह होने पर उन्हें मौके पर मौजूद स्विस लायजन अफसर के पास भेजा गया। जिन्होंने उनके पासपोर्ट पर लगे शेंगेन वीजा को फर्जी घोषित कर दिया।

इसके बाद एयरलाइंस अधिकारियों ने तत्काल इमीग्रेशन विभाग को सूचित किया और कानूनी कार्रवाई हेतु थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई। पूछताछ के दौरान तीनों यात्रियों ने बताया कि उन्होंने यह यात्रा पंजाब के बटाला निवासी एजेंट सोनू वालिया के माध्यम से तय की थी, जिसकी सिफारिश कमलदीप सिंह नामक व्यक्ति ने की थी। कमलदीप ने तीनों से कुल 17 लाख लिए और उन्हें बताया कि वे स्पेन पहुंचकर एक होटल में वेटर की नौकरी करेंगे। पुलिस टीम ने तकनीकी साधनों के जरिए आरोपित कमलदीप सिंह को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से 300 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद उसने कबूल किया वह एक साल पहले सोनू वालिया से मिला था। जिसने उसे लोगों को विदेश भेजने के लिए कमीशन पर काम देने की पेशकश की थी। दिलचस्प बात यह रही कि सोनू वालिया को पंजाब पुलिस पहले ही 25 मई को गिरफ्तार कर चुकी थी, लेकिन कमलदीप ने इस बात की जानकारी यात्रियों से छुपाई ताकि वे यात्रा का इरादा न बदलें।




**काबू**

- फर्जी वीजा और टिकट के सहारे तीन यात्रियों को स्पेन भेजने की साजिश में शामिल एजेंट को गिरफ्तार किया

## सरना एंव जी.के. गुट गुरुद्वारा कमेटी पर झूठे आरोप लगाने से गुरेज करें-इन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंन्धक कमेटी के पूर्व सदस्य एंव दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव मामलों के जानकार इन्दर मोहन सिंह ने दिल्ली कमेटी के पूर्व प्रधानों परमजीत सिंह सरना एंव मनजीत सिंह जी.के. को दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के विरुद्ध झूठी बयानबाजी करने से गुरेज करने की सलाह दी है। इस संबन्ध में उन्होने इन दोनो पूर्व प्रधानों द्वारा आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के सामने 2 सदस्यों की नामजदगी एंव अन्य प्रशासन एंव अनुशासनिक मुद्धों पर रोष प्रर्दशन करने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि गत 4 जून 2025 को दिल्ली सरकार के गुरुद्वारा चुनाव विभाग द्वारा नियमानुसार एक गजट अधिसूचना जारी करके सुरिन्दर सिंह दारा एंव महिन्दर सिंह की दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी में गलत ढंग से वर्ष 2021 में हुयी नामजदगी को रद्ध करके उनके स्थान पर मलकीत सिंह एंव कशमीर सिंह को नामजद किया है। इन्दर मोहन सिंह ने बताया कि उनके लंबे समय से गुरुद्वारा चुनाव कार्यालय में तैनाती के दौरान कभी भी सिंह सभा के प्रधानो की 2 से अधिक पचीयों की लाटरी नही निकाली गयी थी।



## नशा तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ , 7.9 किलो अफीम बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने अफीम की अंतरराज्यीय तस्करी में लिप्त एक संगठित नशा तस्करी गिरोह का पदार्फाश करते हुए 7.9 किलोग्राम अफीम बरामद की गई है। जिसकी बाजार कीमत लगभग 50 लाख आंकी गई है। पुलिस ने उक्त मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर एक बाइक भी जब्त की है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक आदतन नशा तस्कर मुन्ना लाल आनंद विहार बस अड्डे के पास अफीम की बड़ी खेप देने आ रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद इंस्पेक्टर मनीत मलिक के नेतृत्व में टीम गठित की गई। देर रात 12:10 बजे आरोपित मुन्ना लाल को ईडीएम मॉल के पास से पकड़ा गया और उसके पास से 5.324 किलो अफीम बरामद हुई। मुन्ना लाल से पूछताछ में पता चला कि वह झारखंड के लातेहार जिले से अफीम लाकर उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में सप्लाई करता था। उसकी निशानदेही पर दो सप्लायर फरीद उद्दीन और अब्दुल राशिद आलम को बरेली के एक होटल से गिरफ्तार किया गया और 1.515 किलो अफीम बरामद हुई। इसके पुलिस टीम ने मेरठ निवासी करमजीत सिंह सैखों को 966 ग्राम अफीम के साथ दबोचा। उसके पास से अफीम की तस्करी में उपयोग की गई बाइक बरामद की गई।



## महिला के घर पर गोलियां चलाने समेत चार संगीन मामलों का वांछित बदमाश

**नई दिल्ली।** रंगदारी न देने पर नरेला में एक महिला के घर पर गोलियां चलाने समेत चार संगीन मामलों में वांछित कुख्यात बदमाश सचिन खत्री उर्फ शिन्नी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। सचिन खत्री, रोहिणी कोर्ट में गैंगवार में मारे गए कुख्यात गैंगस्टर जितेंद्र उर्फ गोगी गिरोह का शूटर है। गिरोह के वर्तमान सरगना दीपक बाक्सर आदि बदमाशों के निर्देश पर सचिन दिल्ली-एनसीआर में रंगदारी वसूलने के लिए व्यापारियों को धमकी देने, गोलियां चलाने व अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहा था। डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक सचिन खत्री, गांव बकनेर, नरेला का रहने वाला

## बच्ची से रेप और हत्या की घटना पर फूटा आतिशी का गुस्सा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नेहरू विहार इलाके में 9 साल की बच्ची से दुष्कर्म और बाद में उसकी हत्या करने का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस घटना को कुछ स्थानीय लोगों ने अंजाम दिया। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस घटना पर दिल्ली के दो पूर्व सीएम ने जमकर गुस्सा उतारा। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा- दिल्ली में 9 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की इस घटना ने सबको झकझोर दिया है। दिल्ली की कानून व्यवस्था को बीजेपी ने बिगाड़कर रख दिया है, भाजपा की चार इंजन वाली सरकार में भी हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। गृह मंत्री अमित शाह जी और उनकी 4-इंजन वाली सरकार को जवाब देना ही होगा। दिल्ली की बेटियों को जवाब भी चाहिए और न्याय भी।

**नाराजगी जताई**

- पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस घटना को कुछ स्थानीय लोगों ने अंजाम दिया

**बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदारः आतिशी**

वहीं पूर्व सीएम आतिशी ने कहा- दिल्ली में 9 साल की बच्ची के रेप और मर्डर के लिए कौन जिम्मेदार है? बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है? भाजपा की 4 इंजन की सरकार है, फिर भी हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं? कहां हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी? कहां हैं देश के गृह मंत्री अमित शाह जी? वहीं आतिशी ने इस घटना को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को एक चिट्ठी भी लिखी है। इसमें उन्होंने दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने लिखा- दिल्ली में 9 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और हत्या की वारदात पर मैंने देश के गृहमंत्री अमित शाह जी को पत्र लिखा है।

## बकरा बेचने से मना करने पर लात घूंसे मारकर किया अधमरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी थाना क्षेत्र में बकरा बेचने से मना करना एक शख्स को काफी महंगा पड़ा। गली में ही रहने वाले युवक ने शख्स की पिटाई कर दी। जिससे वह अधमरा हो गया। पीड़ित परिवार ने घायल को पास के ही अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर देख घायल को डाक्टरों ने लोक नायक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पीड़ित का इलाज जारी है। घायल की पहचान 40 वर्षीय मन्ना के रूप में हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर आरोपितों का पता लगा रही है।

**मन्ना परिवार के साथ जहांगीरपुरी में रहता हैः** जानकारी के मुताबिक मन्ना परिवार के साथ जहांगीरपुरी के आर ब्लॉक में रहते हैं। मन्ना ने पुलिस को बताया कि वह ग्लब्स बनाने की फैक्ट्री में काम करता है। दो दिन पहले उनके एक जानकार ने उनसे बकरा बेचने के लिए कहा। उनसे मुनाफा को आपस में बांटने की बात तय हुई। उन्होंने दो बकरा बेचने के लिए दिया। वह बकरे को लेकर सी ब्लाक मार्केट में बेचने के लिए गए। इसी दौरान गली में ही रहने वाला एक युवक आजाद आया। उसने भी बकरा देने और उसे बेचने के लिए कहा। लेकिन पीड़ित ने उसका बकरा बेचने से इंकार कर दिया। आरोपित वहां से चला गया। आरोप है कि चार जून को आरोपित आजाद फिर से पीड़ित के पास आया और बकरा बेचने के लिए कहा।

**आरोपित ने उसकी पिटाई शुरू कर दीः** पीड़ित के मना करने पर आरोपित ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। आरोपित ने पीड़ित के सीने पर लात घूंसा मारने लगा।



**तलाश जारी**

- बकरा बेचने से इनकार करने पर हमला
- जहांगीरपुरी में हुई घटना
- आरोपी की तलाश जारी

## दिल्ली में कांपी धरती, रिक्टर स्केल पर 2.3 रही तीव्रता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से अधिकांश लोगों को झटके नहीं महसूस हुए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.3 रही। भूकंप का केंद्र दक्षिण पूर्व, दिल्ली में था। फिलहाल कहीं से भी जान-माल की हानि की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि करीब 1.27 बजे आया। उस समय लोग सो रहे थे, इस कारण भी झटके लोगों को महसूस नहीं हुए। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से करीब 5 किलोमीटर की गहराई में था।




**क्यों आता है भूकंप?**

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टबेंस के बाद भूकंप आता है।

## बिजली कंपनी के प्रबंधक से स्कूटी सवार बदमाश ने झपटा मोबाइल फोन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रशांत विहार थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम अपने कार्यालय के बाहर फोन पर बात कर रहे एक बिजली कंपनी के प्रबंधक से स्कूटी सवार दो बदमाशों ने मोबाइल फोन झपट लिया। इस दौरान पीड़ित सड़क पर गिर गए, जिससे उनके दोनों घुटने में चोट लगी। पीड़ित भागकर प्रशांत विहार थाना पहुंचे, जहां अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर घटनास्थल पर पहुंच आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। 54 वर्षीय किशोर कुमार प्रशांत विहार स्थित एक बिजली कंपनी के कार्यालय में प्रबंध के रूप में कार्यरत हैं। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे वह अपने कार्यालय के बाहर फोन पर बात कर रहे थे। तभी एक स्कूटी पर सवार होकर दो युवक आए। स्कूटी चला रहे युवक ने हेलमेट लगाया हुआ था। वहीं, पीछे बैठा हुआ शख्स ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले पीछे बैठा हुए शख्स ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। इस दौरान वह नीचे गिर गए, जिससे उनके हाथ और पैर में चोट लगी है। दोनों घुटने भी फूटने से खून बहने लगा। इस पूरे मामले में रोहिणी जिला पुलिस अधिकारी का कहना है कि मिली शिकायत के बाद आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपितों का पता लगाया जा रहा है।

**झपटमारी**

- प्रशांत विहार में मोबाइल झपटमारी
- बिजली कंपनी के मैनेजर घायल
- पुलिस ने मामला दर्ज किया

## दिल्ली के होटल में शख्स ने गर्लफ्रेंड को उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मध्य जिला के नबी करीम स्थित एक होटल में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की पहले पिटाई की फिर डोरी से गला घोंटकर हत्या कर दी। दोनों शनिवार दोपहर होटल में ठहरने आए थे। युवती का किसी अन्य युवक के साथ अवैध संबंध होने के शक में दोनों के बीच रविवार सुबह कमरे में झगड़ा हो गया। बात आगे बढ़ने पर युवक ने युवती को बाथरूम में लेजाकर गला घोंटकर हत्या कर दी और वारदात के बाद होटल से फरार हो गया। होटल मैनेजर ने प्रेमी जोड़े का आधार कार्ड लेकर कमरा दिया था। उक्त पहचान पत्र के जरिये युवक की पहचान कर नबी करीब थाना पुलिस ने उसे वारदात के दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। युवती के शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोक नायक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है ताकि मौत के सही कारण का पता लगाया जा सके।



**नबी करीम थाना पुलिस को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई :** डीसीपी निधिन वलसन का कहना है कि गिरफ्तार किए गए हत्या आरोपित का नाम सचिन है। वह मलकागंज, सब्जी मंडी स्थित कबीर बस्ती का रहने वाला है। मरने वाली युवती का नाम सारिका है। वह बुराड़ी, संतनगर की रहने वाली थी। रविवार सुबह 9.47 बजे नबी करीम थाना पुलिस को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। आराकाशन रोड स्थित एक होटल के कर्मचारी ने बताया कि एक प्रेमी जोड़ा रात भर कमरे में रुका था। सुबह पुरुष गायब पाया गया, जबकि युवती बाथरूम में मृत पाई गई। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच से पता चला कि दोनों शनिवार दोपहर सवा चार बजे होटल में आए थे। युवक को अंतिम बार रविवार सुबह आठ बजे होटल परिसर से अकेले निकलते हुए देखा गया। इसके बाद होटल के कर्मचारियों ने युवती को बाथरूम में मृत पाया। प्रारंभिक जांच से पता चला कि डोरी के जरिये युवती का गला घोंटा गया। दोनों ने शनिवार शाम छह बजे के आसपास पिज्जा और लस्सी का आर्डर दिया था।

### जमा किए गए दस्तावेज से दोनों की पहचान की गई

**होटल** रिसेप्शन पर जमा किए गए दस्तावेज से दोनों की पहचान की गई। घटनास्थल पर क्राइम टीम को बुलाकर गहन निरीक्षण कराया गया। घटनास्थल से तस्वीरें ली गईं और साक्ष्य जब्त किए गए। इसके बाद एडिशनल डीसीपी प्रशांत चौधरी, एसीपी संजय सिंह व इंस्पेक्टर आशीश डलाल की टीम ने छापेमारी कर सचिन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसकी युवती से कई साल से दोस्ती थी। उसे शक था कि उसकी प्रेमिका का किसी और युवक से भी अवैध संबंध है। जब दोनों मिले तो इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और उसने पहले युवती की पिटाई की और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। युवती अपनी सहेली के घर रूकने की बात बताकर होटल में ठहरने आई थी।

# कुरुक्षेत्र को जानेंगे योग की भूमि के रूप में: सैनी

कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले योग महाकुंभ में पहुंचेंगे एक लाख से ज्यादा योग साधक,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूएनओ में रखे गए प्रस्ताव को सहमति देकर 177 देशों ने योग को अपनाया, कुरुक्षेत्र का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक और भव्य,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर पार्षदों,सरपंचों व धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से योग दिवस को लेकर किया सीधा संवाद

**साधक**

कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा योग साधक पहुंचेंगे





टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को विश्व के मानचित्र पर योग भूमि के रूप में भी जानेंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की तरफ से 21 जून को कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा योग साधक पहुंचेंगे। इतना ही नहीं 21 जून को योग दिवस पर पूरे प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुड़ेंगे। इन ऐतिहासिक और यादगार लम्हों को विश्व के कोने-कोने में देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर के सभागार में जिला प्रशासन की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर संस्थाओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर और मेला क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा प्रबंधों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, पतंजलि योगपीठ के केन्द्रीय प्रभारी राकेश से फीडबैक लेकर चर्चा की है। इस योग महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प दिलवाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब देश में स्वच्छता और योग होगा तो देश गति के साथ विकसित भारत की तरफ बढ़ेगा। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को प्रदेश में 27 मई से स्वच्छता अभियान चलाकर शुरू कर दिया गया है, 21 जून के आयोजन के लिए योग की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब यूएनओ में योग का प्रस्ताव रखा तो 177 देशों ने इस पर अपनी सहमति दी और हमारी धरा से निकाला योग विश्व में हर जन-जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने योग पद्धति को पूरी दुनिया में फैलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम ऐतिहासिक और भव्य होना चाहिए। योग किसी एक व्यक्ति या एक विचार का कार्यक्रम नहीं है। योग में हमारी प्राचीन विचारधारा सम्मिलित है, ऋषियों ने हमें उपहार के तौर पर योग और ध्यान दिया है। योग करने से मनुष्य हष्ट-पुष्ट रहता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग को लेकर योग ऋषि स्वामी रामदेव ने योग को बनाए रखने का काम किया है। अब ऐसा ऋषि का भगवान श्रीकृष्ण की धरा धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 21 जून को आना कुरुक्षेत्र वासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि योग दिवस को लेकर राष्ट्र धीम एक पृथ्वी एक स्वस्थ है। जबकि प्रदेश में इसके साथ योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा को जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बीच में लोगों की सोच बीमारी दूर करने के लिए एक गोली लेकर काम चलाने की हो गई थी, लेकिन जब पता चला कि योग से उन बीमारियों को तहस-नहस किया गया है जिन्हें गोलियां रोक भी नहीं सकती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें हमारे युवाओं को नशे की तरफ धकेलने का प्रयास कर रहीं हैं। युवा पीढ़ी के भविष्य को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। इसको रोकने के लिए योग को बनाकर नशे से दूर करना होगा, क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी को नुकसान होन का मतलब देश के विकास की गति को आगे बढने.से रोकना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश का कल्चर तो शुरू से अलग रहा है। यहां पर कहावत है कि देशां म्य देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर पार्षदों, सरपंचों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और कुरुक्षेत्र वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि 21 जून को सभी अपनी निंद्रा को छोड़कर सुबह 4 बजे ब्रह्मसरोवर व मेला ग्राउंड में पहुंचकर योग के इस महान यज्ञ में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़े और जिसको जो जिम्मेदारी दी जाएगी को प्रमुखता के साथ निभाने का काम करें। उन्होंने कहा कि ये केवल मात्र योग दिवस नहीं है बल्कि एक मेला है। जिस प्रकार हम दीपावली, होली, भाईदूज जैसे त्योहारों को मनाते हैं, इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भी उसी प्रकार मनाया जाए।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए योगाभ्यास करते हुए।

## स्टार्टअप प्रोत्साहन योजना की समय सीमा बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 तक कर दी गई: राव

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के आज के युग में युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप पालिसी क्रियान्वित की है, जिसके तहत स्टार्टअप को अनेक प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्योग विभाग ने निर्णय लिया है कि हरियाणा के जो स्टार्टअप विभिन्न योजनाओं जैसे कि लीज रेंटल सब्सिडी स्कीम, पेटेंट लागत प्रतिपूर्ति स्कीम, शुद्ध राज्य जीएसटी प्रतिपूर्ति स्कीम तथा काउड स्टोरेज स्कीम के लिए प्रतिपूर्ति अपने आवेदन जमा नहीं करा पाए, उनके लिए एक मुश्त छूट देते हुए समय सीमा बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 तक कर दी गई है।

## ज्योति मल्होत्रा और जसवीर के बचाव में आया नासिर



**दावा**

नासिर ने दावा किया है कि जसबीर सिंह बेकसूर है। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि वह ज्योति से कभी नहीं मिला

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार रोपड़ (पंजाब) के यूट्यूबर जसबीर सिंह और हिसार निवासी यू ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के बचाव में आई एस आई एजेंट आया है। पाकिस्तान का यूट्यूबर नासिर ढिल्लों ने दावा किया है कि जसबीर सिंह बेकसूर है। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि वह ज्योति मल्होत्रा से कभी नहीं मिला।

उसने कहा आरोप लगाया जा रहा है कि मैंने पाकिस्तान सेना के अधिकारियों से ज्योति और जान महल को मिलाया, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है, क्योंकि मैं वहां नहीं था। मैं जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं। मेरे दोनों मोबाइल की जांच कर लो। हालांकि, ढिल्लों ने कहा कि वहट्सऐप पर उसकी जसबीर सिंह से बातचीत हुई। उसने बातचीत के अंश भी चैनल पर पेश किए। उसने यह भी माना है कि उसने कुछ समय पहले हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति का पॉडकास्ट किया था। नासिर ढिल्लों पर आरोप है कि वह पूर्व पुलिसकर्मी है और आजकल आई एस आई एजेंट के रूप में काम करता है। वह इंडियन यूट्यूबर्स और ब्लॉगर्स को अपने जाल में फंसाकर उनसे खुफिया जानकारी हासिल करता है।

, जसबीर सिंह को शनिवार को पुलिस ने मोहाली जिला अदालत में पेश किया था। अदालत से उसे 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। हालांकि, अदालत के बाहर जसबीर के वकील ने कहा था कि पुलिस ने अदालत में नासिर ढिल्लों का कोई जिक्र नहीं किया।

: नासिर ने अपने सोशल मीडिया पर 30 मिनट का एक वीडियो अपलोड किया है। इसमें उसने कई सफाई दी हैं। उसने कहा- मैं ज्योति से आज तक नहीं मिला। ज्योति ने मुझसे कहा था कि मैं उसका ऑनलाइन पॉडकास्ट करूं, इसलिए, मैंने उसका पॉडकास्ट किया। जब जसबीर सिंह पाकिस्तान आया था, तब मैं एक फिल्म की शूटिंग में व्यस्त था, इसलिए उससे भी मुलाकात नहीं हो पाई। हालांकि, मैं जसबीर को जानता हूं और वॉट्सऐप पर बातचीत भी होती है।

## फिर छलका दादा गौतम का दर्द, बोले सांसद, विधायक की अहमियत नहीं

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ।** दादा के नाम से संबोधित किए जाने वाले हरियाणा के जींद जिले की सफीदों विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने फिर एक बार अपना दर्द बया किया है। उन्होंने कहा कि आज सांसद और विधायक की कोई इज्जत नहीं बची। विधायक के पास आज कुछ नहीं है, बस घूम फिरकर आ जाते हैं। काम कराने की पावर ही नहीं है। 2024 में विधानसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी से इस्तीफा देने पर गौतम ने कहा कि विधायक को पहले इस्तीफा देना पड़ता है, इसके बाद पार्टी छोड़नी पड़ती है। मगर, मैंने पहले पार्टी छोड़ी। इस्तीफा देने का कारण पार्टी का एक गलत फैसला था। इसे लेकर मैं नाराज था। जजपा ने उनसे ही समझौता कर लिया, जिसने पहले पार्टी को खत्म किया था।

उन्होंने कहा 2014 से पहले ये नहीं पता था कि देश पाकिस्तान है या हिंदुस्तान । रामकुमार गौतम जींद के पिल्लूखेड़ा में भगवान परशुराम सेवा समिति की तरफ से आयोजित अभिनंदन समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पूरी हुकूमत 2014 में आई थी। उस समय नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। 2014 से पहले यही नहीं पता था कि यह देश, पाकिस्तान है या हिंदुस्तान। नरेंद्र मोदी ने दुनिया को यह एहसास करवा दिया कि यह पाकिस्तान नहीं है, यह देश हिंदुस्तान है। धारा-370 को तोड़ना, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक को खत्म करना महत्वपूर्ण कार्य है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया।

## बिना भेदभाव काम करना भाजपा सरकार की कार्य संस्कृति : पंडित मोहन लाल बड़ौली

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को सोनीपत में बाबा गुरु गोरखनाथ धाम और व्हाइट लिली सोसाइटी स्थित मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने श्रद्धा भाव से माथा टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगल कामना की। इस मौके पर श्री बड़ौली ने लोगों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक विषयों पर बातचीत की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के शासन में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता। बिना भेदभाव के काम करना ही भाजपा सरकार की कार्य संस्कृति है। उन्होंने कहा कि



जनसेवा का मार्ग तभी सार्थक होता है जब हम जनता के बीच रहकर उनकी भावनाओं को समझें और मिलकर समाधान निकालें। हर मुलाकात, हर चर्चा एक नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि जनता के सुझाव ही हमारी नीति और नीयत की दिशा तय करते हैं।

सोनीपत स्थित गुरु गोरखनाथ धाम में माथा टेकने के बाद उन्होंने कहा कि सदियों से गुरु गोरखनाथ जी की तपोभूमि अध्यात्म, साधना और सेवा का प्रतीक रही है। धूनियों में तपस्या में लीन तपस्वी संत जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना एक अलौकिक अनुभव रहा। श्री बड़ौली ने कहा कि साधु-संतों का आशीर्वाद हमारे प्रदेश को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं यही कामना करता हूं कि गुरुओं के आशीष से देश और प्रदेश में शांति, सौहार्द, विकास और धर्म की पताका सदैव फहराती रहे।

श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति पर चलने वाली राजनीतिक पार्टी है। बिना किसी भेदभाव के काम करके सनातन संस्कृति को आगे बढ़ा रही हैं। हमारे लिए संतों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कई योजनाओं के जरिए संत, महात्माओं के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

## नई तकनीक अपनाएं किसान- रणबीर गंगवा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि घटती जोत एवं बदलते मौसम के अनुरूप किसानों को पारंपरिक खेती की जगह अधिक से अधिक नई तकनीकी व वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जरूरत है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर खेती की नवीनतम तकनीक को अपनाएं और अपनी आमदनी बढ़ाएं। पौधों से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री आज भिवानी के गांव मंढाण में ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी के उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मंत्री ने विभिन्न प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति वचनबद्ध है। केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, वहीं प्रदेश में अधिकतर फसलें एमएसपी के भाव पर खरीदी जा रही हैं। उन्होंने ने कहा कि खेती में नई तकनीकों को अपनाएं, ताकि प्रदेश के किसान भी उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हों और उनकी आय में वृद्धि हो। इस प्रकार की नई- नई तकनीकों से न सिर्फ किसानों को लाभ होगा बल्कि प्रदेश में भी बागवानी के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनेगी। उन्होंने किसानों से अपील कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर बाजार की मांग के अनुसार खेती करें।



## प्रदेशभर में विशेष योग पखवाड़ा कार्यशाला में 1,37,468 लोगों ने किया योगाभ्यास

**चंडीगढ़-** हरियाणा सरकार ने प्रदेश को एक स्वस्थ, नशामुक्त और पर्यावरण-संवेदनशील राज्य बनाने की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में खेल विभाग, आयुष विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग तथा पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में विशेष योग पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश में अब तक लगभग 9.50 लाख प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की जा चुकी है। आज प्रदेशभर में 1,37,468 लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया तथा 2,640 पौधे लगाए गए।

## नए जिलों के गठन के लिए बनी कैबिनेट सब कमेटी की बैठक 15 को

**रिपोर्ट**

जातिगत जनगणना के केंद्र सरकार के ऐलान के बाद नए जिले बनाने का फैसला टलने के आसार है

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ।** हरियाणा में 5 नए जिले बनाने के मुद्दे पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए गठित कैबिनेट सब कमेटी की आखिरी बैठक आगामी 15जून को प्रस्तावित की गई है। हालांकि जातिगत जनगणना के केंद्र सरकार के ऐलान के बाद नए जिले बनाने का फैसला टलने के आसार है। नए जिले बनाने का फैसला टलने की संभावना के पीछे जो 4 वजहें बताई जा रही हैं उनमें जातिगत जनगणना प्रमुख है। नए जिलों को बनाने का काम सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी को दिया है। कमेटी ने इसे लेकर 15 जून, को आखिरी बैठक बुलाई है, जिसमें नए जिलों के निर्माण की अंतिम रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेज दी जाएगी। प्रदेश में अभी 22 जिले हैं। जिन नए जिलों को बनाने की तैयारी है, उनमें हिसार का हांसी, सिरसा का डबवाली, करनाल का असंध, जींद का सफीदों और सोनीपत का गोहाना शामिल है। इनमें हांसी और डबवाली पहले ही पुलिस जिले बनाए जा चुके हैं।

इसके अलावा गुरुग्राम के मानेसर को भी जिला बनाने की मांग उठी है। हालांकि, इसके पूरे दस्तावेज न पहुंचने से इस पर अगली बैठक में फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में नए डिवीजन, सब डिवीजन और तहसीलों के प्रस्ताव पर भी इसी बैठक में चर्चा होगी। हरियाणा के नए जिलों के बनने में देरी की सबसे बड़ी वजह जाति जनगणना हो सकती है। केंद्रीय कैबिनेट की हाल ही में हुई बैठक में फैसला लिया गया है कि जल्द ही जाति जनगणना शुरू की जाएगी।

## राज्यपाल के कार्यकाल विस्तार सम्बन्धी आर.टी.आई. पर गृह मंत्रालय ने नहीं दी सूचना

**सूचना**

आर.टी.आई. याचिका दायर होने के एक सप्ताह बाद 4 दिसम्बर 2024 को उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को ट्रांसफर कर दिया

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ।** हरियाणा के मौजूदा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, जिन्हें सर्वप्रथम सितम्बर, 2019 में हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया था जिसके बाद जुलाई, 2021 में उन्हें स्थानांतरित कर हरियाणा का राज्यपाल बनाया गया, का पांच वर्ष का कार्यकाल (हिमाचल और हरियाणा दोनों राज्यों को मिलाकर) सितम्बर, 2024 में पूरा हो गया था. अब क्या उन्हें उसके बाद देश के राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल के तौर पर ताजा कार्यकाल प्रदान दिया गया था अथवा आगामी आदेशों तक विस्तार (एक्सटेंशन) प्रदान किया गया, इस बारे में न तो देश के राष्ट्रपति सचिवालय और न ही केंद्रीय गृह मंत्रालय से आधिकारिक सूचना प्रदान की गई है.

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और संवैधानिक मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने गत वर्ष 27 नवम्बर 2024 को राष्ट्रपति सचिवालय में एक ऑनलाइन आर.टी.आई. याचिका दायर कर सूचना मांगी थी कि राज्यपाल के तौर पर पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद बंडारू दत्तात्रेय को देश के राष्ट्रपति द्वारा ताजा कार्यकाल प्रदान किया गया अथवा एक्सटेंशन दिया गया है चूँकि देश के संविधान के अनुच्छेद 156(3) में उल्लेख है कि राज्यपाल अपने पदग्रहण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा. बहरहाल, राष्ट्रपति सचिवालय ने आर.टी.आई. याचिका दायर होने के एक सप्ताह बाद 4 दिसम्बर 2024 को उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को ट्रांसफर कर दिया।

## नहरों में लगाई पाइप को लेकर सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

**संज्ञान**

घग्घर नदी से निकलने वाली नहरों की पाइपलाइनों को हटाने से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर संज्ञान लेने की मांग की

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर रानियां क्षेत्र में घग्घर नदी से निकलने वाली नहरों की पाइपलाइनों को हटाने से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। सांसद ने कहा है कि बरसाती नहरों के पानी के वितरण के लिए स्पष्ट और तर्कसंगत नीति बनाई जाए ताकि सभी किसानों को एक समान पानी पहुंचाने के लिए बाराबंदी लागू की जाए। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि पाइप हटाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और किसानों के लिए व्यवहारिक एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जाए।



इसके साथ ही उन्होंने मानसून से पूर्व आवश्यक तटबंधों की मरम्मत तुरंत शुरू करवाने और किसानों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि सिरसा जिले, विशेषकर रानियां क्षेत्र में, जल विवाद गहरा गया है। प्रशासन मौसमी खरीफ चैनलों - सहदेवा, मम्मार और रत्ताखेड़ा - में अवैध पाइपलाइनों और जल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इन चैनलों का निर्माण मुख्यतः अंतिम छोर के गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किया गया था।

हाल के दिनों में सिंचाई विभाग द्वारा अर्थमूविंग मशीनों से पाइपलाइनें हटाने से क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अधिकारियों का दावा है कि ये अवैध संरचनाएं बारिश के पानी को चैनलों के अंत तक पहुंचने से रोक रही थीं। वहीं टेल-एंड गांवों के किसानों ने भी पानी न मिलने की शिकायत की थी। कुमारी सैलजा ने यह भी कहा है कि मानसून का समय नजदीक होने के बावजूद अब तक तटबंधों की मरम्मत का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे बाढ़ की स्थिति में फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान हो सकता है। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि बरसाती नहरों के जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, तर्कसंगत और सर्वसमावेशी नीति तैयार की जाए ताकि बाराबंदी प्रणाली के माध्यम से ऊपरी गांवों से लेकर अंतिम छोर तक सभी किसानों को समान रूप से पानी मिल सके।

# स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने 3 करोड़ 36 लाख की तीन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

समर्पित

20 लाख रुपये की सीवर क्लीनिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर जनता को किया समर्पित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को घरौंडा में 3 करोड़ 36 लाख रुपये की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने 20 लाख रुपये कीमत की सीवर क्लीनिंग मशीन को भी हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया। स्पीकर ने सीएचसी घरौंडा, पुरानी तहसील और वार्ड.17 में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य में घरौंडा हलके को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर 70 लाख रुपए की लागत आएगी और निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा 9 महीने में पूरा कराया जाएगा। यूनिट शुरू होने के बाद यहां उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आने वाले सभी नमूनों (सैंपल)की जांच हो सकेगी। इसके अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण भी होगा।

स्पीकर ने घरौंडा के बीडीपीओ कार्यालय के नजदीक वार्ड-4 में चिल्ड्रन पार्क व लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। करीब एक एकड़ में बनने वाले इस पार्क में पर ढाई करोड़ रुपये खर्च होंगे और इसे एक साल में तैयार कर लिया जाएगा। उन्होंने वार्ड-17 की अशोका कॉलोनी में रघुवंश सैनी समाज सेवा समिति के अंतर्गत हाल के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। सरकार की ओर से इसके लिए 17 लाख रुपये की ग्रांट दी गई है।

उन्होंने चिल्ड्रन पार्क को शहर की एक बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि इसके लिए सबसे पहले सुभाष गुप्ता ने सुझाव दिया था। पार्क के लिए जमीन लेने में कुछ समय लग गया। तकनीकी दिक्कतों को दूर करते हुए विकास के प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने में कई बार वक्त लग जाता है। शहर के लिए यह पार्क बड़ी सौगात है। पार्क की मांग काफी पुरानी थी। उन्होंने बताया कि इस पार्क में ओपन जिम, योग के लिए बड़ा शैड, एक्टिविटी के लिए हाल और लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को पार्क में बुजुर्गों के लिए रैंप की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। पार्क का दुरूपयोग न हो, इसके लिए कुछ नियम भी तय करने के लिए कहा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज घरौंडा हर दिशा में आगे बढ़ रहा है। छह महीने बाद रिंग रोड और मेडिकल यूनिवर्सिटी भी शुरू हो जाएगी। रैपिड रेल प्रोजेक्ट पूरा होने से यहां के युवाओं को दिल्ली तक आने.जाने में सुविधा मिलेगी। प्रोजेक्ट के तहत पानीपत और करनाल के बीच तीन स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके बाद हलके की तस्वीर ही बदल जाएगी। औद्योगिक इकाइयों के आने से युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। विकास के मामले में जिस प्रकार नरेंद्र मोदी देश को नई बुलंदियों पर पहुंचा रहे हैं, उसी तरह हरियाणा भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, सचिव रवि प्रकाश शर्मा, एमई संदीप राठी, एक्सईएन पब्लिक हैल्थ संजय शर्मा, एसडीओ रवींद्र सैनी, जेई अंकित छौक्कर, पार्ष अनुज गुप्ता, उप सिविल सर्जन डा. रवींद्र संधू, डा.मुनीष गोयल, डा. विनोद गोयल, वार्ड 17 के पार्षद संजीव पाल, रघुवंश सैनी समाज सेवा समिति के प्रधान कली राम आदि मौजूद रहे।

# बिना भेदभाव काम करना भाजपा सरकार की कार्य संस्कृति : पं. मोहन लाल बड़ौली

बातचीत

बड़ौली ने लोगों से मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक विषयों पर बातचीत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।। संजीव कौशिक।।**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को सोनीपत में बाबा गुरु गोरखनाथ धाम और व्हाइट लिली सोसाइटी स्थित मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने श्रद्धा भाव से माथा टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगल कामना की। इस मौके पर श्री बड़ौली ने लोगों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक विषयों पर बातचीत की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के शासन में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता। बिना भेदभाव के काम करना ही भाजपा सरकार की कार्य संस्कृति है। उन्होंने कहा कि जनसेवा का मार्ग तभी सार्थक होता है जब हम जनता के बीच रहकर उनकी भावनाओं को समझें और मिलकर समाधान निकालें। हर मुलाकात, हर चर्चा एक नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि जनता के सुझाव ही हमारी नीति और नीयत की दिशा तय करते हैं। सोनीपत स्थित गुरु गोरखनाथ धाम में माथा टेकने के बाद उन्होंने कहा कि सदियों से गुरु गोरखनाथ जी की तपोभूमि अध्यात्म, साधना और सेवा का प्रतीक रही है। धूनियों में तपस्या में लीन तपस्वी संत जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना एक अलौकिक अनुभव रहा। श्री बड़ौली ने कहा कि साधु-संतों का आशीर्वाद हमारे प्रदेश को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं यही कामना करता हूं कि गुरुओं के आशीष से देश और प्रदेश में शांति, सौहार्द, विकास और धर्म की पताका सदैव फहराती रहे।

श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति पर चलने वाली राजनीतिक पार्टी है। बिना किसी भेदभाव के काम करके सनातन संस्कृति को आगे बढ़ा रही हैं। हमारे लिए संतों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कई योजनाओं के जरिए संत, महात्माओं के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

# गन्नौर में लहरी सिंह पार्क व नगरपालिका पार्क में आवारा पशुओं से परेशान है लोग




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर में लहरी सिंह पार्क व नगरपालिका पार्क में आवारा पशुओं से इन दिनों लोग परेशान है । शहरवासियों का कहना है कि ये हॉल जब रहता है जब नगरपालिका टैंडर लगाकर प्रति महीने देख रेख पर नगरपालिका हर माह 45 हजार रुपए खर्च रही है। शहर के बीचों-बीच स्थित लहरी सिंह पार्क प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ घूमने के लिए आते हैं।

लेकिन पिछले कुछ समय से आवारा पशुओं की समस्या बढ़ती जा रही है। कई बार पार्क में आवारा कुत्तों, गायों और अन्य पशु घुस जाते हैं, जो न केवल पार्क की सुंदरता को खराब कर रहे है, बल्कि लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बन रहे है। नगरपालिका व लहरी सिंह पार्क में आवारा पशुओं के घुसने की समस्या गंभीर है।

ार्क में आवारा कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है, जो बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरनाक हो सकता है। इसके अलावा, आवारा गायें भी पार्क की हरियाली को खराब कर रही हैं। इन पशुओं की उपस्थिति के कारण बच्चे खेल नहीं पाते और लोग टहलने से भी कतराते हैं। कई बार तो पशु आपस में लड़ पड़ते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

देखरेख की जिम्मेदारी नगर पालिका के ठेकेदार की है : सचिव

--- नगर पालिका के सचिव ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पार्क की देखरेख के लिए नगर पालिका द्वारा टेंडर दिया गया है और पार्क की देखरेख की जिम्मेदारी ठेकेदार की है । पार्क में आवारा पशु घुसने की शिकायत है तो नगरपालिका उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी ।

# दो युवकों पर बाइक सवार पांच युवको ने हमला कर किया घायल

**रादौर(कुलदीप सैनी) :** बाइक सवार दो युवकों पर पांच युवको ने हमला कर दिया। जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। हमलावर हमला करने के बाद मौके से फरार हो गए। हमले का आरोप योवन अलाहर, निकेत, दिशु व दो अन्य पर लगा है। पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव जुब्बल निवासी हिमांशु ने बताया कि वह अपने दोस्त आयुष को साथ लेकर अलाहर गए थे। वहां से वह अपने दोस्त वंश के साथ जठलाना गए। जठलाना से जब वह वापिस आए तो उन्होंने अपने दोस्त वंश को अलाहर में छोड़ दिया। जब वह अलाहर से अपने गांव जुब्बल की ओर चले तो दो बाइको पर पांच नकाबपोश युवक आए और उन पर हमला कर दिया।

# स्पीकर की सादगी-दोपहर में पेड़ के नीचे बैठ सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने भले ही हरियाणा विधानसभा की नई जिम्मेदारी संभाल ली हो, लेकिन हलके के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना और समाज सेवा का जज्बा उनकी शख्सियत में झलकता है। ज्येष्ठ के महीने की तपती गर्मी में रविवार को जब वह आमजन की समस्याएं सुनने के लिए घरौंडा के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह पहुंचे तो पेड़ के नीचे ही समस्याओं को सुनने के लिए बैठ गए। उन्होंने गर्मी की परवाह नहीं की, बल्कि मिलने आए लोगों की संवेदनाओं को समझा। तपती दोपहरी में उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। लोग बिजली, सड़क, ट्यूबवैल लगवाने जैसी समस्याओं को लेकर उनके पास पहुंचे थे। राजेंद्र नामक व्यक्ति ने बसताड़ा में नाला पक्का करवाने की मांग की। इस बारे में स्पीकर ने पीडब्ल्यू अधिकारियों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। कुछ ग्रामीणों ने वजीदा रेलवे स्टेशन के पास सब-मर्सिबल पंप लगवाने की गुहार लगाई। इस पर उन्होंने अधिकारियों को मौके का मुआयना कर उचित कार्यवाही के लिए कहा। कुछ लोग निजी शिकायतें लेकर भी पहुंचे। इसके बाद उन्होंने एसडीएम, नगर पालिका सचिव और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर हलके व शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, नगरपालिका सचिव हैप्पी लक गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, मंडल सचिव भारती, रीना अटवाल, समाजसेवी पुरूषोत्तम सेठी, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 60 आयु वर्ग में प्रथम हर ज्ञान मलिक द्वितीय आर्य महिपाल सिंह और तृतीय स्थान पर आजाद सिंह दांगी ने बाजी मारी



**सोनीपत /टीम एक्शन इंडिया**
रविवार को आयुष विभाग, शिक्षा विभाग और खेल विभाग के तत्वाधान में शनि मंदिर सोनीपत के समीप एस-एम हिंदू स्कूल के हाल में सोनीपत जिले के आँठो ब्लॉकों की योग प्रतियोगिता हुई प्रतियोगिता की अध्यक्षता जिला योग समन्वयक अधिकारी डॉ विनोद कुमार और मार्गदर्शन नोडल अधिकारी डॉ संजय शर्मा का रहा निर्णायक मंडल में डॉक्टर संगीता जिला योग विशेषज्ञ और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी राम अवतार सिंह डॉक्टर तेजवीर खोखर, डीपी दहिया डॉक्टर सुचिता का रहा हरियाणा प्रदेश भर से हर आयु वर्ग के योग साधक जो प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए हैं वे 15 जून को करनाल में होने वाले राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं और जो प्रदेश में पहले स्थान पर आएंगे उनको 21 जून को सम्मानित किया जाएगा इस मौके पर योग शिक्षक वीरभान मोर ,कुलदीप गहलावत ,सज्जन सिंह सैनी तथा बबीता सांगवान आदि भी अलग-अलग आयु वर्ग में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे इस मौके पर सैकड़ो योग साधकों ने भाग लिया

### भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर ने सैनिकों के लिए गन्नौर में सीएसडी कैंटीन खोलने की सरकार से मांग की

**गन्नौर।** भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की मासिक बैठक रविवार को नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक की अध्यक्षता में केडी नगर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। सभा का संचालन कैप्टन सतबीर सिंह दहिया ने किया । बैठक में ब्रिगेडियर यशपाल सिंह डायरेक्टर पार्क अस्पताल पानीपत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । बैठक में नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक ने बताया कि 4 जून को संगठन के पदाधिकारी ने गन्नौर में सीएसडी कैंटीन खोलने की चंडीगढ़ में वेटरनरी सेल के इंचार्ज ब्रिगेडियर रोहित से मुलाकात कर कैंटीन खोलने की मांग की। नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक ने कहा कि हमारा संगठन पिछले 8 वर्षों से गन्नौर में सीएसडी कैंटीन खोलने की मांग कर रहा है लेकिन सीएसडी कैंटीन खोलने के लिए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई हैं। संगठन को सरकार की तरफ से भी कोई कैंटीन खुलने का आश्वासन नहीं मिला है । उन्होंने कहा कि गोहाना व खरखोदा में सीएसडी कैंटीन पूर्व सैनिकों के लिए सुविधा उपलब्ध है , लेकिन गन्नौर में कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है । उन्होंने कहा कि सोनीपत की सीएसडी कैंटीन पर वेटरन की संख्या ज्यादा होने से सामान लेने की मारामारी रहती है तथा काफी संख्या में वेटरन तथा वीर नारी को सामान लेने में परेशानी का सामना करना पड़ता है । मलिक ने कहा कि सोनीपत कैंटीन में सामान लेने जाने के पर पूरा दिन खराब हो जाता है। सामान के लिए लंबी लाइन लग जाती है ।

# निजी कंपनियों के माध्यम से किसानों की जमीनें छीनने का प्रयास कर रही है सरकारः रतनमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि देश व प्रदेश में किसानों की जमीने जबरने छीनने का प्रयास किया जा रहा है। बड़ी बड़ी कंपनियों को आगे कर सरकार यह कार्य कर रही है। यह कार्य किसान विरोधी कार्य है। जिसके विरोध में प्रदेश के किसान सोमवार नौ जून को करनाल में एकत्रित होंगे और सरकार के खिलाफ रोष मार्च निकालेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान गांव धौड़ग में भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने किसानों को संबोधित किया और करनाल में होने वाले रोष मार्च का निमंत्रण भी किसानों को दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने की। इस अवसर पर रत्तनमान ने कहा कि करनाल में 10-12 किसानों की जमीनों पर जबरन एक कंपनी द्वारा कब्जा किया जा रहा है। जिस पर रेत खनन का गोदाम बनाने का प्रयास हो रहा है। जब किसान इसका विरोध कर रहे थे तो उन किसानों के साथ न केवल अभद्र व्यवहार किया गया बल्कि उन पर गोलियां चलाने की धमकी दी गई। भारतीय किसान यूनियन इसका पुरजोर विरोध करेगी।

# प्रोत्साहन राशि न मिलने पर भाकियू ने रोष प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

आगाज

किसानों ने कृषि मंत्री श्यामसिंह राणा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की मांगे पूरी करने की मांग की।



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप के सदस्यों ने किसानों को डीएसआर योजना व फसल अवशेष न जलाने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि न मिलने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना के नेतृत्व में किसान अनाज मंडी परिसर में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के कार्यालय पर पहुंचे। जहां किसानों ने कृषि मंत्री श्यामसिंह राणा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की मांगे पूरी करने की मांग की। जिस पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर प्रमुखता से कार्रवाई की जाएगी और प्रयास किया जाएगा कि किसानों की इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि फसल अवशेषों को खेत में न जलाने को लेकर सरकार की ओर से किसानों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने की योजना है। ताकि किसान जागरूक हो और फसल अवशेषों को जलाने से बचे। लेकिन सरकार खुद ही इस योजना का बंटाधार कर रही है। अभी तक किसानों को पिछले वर्ष की फसल अवशेष न जलाने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि भी नहीं मिल पाई है। वहीं धान की रोपाई में डीएसआर विधि का उपयोग करने वाले किसानों को भी सरकार ने प्रोत्साहन देने की योजना चलाई है। लेकिन यहां भी सरकार व कृषि विभाग की लेटलतीफी देखने को मिल रही है। गत वर्ष के लाभार्थी किसानों को इस योजना का पैसा नहीं मिल पाया है। जबकि इस वर्ष की धान की रोपाई का सीजन शुरु हो चुका है। ऐसे में सरकार खुद ही अपनी योजनाओं से किसानों को मोहभंग करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष न जलाएं जाए इसके लिए कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है। इन कृषि यंत्रों को चलाने के लिए ट्रैक्टर की आवश्यकता होती है। लेकिन उस पर सरकार की ओर से सब्सिडी नहीं दी जाती। इसलिए सरकार को ट्रैक्टर को भी सब्सिडी योजना में शामिल करना चाहिए। पशुपालकों के लिए सरकार की ओर से पशु बीमा योजना शुरू की गई है। लेकिन यह योजना भी बंद पड़ी हुई है। गर्मी के मौसम में पशुओं में बीमारियां बढ़ती है। ऐसे में इस योजना को दोबारा शुरू किया जाना चाहिए। जिला मुख्यालय पर किसान भवन या किसान विश्राम गृह का निर्माण करवाया जाना चाहिए। पंचकूला हाइवे पर गांव हरनौल व सुढल के समीप ओवरब्रिज बनाए जाने की जरूरत है। इसके अभाव में हादसे बढ़ रहे है। ट्यूबवेल कनेक्शन पर स्वैच्छिक लोड बढ़वाने की योजना में मीटर लगाने की शर्त को हटाया जाना चाहिए। किसानों के खेतों में लगने वाले बिजली के बड़े टावरों व तारों की लाइनो का मुआवजा दिल्ली सरकार की तर्ज पर मिलना चाहिए।

# हारा हूं गुरुवार पर तुझ पे भरोसा है जीतूंगा एक दिन मेरा दिल ये कहता है : रोहित मुनि



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पूज्य गुरुदेव व्याख्यान वाचस्पति श्री श्री 1008 मदन लाल जी महाराज के सुशिस्य उत्तर भारत की जैन धर्म की आन बाण और शान के मालिक त्यागी , तपस्वी भक्तों के भगवान परम पूज्य परम श्रद्धेय संघ शास्ता शासन प्रभावक गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज एवं प्रज्ञा महर्षि भगवन श्री रामप्रसाद जी महाराज की यादों को संजोय हुये वर्तमान जैन समाज के कई सैकड़ों श्रद्धालुओं को अपने मधुर प्रवचन से मंत्रमुग्ध करते हुये श्री रोहित मुनि जी महाराज ने आज के विषय "भगवान , सुदर्शन उपकार दिवस" पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि एक बार गुरुदेव श्री सुदर्शन लक जी महाराज एवं भगवन श्री रामप्रसाद जी महाराज इक्कठे बेठे हुये थे अपने मन कि बात कर रहे थे । भगवन श्री रामप्रसाद जी महाराज ने श्री सुदर्शन लाल जी महाराज को कहा की आपकी आवाज तो बड़ी तेज है।

तब सुदर्शन लाल जी म ने कहा कि मेरी तो आवाज तेज है, परंतु आपकी वाणी में जादू है आप लोगो के दिमाग हिला देते हो। तब भगवन श्री ने कहा की आप लोगो के दिलों में बस्ते हो।

उन्होंने आगे कहा की उन दोनों गुरुओं की जोड़ी महान थी दोनों ही गुरुदेव लोगो के दिलों और दिमाग में बसते थे, बसते है , और बसते रहेंगे । इसलिये अपने आराध्य गुरुओं पर भरोसा रखो हर प्रकार से भरपूर हो जाओगे। श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा अग्रवाल मंडी पानीपत के अध्यक्ष गौतम जैन ने जानकारी देते हुए बताया की संघ शास्ता शासन प्रभावक गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिस्य एवं संघ संचालक मनोहर व्याखानी श्री नरेश चंद्र जी म. सा.के आज्ञानुवर्ती श्री रोहित मुनि जी, श्री श्रेयांस मुनि जी ,श्री रजत मुनि जी ठाने 3 जैन स्थानक अग्रवाल मंडी में विराजमान है। कल प्रातः 5-30 बजे गुरुदेव यहा से विहार करके मालिक इन्क्लेव में जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इन गुरुओं का वर्ष 2025 का पावन मंगलकारी चातुर्मास गांव राजाखेड़ी में होने जा रहा है इसमें विशेष बात यह भी है की श्री श्रेयांश मुनि जी मह्व इसी राजाखेड़ी गांव के ही है इससे लोगो की उत्सुकता और उनके प्रति आकर्षण और भक्ति भावना और ज्यादा बढ़ जाती है । वह अपना वर्ष 2024 का ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण उतम नगर नई दिल्ली से समाप्त करके दिल्ली हरियाणा के अनेक स्थानों पर विचरते -विचरते अब पानीपत पधारे है। संतों के आने और उनके मुखारविंद से भगवान की पावन वाणी का श्रवण करके लोग धन्य हो जाते है। इसलिये उनके आगमन और प्रथम प्रवचन में ही भारी भीड़ ने गुरुओं के दर्शन और प्रवचन का लाभ लिया है। आज के विषय पर कई श्रावकों ने गुरुदेवो को श्रद्धांजलि स्वरूप भजनों से सभा को आनंदित कर दिया। जिससे गुरुओं की सभी यादें ताजा हो गई।

# मंत्री की गीदड़भभकियों से नहीं डरताः जयहिंद



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद द्वारा रविवार 8 जून को जयहिंद सेना के कोर कमांडरो की मीटिंग बुलाई गई जिसमें नवीन जयहिंद ने समाज और जनता के मुद्दे उठाने वाले कोर कमांडर क्रांतिकारी साथियों को आमंत्रित किया था ताकि पिछले दिनों 25 मई को पहरावर में मनाए गए भगवान परशुराम जन्मोत्सव पहरावर के आयोजन बारे धन्यवाद किया जा सके और उनके साथ मिलकर खीर खाई जा सके ओर 36 बिरादरी की जनता की समस्याएं उठाने बारे और 36 बिरादरी की समस्याओं का समाधान कराए जाने बारे विचार विमर्श किया जा सके

नवीन जयहिंद ने बताया कि हम आज से नहीं पिछले 21/22 सालों से अलग अलग सरकार और मुख्यमंत्री के सामने जनता के मुद्दे ओर समस्याएं उठा रहे है लेकिन वर्तमान में पहली बार ऐसा देखने को आया है कि हरियाणा सरकार में शामिल एक मंत्री अरविंद शर्मा जिसने जयहिंद सेना के कोर कमांडरों की हो रही मीटिंग में अपने गुंडों को भेजकर विघ्न डालने की कोशिश की ताकि वहां उपस्थित लोग आपस में ही एक दूसरे से लड़ाई कर बैठे

नवीन जयहिंद ने बताया कि में हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी साहब से पूछना चाहता हु कि मंत्री अरविंद शर्मा को एक साज़िश के तहत हरियाणा के लोगो को आपस में लड़वाने की इतनी खुली छूट किसने दे दी है

क्या मंत्री अरविंद शर्मा को मंत्री पद का ज्यादा ही घमंड ओर अहंकार हो गया है मंत्री अरविंद शर्मा ने हमारे जयहिंद सेना कोर कमांडरो के कार्यक्रम में अपने गुंडों को भेजकर कार्यक्रम को बिगाड़ने की जो कायराना हरकत की है क्या ये हरकत मुख्यमंत्री सैनी साहब के कहने पर हुई है।

## संपादकीय

# अर्थव्यवस्था को धार देगी रेपो दरों में कमी

**वैश्विक** स्तर पर चल रही आर्थिक उथल पुथल के बीच पिछले कुछ समय से देश में अर्थव्यवस्था के लिहाज से सकारात्मक खबरें और अब भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ की ओर से नीतिगत दरों में कमी से यही संकेत उभरता है कि महंगाई कुछ नियंत्रण में है। ऐसे में आर्थिक मोर्चे पर खड़ी चुनौतियों से निपटने में काफी हद तक देश आगे बढ़ा है। आरबीआइ ने एक बार फिर 6 जून को प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो दर में 0.5 फीसद की कमी करके उसे 5.5 फीसद कर दिया। जो उम्मीद से ज्यादा है। इसके अलावा एक चौंकाने वाले फैसले के तहत आरबीआइ ने बैंकों के लिए भी नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर में भी एक फीसद की कटौती की घोषणा लगातार तीसरी बार की है। इससे पहले आरबीआइ ने इसी वर्ष फरवरी और अप्रैल में पच्चीस आधार अंकों की कटौती की थी। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार-चढ़ाव से निपटने की कोशिश है, बल्कि दुनिया भर में जो चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें निपटने और अर्थव्यवस्था को संभालने में भी मदद मिलेगी। यही नही आरबीआई की घोषणा के चंद घन्टों बाद ही बैंकिंग सेक्टर में लोन और फिक्स्ड डिपॉजिट के ब्याज दरों में कमी होने वाली है। देश के दो बड़े बैंकों ने लोन के इंटरेस्ट रेट में बदलाव किया है। पब्लिक सेक्टर के पंजाब नेशनल बैंक ने रेपो लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) में 50 बीपीएस की कटौती की है। नई दरें 9 जून से प्रभावी होंगी। वहीं देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक 'एचडीएफसी बैंक' ने एमसीएलआर दरों में 10 बीपीएस यानि 0.10ः की कमी है। दरों में कटौती का असर ईएमआई पर पड़ेगा। उधारकताओं को राहत मिलेगी। होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन और ऋण पर नए रेट प्रभावी होंगे। भारतीय स्टेट बैंक के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर सौम्य कांति घोष और पिरामल एंटरप्राइजेज के चीफ इकोनॉमिस्ट देबोपम चौधरी ने एक ऐसी भविष्यवाणी की थी, जिसकी शायद ही किसी और ने अनुमान लगाया हो। उन्होंने जून में भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में बड़ी कटौती का अनुमान लगाया था। और हुआ भी ऐसा ही। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में 50 बीपीएस की कटौती की दी। अब इन दोनों अर्थशास्त्रियों ने फिर से भविष्यवाणी की है। इन दोनों का मानना है कि रिजर्व बैंक फिर से ब्याज दरों में कटौती करेगा। आम बोलचाल के रूप में रेपो दरों में कमी को मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता रहा है। कर्ज सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर टिका होता है और इसका सीधा और पहला असर उन उपभोक्ताओं पर पड़ता है, जिन्होंने घर, वाहन, अन्य सामान या फिर शिक्षा जैसी जरूरतों के लिए बैंकों से ऋण लिया होता है या फिर वे लोग, जो इस बात का इंतजार करते हैं कि रिजर्व बैंक की ओर से कब नीतिगत दरों में कमी की जाए और कर्ज सस्ता होने के बाद वे कुछ खरीदने या निवेश करने की योजना बनाएं। वैसे तो रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों के अनुरूप ही व्यावसायिक बैंक उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ऋण और अन्य सावधि जमा के मद में ब्याज की दरें निर्धारित करते हैं। रेपों दरों के घटने बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से वाहन बाजार और खासतौर पर जमीन-जायदाद के कारोबार में जिस तरह की मंदी की आशंका जताई जा रही थी, नीतिगत दरों में कटौती के बाद उसमें सुधार होगा।

# भारतः आत्म बल से आगे बढ़ता राष्ट्र

प्रो. महेश चंद गुप्ता

> "ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य क्षमता को दिखाने के साथ-साथ एक संदेश भी दिया है कि भारत अब अपने हितों को लेकर संकोच नहीं करता। वह शांति चाहता है, लेकिन किसी भी हस्तक्षेप या चुनौती का जवाब देने में सक्षम है। भारत अब उस मुकाम पर है जहां से वह केवल अपनी समस्याएं ही नहीं सुलझा रहा बल्कि वैश्विक समस्याओं के समाधान में भी भागीदारी निभा रहा है। यही है नया भारत, जो आत्मनिर्भर, शक्तिशाली, तकनीकी रूप से उन्नत, और दुनिया के साथ कदम मिलाकर चलने को तत्पर है । यह उस नये भारत की झलक है जो आत्म विश्वास, एकता, नवाचार और नेतृत्व की भावना से परिपूर्ण है।"

भारत ने हाल ही में जिस ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, वह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं बल्कि उसकी रणनीतिक सोच, वैश्विक दृष्टिकोण और राष्ट्र की सामूहिक ताकत का प्रतीक बन गया है। इस ऑपरेशन की सफलता ने भारत को एक बार फिर यह साबित करने का मौका दिया कि वह केवल एक बड़ी जनसंख्या या पुरातन संस्कृति वाला देश नहीं बल्कि एक रणनीतिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति भी है जो वैश्विक समीकरणों को प्रभावित करने में सक्षम है। भारत अब आत्म बल से आगे बढ़ता हुआ राष्ट्र है।

भारत की बढ़ती शक्ति और वैश्विक पहचान देशवासियों के लिए गौरव का विषय है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा क्षमता को दुनिया के सामने एक बार फिर मजबूती से प्रस्तुत किया है। संदेश स्पष्ट है कि भारत अपनी ताकत का प्रयोग केवल आवश्यकता पड ? पर करता है लेकिन जब करता है तो पूरी सटीकता और सफलता के साथ करता है। इस अभियान के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें भारत की ओर टिक गई हैं। अमेरिका और चीन जैसे वैश्विक शक्ति केंद्रों को अब यह समझ आने लगा है कि भारत केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता राष्ट्र है जो वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत की सोच केवल अमेरिका या चीन की बराबरी करने की नहीं है बल्कि उनसे आगे निकलने और विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने की है। ऑपरेशन सिंदूर की सबसे रोचक बात यह रही कि इससे भारतीय राजनीति में भी एक नई चेतना का संचार हुआ। ओवैसी और शशि थरूर जैसे जो नेता पहले सरकार विरोधी माने जाते थे, उन्होंने भी इस ऑपरेशन की सराहना की और राष्ट्रहित को सर्वोपरि माना। इन नेताओं ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में विश्व के विभिन्न देशों में जा कर जिस मजबूती से भारत का पक्ष रखा और पाकिस्तान को बेनकाब किया है, उससे यह स्पष्ट हुआ कि जब बात देश की सुरक्षा और प्रतिष्ठा की होती है, तो राजनीतिक मतभेद पीछे छूट जाते हैं और भारत पहले की भावना सर्वोपरि हो जाती है।

यह राष्ट्रवाद का वही रूप है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले



एक दशक से भारतीय जनमानस में गहराता गया है। 2014 से जो राष्ट्र निर्माण की लहर शुरू हुई, वह अब स्पष्ट परिणाम देने लगी है।

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने उसे वैश्विक निवेश और तकनीकी साझेदारी का केंद्र बना दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ-साथ भारत ने तकनीकी मोर्चे पर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। कश्मीर में बना चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेलवे ब्रिज केवल एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि इंजीनियरिंग कौशल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का आश्चर्यजनक नमूना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब ब्रिज के साथ श्रीनगर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर लंबे अरसे से देखे जा रहे सपने को साकार कर दिया है। इसी के साथ कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया है। अब कश्मीर से कन्याकुमारी तक सीधी ट्रेन यात्रा संभव हो सकेगी। यह जम्मू और कश्मीर के डोगरा राजा महाराजा प्रताप सिंह का सपना था, जिन्होंने 1880 के दशक के अंत में इस मार्ग की कल्पना की थी और सर्वेक्षण के लिए ब्रिटिश इंजीनियरों को लगाया था। कश्मीर घाटी के लोगों के लिए ये ट्रेन न सिर्फ हर मौसम में आने-जाने के लिए एक भरोसेमंद साधन बन गई है बल्कि इससे इलाके में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। इससे पहले अप्रेल में मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट पंबन सी ब्रिज का उद्घाटन किया था। समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है।

भारत में अब राफेल लड़ाकू विमानों के मुख्य ढांचे का निर्माण हैदराबाद में किया जाएगा जो कि मेक इन इंडिया पहल की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन के बीच हुआ एग्रीमेंट बताता है कि अब भारत केवल आयातक नहीं बल्कि रक्षा उत्पादों का निमार्ता और निर्यातक भी बन रहा है। भारत अब हथियारों का सिर्फ उपभोक्ता नहीं, निमार्ता और निर्यातक भी बन रहा है। डिफेंस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों की भागीदारी भारत को आत्मनिर्भर बना रही है। रक्षा उत्पादन में भारत का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भारत की बड़ी उपलब्धि है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र को प्रवेश देने की नीति अपनाकर एक बड़ा बदलाव किया है। इससे प्रतिस्पर्धा, नवाचार और गुणवत्ता को बढ़ावा मिला है। भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से विकसित हुई ब्रह्मोस मिसाइल की ऑपरेशन सिंदूर के विश्व बाजार में मांग बढ़ी है और कई देश अब भारत से रक्षा उपकरण खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं।

उम्मीद है, भारत अगले दस वर्षों में रक्षा क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा को पीछे छोड़ देगा। इतना ही नहीं, स्वदेशी तकनीक और स्टार्टअप्स के जरिए भारत अपने डिफेंस सेक्टर को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

भारत ने सिर्फ रक्षा नहीं बल्कि ऊर्जा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी बन रहा है। सरकार की योजनाओं और प्राइवेट निवेश के समन्वय से भारत अब ऊर्जा निर्यातक देश बनने की राह पर है।

अब भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण शुरू हो चुका है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का सबसे अहम हिस्सा है। अब भारत में इससे भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भरता मिलेगी।

भारत की विदेश नीति अब केवल अपने हितों तक सीमित नहीं रही बल्कि दुनिया को साथ लेकर चलने की नीति पर केन्द्रीत है। प्रधानमंत्री मोदी का यह स्पष्ट दृष्टिकोण रहा है कि भारत वैश्विक नेतृत्व में केवल भागीदार नहीं बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका निभाना चाहता है। जी 20 की अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदला परिदृश्य इस बात के संकेत हैं कि भारत अब एक संतुलनकारी शक्ति बनकर उभर रहा है।

हालांकि भारत की प्रगति उल्लेखनीय है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। तमाम चुनौतियों से जूझते हुए भारत आगे बढ ? को दृढ़ संकल्पित है। समग्र विकास और समग्र क्रांति की सोच वाले भारत की नीति अब स्पष्ट है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय लक्ष्य है। इसके लिए नीति, नियत और नागरिक तीनों का सहयोग आवश्यक है और यही तीनों आज एकजुट होकर भारत को आगे ले जा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य क्षमता को दिखाने के साथ-साथ एक संदेश भी दिया है कि भारत अब अपने हितों को लेकर संकोच नहीं करता। वह शांति चाहता है, लेकिन किसी भी हस्तक्षेप या चुनौती का जवाब देने में सक्षम है। भारत अब उस मुकाम पर है जहां से वह केवल अपनी समस्याएं ही नहीं सुलझा रहा बल्कि वैश्विक समस्याओं के समाधान में भी भागीदारी निभा रहा है। यही है नया भारत, जो आत्मनिर्भर, शक्तिशाली, तकनीकी रूप से उन्नत, और दुनिया के साथ कदम मिलाकर चलने को तत्पर है । यह उस नये भारत की झलक है जो आत्म विश्वास, एकता, नवाचार और नेतृत्व की भावना से परिपूर्ण है।

## कविता

### जिंदगी में गुजर बसर...!

आसान भी नहीं है जिंदगी में गुजर बसर,  
पापी पेट के लिए काम कर जाओं पसर।  
हर वह जतन करना है जिसका हो असर,  
शिकायतों से घर नहीं चलता मिलें नजर।  
रोजगार के तलाश में भटकते ढोते कहर,  
घर परिवार के चूल्हे की चिंता पिते जहर।

आसान भी नहीं है जिंदगी में गुजर बसर,  
पापी पेट के लिए काम कर जाओं पसर।  
थाली में रोटी नसीबवालों को ही मिलती,  
हाँ, अग्नि प्रज्वलित हो खुशियाँ खिलती।  
आओँ करें इबादत भूखा नहीं कोई सोए,  
लंबी हैं जिंदगी सुख-चैन के पल न खोए।

संजीव

---------

# क्या मुमकिन है टूटे दलों का एकीकरण?

@राकेश अचल

महाराष्ट्र में शिवसेना के तीन धडों के एकीकरण की सुगबुगाहट के साथ ही ये मुद्दा भी गर्म होने लगा है कि क्या शिव सेना समेत देश के तमाम विखंडित राजनीतिक दलों का एकीकरण मुमकिन है? क्या एकीकरण का बिस्मिल्लाह शिव सेना से ही होगा ? शिवसेना नेता और बालासाहेब के पुराने भक्त गजानन कीर्तिकर ने शिवसेना के एकीकरण का सुर्रा तब छोडा जब उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की शिवसेनाओं के एकीकरण की सुगबगाहट तेज हुई. कीर्तिकर ने कहा,कि बालासाहेब ठाकरे के जीवित रहते हुए भी राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे को एक करने की कोशिश हुई थी लेकिन शिवसेना का विभाजन हो गया. शिवसेना और मनसे के अलग-अलग होने से शिवसेना को नुकसान हुआ. अब समय है कि ये दोनों एक साथ आएं. ठाकरे नाम एक ब्रांड है, और वह ब्रांड बना रहना चाहिए. ऐसी इच्छा पुराने शिवसैनिकों की है.

शिंदे गुट के नेता गजानन कीर्तिकर ने कहा, क्या ये दोनों (उद्धव ठाकरे-राज ठाकरे) साथ आएंगे? यह नहीं मालूम, लेकिन सुना है कि दोनों ने कुछ शर्तें रखी हैं. उद्धव ठाकरे ने कहा है कि राज ठाकरे को महायुति (बीजेपी गठबंधन) छोड़ना चाहिए, तो वहीं राज ने कहा है कि उद्धव को कांग्रेस का साथ छोड़ना चाहिए. दोनों की बातें सही हैं. गजानन कीर्तिकर ने लोकसभा चुनाव के दौरान एकनाथ शिंदे की शिवसेना के लिए प्रचार भी किया था और शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में दोबारा एंट्री ली थी.

महाराष्ट्र में शिवसेना के तीन हिस्से हो गए है. एक शिवसेना उद्धव ठाकरे की है, दूसरी रज ठाकरे की है और तीसरी एकनाथ शिंदे की. उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी), जो एमवीए के साथ है. एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की पार्टी एनसीपी है. एकनाथ शिंदे गुट की पार्टी शिवसेना जो महायुति के साथ है. इसमें बीजेपी, शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी है.तीसरी शिवसेना राज ठाकरे की है. उनकी शिवसेना मनसे के नाम से जानी जाती है. शिवसेना पहले पारिवारिक विवाद के चलते टूटी थी बाद में भाजपा ने उद्धव ठाकरे की सेना को दो फांक कर दिया था. कीर्तिकर का दावा है कि, एकनाथ शिंदे, शिवसेना प्रमुख बालासाहेब की विचारधारा को लेकर ही पार्टी से बाहर निकले थे-जैसे हिंदुत्व, आक्रमक शैली, राष्ट्रीयता और मराठी लोगों का सर्वांगीण विकास लेकिन बीजेपी के साथ होने की वजह से आगे बढ़ने में उन्हें कई अड़चनें आती हैं. दोनों (उद्धव-राज) की शर्तें सही हैं, क्योंकि ये बाधाएं हैं जो अखंड शिवसेना बनने से रोक रही हैं. जब तक ये दूर नहीं होतीं, तब तक मजबूत शिवसेना नहीं बन पाएगी. आपको याद होगा कि एनडीए में पहले उद्धव ठाकरे की शिवसेना थी, फिर उन्होंने साथ छोड़ा, और फिर एकनाथ शिंदे ने उसमें प्रवेश किया. दोनों बालासाहेब की विचारधारा को आगे ले जाने की बात करते हैं.

## विचार

# शर्मसार करती है घर में छिपे गद्दारों की कारगुजारी

मनोज कुमार अग्रवाल

**घर** में छिपे गद्दारों को शिनाख्त कर उन पर सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है 22 अप्रैल को पाकिस्तान के पाले हुए आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत जहां आतंकियों के अनेक ठिकानों को तबाह कर दिया, वहीं सुरक्षा बलों ने अब जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों और उनके मददगारों को ढूंढ निकालने और उनकी गिरफ्तारी का अभियान भी तेज कर दिया है।एक ओर जहां ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के बाद से पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में कुल ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।वहीं जम्मू कश्मीर के तीन राज्य कर्मचारियों को भी सरकार ने अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में बर्खास्त कर दिया है।

आपको बता दें कि यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा सीआरपीएफ जवान मोती राम को जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहीं हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले में पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एक तरफ जहां नूंह से तारिफ को गिरफ्तार किया गया है तो वहीं इससे दो दिन पहले भी राजाका निवासी अरमान की गिरफ्तारी की गई थी।

अरमान को भी इसी तरह की जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में नूह में 26 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। नूह पुलिस के अनुसार, आरोपी अरमान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के साथ भारतीय सेना और अन्य सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहीं एक स्थानीय अदालत ने अरमान को छह दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसियों से मिली सूचना के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। यह कथित तौर पर व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके लंबे समय से संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था। उसके मोबाइल फोन की तलाशी के दौरान, पुलिस ने कहा कि उन्हें पाकिस्तानी फोन नंबरों के साथ साझा की गई बातचीत, तस्वीरें और वीडियो मिले।

जिस तरह छिपे गद्दारों पर सरकार सख्ती कर रही है इससे आतंकवादियों के मददगारों की गर्दनें सुरक्षाबलों की मुट्ठी में आती जा रही हैं। इसी श्रृंखला में पिछले लगभग डेढ़ महीने के दौरान आतंकवादियों के अनेक मददगार गिरफ्तार किए गए हैं जिनमें 24 अप्रैल को बांदीपोरा के गरूर्रा इलाके में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के 3 मददगारों मोहम्मद यूनुस शेरगोगरी, आदिल खुर्शीद डार तथा बिलाल अहमद नागू को गिरफ्तार करके उनके पास से एक चीनी पिस्तौल और 8 जिंदा कारतूसों सहित एक अन्य पिस्तौल तथा 2 हथगोले बरामद किए। 24 अप्रैल को ही बांदीपोरा जिले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 4 मददगारों मोहम्मद रफीक खांडे, मुख्तार अहमद डार, रईस अहमद डार और मोहम्मद शफी डार को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चीनी हैंड ग्रेनेड, 7.62 एम.एम. मैगजीन और कारतूस बरामद किए गए। 26 अप्रैल को कुलगाम पुलिस ने सेना तथा सी.आर.पी.एफ. के साथ एक संयुक्त अभियान में आतंकवादियों के 2 मददगारों बिलाल अहमद भट तथा मोहम्मद इस्माइल भट को गिरफ्तार करके उनके पास से 2 पिस्तौलें, पिस्तौल के कारतूस और पिस्तौलों के 2 मैगजीनों सहित भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। 05 मई को कुलगाम जिले में आतंकवादियों को भोजन और आश्रय प्रदान करने वाला एक व्यक्ति सुरक्षा बलों से बचने के प्रयास में नदी में कूद गया और डूब जाने से उसकी मृत्यु हो गई।16 मई को बडगाम तथा श्रीनगर में लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकियों मुजम्मिल अहमद, इशफाक पंडित तथा मुनीर अहमद को गिरफ्तार किया गया जिन्होंने टार्गेट किलिंग की योजना बनाई थी। इनके पास से 1 हथगोला, 1 पिस्तौल तथा अन्य साजो सामान बरामद किया गया। ये तीनों लश्कर के कमांडर आबिद क्यूम


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**  
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ढोंगी ढकोसलों का दरबार

**श्रीराम!** कहता था, और बीड़ी की जगह तुलसी की माला जपता था। गाँव की औरतें अब उसे बाबा जी कहतीं और वो अपना पेट अंदर खींचकर कहता-अरे, सब माया है माया। जबकि माया तो उसके बगल में बैठी वो विधवा थी, जो उसके वैराग्य में रात का राग ढूंढ रही थी।आत्ममुक्ति केंद्र। हर इतवार को सत्संग होता, जिसमें भक्तजन अपने पापों का विसर्जन चाय और नमकीन के साथ करते। बाबा जी के प्रवचनों में गीता कम, गप ज्यादा होती। लेकिन चूंकि उन्होंने भाषण में तीन बार द्रौपदी और पाँच बार कृष्ण का नाम लिया था, तो लोग समझते कि वो तो साक्षात वेदव्यास के वंशज हैं। बाबा हर बार कहते, संसार रूपी नारी का वस्त्र जब खिंचता है, तभी धर्म डगमगाता है। और पीछे से लाइट बंद करके किसी भक्तिन का मोबाइल नंबर सेव कर लेते।जहाँ वे शादी में भोंपू बजा रहे थे, पर फोटो को सत्संग कहकर अपलोड कर दिया गया।सच्चा नाटक था! आपके जैसा कोई नहीं! बाबा जी मुस्कराए, जैसे बुद्धत्व को प्राप्त कर लिया हो। उन्होंने मूंगफली का छिलका जेब में रखा, और बोले-ध्यान रखो, ढोंग करने वाले से बड़ा कलाकार कोई नहीं होता। सबने सिर झुका लिया, क्योंकि ढोंग जब पूज्य बन जाए, तो सवाल उठाने वाले भी ढोंगी लगने लगते हैं।

गुलाबजल छिड़का जाता, और भक्तों की टोली में अब विधायक, डॉक्टर और रियल एस्टेट एजेंट शामिल हो चुके थे। हर सभा में वे एक ही बात कहते-मनुष्य वही श्रेष्ठ जो दिखावा छोड़ दे। और यह कहते वक्त उन्होंने अपनी घड़ी ठीक की जो रोलैक्स की फर्स्ट कॉपी थी। एक महिला भक्त ने सवाल किया-बाबा जी, आपको कभी मोह नहीं होता? बाबा बोले-मोह मुझसे डरता है, बहन! और फिर वही बहन एक ऑडी में बाबा जी को बैठाकर ले गई।गाड़ियाँ, तीन फर्जी डिग्रियाँ और एक लाश मिली। लेकिन भक्तों ने कहा-ये सब सरकार की साजिश है, बाबा जी के खिलाफ। क्योंकि जब आँख पर आस्था की पट्टी हो, तो सच्चाई भी झूठ जैसी लगती है। दिखावा बड़ा महँगा पड़ता है। उनका हाथ लटक गया। मौत के बाद भी कोई रोया नहीं, बस एक भक्त बोला-कम से कम अब कोई ढोंग नहीं करेगा।

# किन्नरों के सीने में भी दिल है मगर धड़कने की इजाजत नहीं

अमरपाल सिंह वर्मा

कुदरत ने हर इंसान को एक मकसद के साथ इस दुनिया में भेजा है । कोई स्त्री है, कोई पुरुष और कुछ लोग तीसरे लिंग के तौर पर पहचाने जाते हैं, जिन्हें हम किन्नर या ट्रांसजेंडर कहते हैं। लेकिन समाज की त्रासदी देखिए, जो फर्क केवल शरीर के बनावट का है, उसे हम इंसानी दर्जे से जोड़कर देखते हैं। किन्नर होना जैसे एक जुर्म हो गया हो । ऐसा जुर्म जिसकी कोई माफी नहीं, कोई इज्जत नहीं, और अगर वह किन्नर प्यार कर बैठे तो शायद कोई जिंदगी भी नहीं।

किन्नरों को हम अक्सर सिर्फ मांगने वाले, नाचने-गाने वाले, या शादी-बच्चों के मौकों पर दुआएं देने वाले किरदारों के रूप में देखते आए हैं। लेकिन ये महज सामाजिक भूमिका हैं, हकीकत में वे भी हमारी तरह सोचते हैं, महसूस करते हैं, प्यार करते हैं और अपना जीवन जीने की ख्वाहिश रखते हैं। उनकी शारीरिक संरचना भले ही 'सामान्य' स्त्री या पुरुष से अलग हो, लेकिन उनका दिल, उनकी भावनाएं और उनकी उम्मीदें वैसी ही होती हैं जैसी हमारी। राजस्थान समेत देश के कई हिस्सों में किन्नरों को सिर्फ इस वजह से जान गंवानी पड़ी है कि उन्होंने किसी पुरुष से प्रेम किया, या उसे छोड़ने की हिम्मत दिखाई। श्रीगंगानगर की बसंती हो या जयपुर की नीलू झ दोनों की कहानियां दिल को झकझोर देती हैं। कुछ साल पहले बसंती, जो खुद पार्षद बनी थीं, समाजसेवा में सक्रिय थीं, एक ऐसे युवक से प्रेम करती थीं जो वर्षों तक उनके साथ रहा। जब उसने शादी का निर्णय लिया तो बसंती ने सिर्फ यह पूछा कि "फिर मेरा क्या?" इसका उत्तर उसे मौत के रूप में मिला। नीलू की कहानी और भी दिल दहला देने वाली है।

हाल में अपने प्रेमी नरेश से दूरी बनाने की कोशिश में उसे मार दिया गया, और उसकी लाश पेट्रोल डालकर जला दी गई। यह कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं है। ऐसी घटनाएं अब नियमित होती जा रही हैं जहां प्यार की कीमत किन्नरों को अपनी जान से चुकानी पड़ रही है। ऐसी और भी कई घटनाएं हैं। पटना में एक किन्नर को उसी के प्रेमी ने गला रेतकर मार डाला।

## न्यूज फ्लैश

### पीवीआर के सामने लोहा पुल पर राहगीरों से लूट करने वाले गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार; दो वारदातों का खुलासा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (;कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने पीवीआर के सामने लोहा पुल पर राहगीरो से नगदी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना सहित चार आरोपियों को पीवीआर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में लूट की दो वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों की पहचान सेक्टर 6 निवासी श्रीपाल व कच्चा कैंप पूरेवाल कॉलोनी निवासी मोहित, जगजीत व मोहित के रूप में हुई है।

थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम को शनिवार देर शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म के चार युवक पीवीआर के नजदीक लोहा पुल के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर चारों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में अपनी पहचान श्रीनिवास पुत्र राजपाल निवासी सेक्टर 6, मोहित पुत्र राजेंद्र, जगजीत पुत्र सुरेंद्र व मोहित पुत्र गुलशन निवासी कच्चा कैंप पूरेवाल कॉलोनी के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर चारों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर 5 जून की बाद दोपहर पीवीआर के नजदीक लोहा पुल पर एक युवक से 6 हजार रूपए नगदी लूटने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। नगदी लूट की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में गढी बेसिक गांव निवासी मुजम्मिल पुत्र मुरसलीम की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

पूछताछ में आरोपियों ने उक्त वारदात के अतिरिक्त 2 फरवरी को बाद दोपहर लोहा पुल पर एक अन्य युवक से 20 हजार रूपए लूटने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। लूट की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में नूरवाला की जसबीर कॉलोनी निवासी मोहित पुत्र राधेश्याम की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया गिरोह का मास्टरमाइंड आरोपी श्रीपाल है। चारों आरोपी नशा करने के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो चारों आरोपियों ने वारदात में शामिल फरार अपने साथी आरोपी के साथ मिलकर एकाएक कर नगदी लूट की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। आरोपियों ने 5 जून को मुजम्मिल से लूटी 6 हजार की नगदी में से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बचे 2 हजार रूपए बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद चारों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया। जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। वारदात में शामिल फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत होगा ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन 15 जून को होटल नूरमहल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उभरती हुई कलाकार लावण्या ने नरेंद्र अरोड़ा को उनका पोर्ट्रेट बनाकर प्रदान किया।नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया आठ वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए संपूर्ण भारतवर्ष में कार्य कर रहा है। फाउंडेशन का उद्देश्य देश के लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना और कानून का पालन करने की प्रेरणा देना है, जिसके लिए कई प्रोजेक्ट्स किए जाते हैं और उसी कड़ी में फाउंडेशन द्वारा 15 जून को नूरमहल होटल में राष्ट्र स्तरीय करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवसेना के राष्ट्रीय मुख्य समन्वयक, गठबंधन एवं चुनाव ओर विश्व प्रसिद्ध बिजनेस टायकून डॉ.अभिषेक वर्मा शिरकत करेंगे। सेलिब्रिटी गेस्ट फिल्म अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल, फिल्म अभिनेता रजा मुराद, सुदेश बेरी एवं किशोर भानूशाली होंगे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहे फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को ग्लोबल जैम अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# अम्बाला छावनी में करोड़ों की लागत से करवाए कई विकास कार्य: विज

## विज ने बब्याल में 10 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एसटीपी का उद्घाटन कर-कमलों से किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में हम दिन-रात विकास कार्य करने में लगे है ताकि हमारा शहर सभी सुविधाओं से संपन्न हो। यदि कोई अम्बाला छावनी में हुए विकास कार्यो पर किताब लिखेगा तो आपको गर्व होगा क्योंकि आज से पहले किसी ने भी इतने विकास कार्य नहीं करवाएं है, जितने उन्होंने करवाएं है और यह सब कार्य लोगों से मिली ताकत व आशीर्वाद से वह कर रहें हैं।

विज अम्बाला छावनी के बब्याल में 15 करोड़ रुपए की लागत से 10 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट



(एसटीपी) का उद्घाटन करने के उपरांत आपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल विज का क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया गया। ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि यह ट्रीटमेंट प्लांट कई कालोनियों में लगभग 140 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन से जुड़े 15 हजार घरों को सीवरेज सुविधा पहुंचाएगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आधुनिक एसबीआर तकनीक पर तैयार किया गया है जोकि भविष्य के 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इस ट्रीटमेंट प्लांट से पानी ट्रीट होने के बाद इसे पास टांगरी नदी में छोड़ा जाएगा।

विज ने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को इस परियोजना की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि कलरहेड़ी से लेकर मच्छौड़ा तक 341 करोड़ रूपए की लागत से 370 किलोमीटर सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा हैं। इस कार्य के तहत अधिकतर सीवरेज पाईपलाई बिछ चुकी है और जो शेष बची है, वह भी जल्द बिछ जाएगी। सीवरेज लाईन के बिछने से शहर को गन्दे पानी से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने लोगों से आहवान किया कि जहां जहां पर सीवरेज लाईन बिछ चुकी हैं, वहां के लोग अपने घरों का सीवरेज कनेक्शन लें, तभी इस प्रोजैक्ट का लोगों को फायदा मिलेगा और मेरी मेहनत भी सफल होगी।

### घीड से कुंजपुरा मार्ग की बदहाल हालत से ग्रामीण परेशान



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप):** घीड से कुंजपुरा होते हुए जडौली और मुगल माजरा चौक तक जाने वाला मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि यहां से पैदल चलना भी दूभर हो गया है। करीब 7-8 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जगह-जगह 2 से 3 फीट गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यह मार्ग मोहदीनपुर, मुगल माजरा, जडौली, नबीपुर, खिराजपुर और कुंजपुरा जैसे गांवों को जोड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले 3 वर्षों से सड़क मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीण राजेश, परमिंदर, गोपाल, ओम प्रकाश, दीपक, सुरेश, अर्जुन, परमवीर, चंद्रशेखर, बलसिंह, राजेंद्र आदि ने बताया कि बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भरने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे बाइक सवार अक्सर हादसों का शिकार हो जाते हैं।

### सुखविंद्र जाखड़ ने पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**हांसी ( दिनकर गावड़ी):**झआज हांसी के सेक्टर 6 भाग 2 में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुखविंद्र जाखड़ द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी व विधायक विनोद भ्याना रहे। हांसी के विधायक विनोद भयाना ने कहा कि हम सभी यह प्रण लें कि "आओ मिलकर पेड़ लगाएं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं।" भाजपा हांसी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि पेड़ हमारे वातावरण को शुद्ध करते हैं,ऑक्सीजन देते हैं।

## रेलिंग तोड़कर पुल से नहर में गिरी स्कॉर्पियो, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)-** यमुनानगर के दादूपुर हेड के पुल पर देर रात करीब डेढ़ बजे एक कार नहर में गिर कर गई। पानी का बहाव तेज होने के चलते कार कई मीटर खिसक कर दूर चली गई। जानकारी मिलने पर छछरौली थाना पुलिस और डायल 112 मौके पर पहुंची। सुबह करीब साढ़े 10 बजे हाइड्रा मशीन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक बेगमपुर गांव के सरपंच पंकज का 40 वर्षीय ड्राइवर आशिक निजी काम निपटाकर जगाधरी से अपने गांव की तरफ लौट रहा था। जब वह दादूपुर हेड के पुल पर पहुंचा तो अचानक से कार के सामने गाय आ गई। गाय को बचाने के



चक्कर में ड्राइवर से कार का संतुलन बिगड़ गया। कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए आधी हवा में लटक गई। ड्राइवर सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार से बाहर निकला और चंद सेकंड में कार पुल से नीचे गिर गई। ड्राइवर आशिक ने बताया कि हादसे के बाद उसका मोबाइल भी बंद हो गया और वह पैदल कई किलोमीटर चलकर अपने दोस्त के पास पहुंचा और कार मालिक को सूचिच किया। नहर का पानी गंदा होने की वजह से गोताखोर को कार तलाशने में काफी परेशानी हुई। तेज बहाव की वजह से कार खिसक कर कई मीटर आगे चली गई थी। गोताखौर राजीव ने बताया कि कार करीब 35 फीट गहरे पानी में समाई हुई थी। कार के शीशे टूटे हुए थे। बहुत बचाव के साथ कार को बांधकर मशीन के जरिए बाहर निकाला गया है।

कार मालिक पंकज ने बताया कि देर रात ड्राइवर का फोन आने पर वह चौक गया। गनीमथ रही की इस दौरान जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। उनका ड्राइवर अकेला ही कार में मौजूद था उसकी सूझबूझ से उसकी जान बच गई। उन्होने कहा कि प्रशासन को पुल पर मजबूत रेलिंग लगवानी चाहिए। वहीं थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि सूचना मिलने पर उनकी टीम मौके पर पहुंची थी। कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाल लिया गया है। कार काफी क्षतिग्रस्त हुई है लेकिन इस दौरान जानी का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### *अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार,एक देशी कट्टा बरामद*

**हांसी ( दिनकर गावड़ी):**झपुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा निदेर्शानुसार जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए एंटी नारकोटिक सेल हांसी पुलिस ने अवैध हथियार देशी कट्टा सहित हिमांशु पुत्र कृष्ण निवासी बीड़ फॉर्म को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल हांसी पुलिस को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक हांसी से गांव बीड़ फॉर्म अवैध हथियार लेकर जाएगा अगर फौरी तौर पर नाकाबंदी की जाए तो उसे पकड़ा जा सकता है। एंटी नारकोटिक सेल ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर नजदीक प्राइमरी स्कूल बीड़ फॉर्म हांसी से बीड़ फॉर्म रोड़ पर नाकाबंदी कर गुप्त सूचना अनुसार बताए गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर व्यक्ति की तलाशी ली तो व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध हथियार देसी कट्टा बरामद हुआ। अवैध हथियार को कब्जा पुलिस में लेकर व्यक्ति के खिलाफ थाना शहर हांसी में आर्म्स अधिनियम के तहत अभियोग अंकित किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

## बुजुर्ग महिला से लूट करने के दोनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय की टीम ने काला आंब रोड पर बुजुर्ग महिला से मारपीट कर मोबाइल व सोने की बालियां लूटने वाले दोनों आरोपियों को काला आंब के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी शनिवार को लूट की अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। आरोपियों की पहचान कमलापुर जिला लखीमपुर खीरी यूपी हाल मुर्गी



फार्म रकबा गांव निबंरी निवासी रजनीकांत उर्फ सोनू व गांव सनौली मोहम्मदपुर जिला गौंडा यूपी हाल विद्यानंद कॉलोनी निवासी अशोक के रूप में हुई है। थाना चांदनी बाग में हरीनगर निवासी महिला राजरानी (60) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था की 6 जून को वह शाम करीब 6 बजे लड़की के पास यूपी के फरुखाबाद जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन व टिकट का पता करने गई थी। टिकट का पता करने के बाद वह वही कुर्सी पर आराम क ान जगह पर छोड़कर फरार हो गए।

दोनों लड़के एक दूसरे को अशोक व सोनू नाम लेकर बात कर रहे थे। थाना चांदनी बाग में बुजुर्ग महिला राजरानी की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम ने शनिवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को काला आंब के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बुजुर्ग महिला से लूट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों नशा करने के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने व शॉर्टकट तरीके से पैसे कमाने के लिए उन दोनों ने मिलकर साजिश रच बुजुर्ग महिला से लूट की उक्त वारदात को अंजाम दिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ शनिवार को दोनों आरोपी लूट की अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। गहनता से पूछताछ करने व लूटा गया मोबाइल फोन व सोने की बालियां बरामद करने के लिए पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

## अधीक्षक ने मोहड़ा का दौरा कर जल व्यवस्था का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला और कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह द्वारा गांव मोहड़ा का दौरा कर जल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी घरों में ओटी किट द्वारा क्लोरिनेशन चैक की गई और सभी घरों में उचित मात्रा में क्लोरीन पाई गई, सभी घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही हैं।



जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला ने बताया कि गांव में नई पाइप लाइन लगाई जा रही है। विभाग की टीम ने घर घर जाकर लोगों से जल व्यवस्था का जायजा लिया, जिसमें लोगों ने बताया कि अब पानी बिल्कुल साफ आ रहा है और इसके साथ-साथ पानी में उचित मात्रा में क्लोरीन भी पाई गई है। इस दौरान विभाग के उपमंडल अभियंता विजय कुमार, कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार उपस्थित रहे। यहां बता दें कि बीते दिनों डायरिया के चलते गांव के कई लोग बीमार हो गए थे, लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में हैं। स्वास्थ्य विभाग से महामारी रोग नियंत्रक डॉ सुनील हरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जहां पर डायरिया से सम्बधिंत क्षेत्र था, उन घरों का जायजा लिया गया हैं। जिस भी उम्र के लोग बीमार हुए थे, अब वे स्वस्थ हैं।

### करनाल के युवक की अमेरिका में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के निसिंग थाना क्षेत्र के गुल्लरपुर गांव एक युवक की अमेरिका में दिल का दौरा पड? से मौत हो गई। परिवार ने युवक को 7 साल पहले अपनी जमीन बेचकर अमेरिका भेजा था।

परिजनों ने बताया कि वहां जाकर उसने मेहनत करके घर की आर्थिक स्थिति संभाली थी। अब जब जिंदगी दोबारा पटरी पर आ रही थी तो अचानक यह हादसा हो गया। परिवार ने सरकार से बेटे का शव भारत लाने में मदद की अपील की है। अगर शव भारत लाना संभव न हो तो बेटे और बहू को अमेरिका भेजने में मदद की जाए, ताकि अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार हो सके।

## हरियाणा पुलिस कमांडो फोर्स मुख्यालय में हुआ शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा पुलिस कमांडो फोर्स मुख्यालय, नेवल पर प्रवर पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में आयुष विभाग और आर्ट आफ लिविंग की टीम द्वारा एक अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कमांडो मुख्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व रैकरूट ट्रेनिंग सेंटर नेवल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी जवानों तथा उनके प्रशिक्षण स्टाफ ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

इस दौरान रमेश चंद्र, कल्याण निरीक्षक रणबीर सिंह, निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक गंगा



राम, उप निरीक्षक रघबीर सिंह, महिला उप निरीक्षक सुदेश कुमारी (मुख्य विधि प्रशिक्षक) सहित कमांडो जवान, समस्त प्रशिक्षण स्टाफ के सदस्य व सभी प्रशिक्षणार्थी इस योग शिविर में शामिल हुए। आयुष टीम व आर्ट आफ लिविंग टीम का उच्चाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। योग शिविर में योग व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए जीवन में योग एवं प्राणायाम के महत्व के बारे में जवानों को अच्छे से जानकारी दी गई। आयुष विभाग से योग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित पुंज ने अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया तथा योग सहायक कुसुम लता तथा अनुराग ने योग अभ्यास का प्रदर्शन किया। आर्ट आफ लिविंग की ओर से सुचिका बत्रा, अमनदीप सिंह, मुकेश बत्रा एवं नीलम अरोड़ा ने योग अभ्यास का प्रदर्शन किया। योगाभ्यास के पश्चात, आयुष टीम व आर्ट आफ लिविंग की टीम के साथ कमांडो फोर्स के अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षण स्टाफ व प्रशिक्षणार्थियों ने योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा की शपथ ली।

तत्पश्चात इस उपलक्ष्य में कमांडो परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

यह योग शिविर आगामी 21 जून को होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सम्बंध में आयोजित किया गया था।

## मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला: मैनपाल**
: भाजपा जिला संगठन केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने के लिए 9 जून से 21 जून तक जिला स्तरीय अभियान चलाएगा जिसके तहत जिले में प्रोफेशनल मीट, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अभियान की तैयारियों के सिलसिले में भाजपा मुख्यालय पंचकमल में जिला प्रधान अजय मित्तल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान की लोकसभा संयोजक बंतो कटारिया, जिला संयोजक विशाल सेठ, दीपक शर्मा, नगर महापौर कुलभूषण




गोयल, नगर परिषद् चेयरमैन कृष्ण लाम्बा, वरिष्ठ नेता श्याम लाल बंसल, जिला महामंत्री परमजीत कौर सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रधान अजय मित्तल ने बताया, यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित होगा। अभियान के तहत जिले के सभी मोहल्लो, चौपालों, बूथों पर छोटी छोटी सभाएं कर केंद्र की मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित साहित्य वितरण किया जायेगा। विभिन्न स्थानों पर संकल्प सभा आयोजित कर विकसित भारत का संकल्प दिलवाने का कार्य किया जायेगा, साथ ही आयुष्मान योजना में सौ प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण एवं आयुष्मान कार्ड भी वितरित किये जायेंगे। अजय मित्तल ने बताया, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण के संरक्षण हेतु जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण वृहद पैमाने पर चलाया जा रहा है जो अगले माह 15 अगस्त तक जारी रहेगा। जिला अध्यक्ष ने बताया, आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस पर जिला एवं मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जायेगा एवं 23 जून को पार्टी जिले के सभी बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाएगी। 25 जून को आपातकाल के विरोध में जिला स्तरीय सेमीनार एवं प्रदर्शनी आयोजित कर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जायेगा।बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान की लोकसभा संयोजक बंतो कटारिया ने कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा, हमे जनता के बीच जाकर मनमोहन सरकार के 10 साल के भ्रष्टाचार युक्त कुशाषन एवं नरेंद्र मोदी सरकार के 10 साल के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की तुलना करनी चाहिए ताकि जनता को पता चल सके देश की स्थिति पहले क्या थी और आज क्या है। बंतो कटारिया ने आपात काल के दिनों को याद करते हुए कहा, 1975 में इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोप कर लोकतंत्र की हत्या करने का घिनौना कृत्य किया था, कांग्रेस ने भारतीय लोकतंत्र में एक ऐसा काला अध्याय जोड़ दिया है जो ना कभी मिटाये मिटेगा ना ही कभी भुलाये भूलेगा।

## मोटरसाईकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद मारकंडा (प्रदीप कुमार)/टीम एक्शन इंडिया**
कुरुक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात को सुलझाते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिसअधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी व्हीकल थेफ़्ट टीम की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में सचिन उर्फ जैकी वासी ढकौला जिला अम्बाला को गिरफ्तार करके चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलताहासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 मई 2025 को थाना शाहबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत




में मंगत राम वासी स्टेशन माजरी शाहबाद ने बताया कि 15 मई 2025 को उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। करीब 1 घन्टे
बाद उसकी वहां नही मिली जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच एंटी व्हीकल थेफ़्ट टीम को सौंपी गई।

दिनांक 7 जून 25 को एंटी व्हीकल थेफ़्ट प्रभारी निरीक्षक गुरनाम सिंह के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, उप निरीक्षक राम कुमार, होमगार्ड नीरज व रोहित की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी सचिन उर्फ जैकी वासी ढकौला जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद की गई। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारगार भेज दिया।

न्यूज फ्लैश

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में 109 प्रतिभागियों को करवाया गया योग प्रोटोकाल का अभ्यास



**पंचकूला/पूनम देवी**
**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर पंचकूला में होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस समारोह के दृष्टिगत डा0 दिलीप कुमार मिश्रा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, पंचकूला की अध्यक्षता में आज जिला पंचकूला के आर्ट आफ लिविंग, सैक्टर 2 पंचकूला में 109 प्रतिभागियों को योग प्रोटोकाल का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर सभी ने पूर्ण उत्साह से इस योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। इसी कार्यक्रम में आयुष विभाग के डा0 मोनिका, एचएमओ, डा0 शिल्पा, एच.एम.ओ. एवं डा हिमा, डीपीएम ने भाग लेते हुए पंचकूला के आर्ट आफ लिविंग, सैक्टर 2 पंचकूला में 109 को लगभग 15 पौधें भी वितरित किए गए।
योग प्रोटोकाल का आंरभ प्रार्थना मंत्र के उच्चारण से किया गया। उसके बाद योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए इन यौगिक क्रियाओं द्वारा होने वाले लाभों की भी जानकारी दी गई।

## श्री राम सेवादार ट्रस्ट द्वारा लगाया गया विशाल भंडारा




**पंचकुला/पूनम देवी**
**श्री राम** सेवादार ट्रस्ट द्वारा आज रविवार 8 जून को श्री रघुनाथ मंदिर, सेक्टर 15 पंचकुला में विशाल भंडारा लगाया गया। ये भंडारा सेक्टर 15 पंचकुला निवासी श्री वीरेंद्र गर्ग के सहयोग से लगाया गया, जिन्होंने ये भंडारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित करवाया। श्री राम सेवादार ट्रस्ट की तरफ से श्री वीरेंद्र गर्ग और उनके परिवार को उनके जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दी गई। इस भव्य आयोजन में लगभग 600 श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। यह भंडारा दोपहर 12:30 बजे शुरू किया गया और प्रभु इच्छा तक चलता रहा। शहर की जानी मानी संस्था श्री राम सेवादार ट्रस्ट पहले भी कई तरह के सामाजिक कार्य करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस सेवा कार्य के सफल संचालन में राकेश गोयल, वीरेंद्र गर्ग, कैलाश गर्ग, मनीषा बंसल, नितिन बंसल, रेयांश बंसल, काशवी बंसल, नरेश सिंगला, परवीन अग्रवाल, विकास गोयल, नैंसी गोयल, हर्षल गोयल, पहल गोयल की विशेष उपस्थिति व सहयोग रहा क कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट की ओर से सभी सेवकों का आभार व्यक्त किया गया और प्रभु श्री राम जी से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की गई।

# 300 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा भव्य, विशाल डैम: धुमन

### सरस्वती सेवा समिति सदस्य पंकज अरोड़ा और मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी का किया संस्थाओं ने किया नागरिक अभिनंदन

निर्माण

फिर से धरा पर प्रवाहित करने के लिए आदिबद्री में भव्य और विशाल डैम का निर्माण किया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,:** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरकार की तरफ से पवित्र सरस्वती नदी की धारा को फिर से धरा पर प्रवाहित करने के लिए आदिबद्री में भव्य और विशाल डैम का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से करीब 300 करोड़ का बजट भी खर्च किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि यह प्रोजेक्ट अब टेंडर स्टेज पर पहुंच चुका है।
हरियाणा सरस्वती धरोहर बोर्ड के उपाध्यक्ष रविवार को रेलवे रोड़ पर स्थित एक निजी पैलेस में पत्रकार तथा शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया, मुख्य प्रदेश संरक्षक दलबीर मलिक, उपाध्यक्ष डी आर भटनागर, मुख्य सलाहकार राजकुमार बलिया, जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक, फोटोग्राफर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र जिला सचिव सचिन अनेजा, कैशियर विनोद सैनी,इंसानियत संस्था की तरफ से कर्ण सैनी, आशु, दिनेश, जन सहयोग जितेंद्र श्योकंद, प्रेरणा प्रधान रेणु खुंग्गर, श्रुति, हरिकेश पापोसा, विश्व हिंदू परिषद प्रोफेसर विवेक शर्मा, परमजीत कालिया, बीजेपी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक डॉ. ऋषिपाल मथाना, फीनिक्स क्लब डॉ. राजेश वधवा, डॉ. बी आर अम्बेडकर सेवा समिति बिशनगढ़ प्रधान बलबीर सिंह, महासचिव राजकुमार, सचिव रविन्द्र कंडेरा, मेंबर मदन लाल, सरपंच अमित कुमार, बल्ड डोनर्स संस्था सुमित खत्री, बीजेपी पूर्व मीडिया प्रभारी विनीत क्वात्रा, एसपी कुरुक्षेत्र पीआरओ नरेश सागवाल, बीजेपी थानेसर मंडल प्रधान विवेक रावत, डा. सुरेश शर्मा आयुष विश्वविद्यालय, डॉ. पंकज कुमार आयुष विश्वविद्यालय, स्थानु सेवा मंडल प्रधान विनोद अरोड़ा, ऑल इंडिया सेवा एवं कल्याण समिति रामेश्वर सैनी, सरस्वती कॉलोनी वेलफेयर समिति,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संस्कार भारती, भारतीय योग संस्थान सहित अनेक संस्थाओं से जुड़े गणमान्य लोगों ने हरियाणा सरस्वती सेवा समिति सदस्य पंकज अरोड़ा और मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।
उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पवित्र सरस्वती नदी को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पिपली में सरस्वती रिवर फ्रंट का निर्माण किया जा रहा है।
इसी तरह पिहोवा में भी रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाएगा, सरस्वती नदी पर प्राचीन अष्टकोशी यात्रा को शुरू किया गया है और सरस्वती नदी के किनारें के 19 किलोमीटर के मार्ग को पक्का किया जा रहा है, सरस्वती नदी के किनारे 9 से ज्यादा रजवाहों और घाटों का निर्माण किया गया है।

## स्वच्छता अभियान का असर दिखने लगा



**सोनीपत।** हर शनिवार चलने वाले स्वच्छता अभियान का असर दिखने लगा है, काफी लम्बे समय से ठप्प पड़ी सफाई वयवस्था को गति मिली है। नालों की सफाई भी शुरू हुई है और सड़क पर पड़े कचरे के साथ साथ ढेर लगा कूड़ा, मिटटी-रोड़ी के ढेर तथा उगी हुई झाड़ियां भी हटाई जाने लगी है। दरअसल पहले सफाई कर्मचारी एवं अधिकारी मनमर्जी के मालिक थे और सफाई हुई या नहीं कोई चेकिंग करने वाला नहीं था। सड़कों से मोटे मोटे कूड़े को उठाया जाता था, नालों की सफाई टेंडर के हिसाब से हर माह होनी चाहिए थी परन्तु नालों के पत्थर हटाकर कोई नहीं देखता था जंहा शिकायत मिलती केवल वंही पर सफाई की जाती थी। जबसे मेयर के नए चुनाव हुए तब से मेयर राजीव जैन ने सफाई का मोर्चा स्वंय संभाल लिया। रोजाना सुबह सुबह सफाई व्यवस्था एवं नालों की सफाई देखनी शुरू कर दी। हर शनिवार सफाई अभियान चलाकर एक सड़क की सिरे से सफाई शुरू करवाई और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी को सम्मानित करने का अभियान शुरू किया ताकि अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिल सके। अब सफाई विभाग के अधिकारी भी सड़कों पर उतरकर सफाई व्यवस्था देखने लगे हैं। नालों की सफाई में दिक्कत यह आती है कि नालों को कवर करके दुकानदारों ने पक्के स्लैब बना दिए हैं जिनको उठाकर सफाई करना संभव नहीं हो पा रहा है।

अभियान

सड़क पर पड़े कचरे के साथ साथ ढेर लगा कूड़ा, मिटटी-रोड़ी के ढेर तथा उगी हुई झाड़ियां भी हटाई जाने लगी है

## तेज रफ्तार ऑटो ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

एक की मौत

सड़क मार्ग पर अग्रसेन चौक के पास तेज रफ्तार ऑटो ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी

**सोनीपत :** मुरथल-सोनीपत सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कहर देखने को मिला। सड़क मार्ग पर अग्रसेन चौक के पास तेज रफ्तार ऑटो ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार बुजुर्ग सहित तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद दो साल के बच्चे को खानपुर रेफर कर दिया। जबकि दो अन्य को छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पनौडी घरौंडा करनाल निवासी ओमपति ने बताया कि वह अपने पति बनारसी (90) के साथ शुगर की दवा लेने के लिए सोनीपत आ रही थी। मुरथल से ऑटो में सवार होकर शहर सोनीपत पहुंची। जहां अग्रसेन चौक के पास ऑटो चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलते हुए ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार उसका पति व अन्य यात्री घायल हो गए।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध मेरी लड़ाई जारी रहेगी: अशोक अरोड़ा

पर्यावरण संदेश

थानेसर हल्के की जनता के साथ उनका 35 वर्ष पुराना पारिवारिक रिश्ता है: विधायक अशोक अरोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद/(प्रदीप कुमार)**
कांग्रेस के विधायक अशोक अरोड़ा ने अपने धन्यवादी दौरे के दूसरे दिन गांव सुनहेड़ी में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि थानेसर हल्के की जनता के साथ उनका 35 वर्ष पुराना पारिवारिक रिश्ता है। जनता ने उन्हें पांच बार विधायक बनाकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वे आभारी है और इस विश्वास पर खरा उतरेंगे। अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा सत्रों के दौरान उन्होंने अनेक जन समस्याओं को उठाया और अपनी ड्यूटी निभाई। सनहेड़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव वासियों ने अरोड़ा का फूल माला डालकर स्वागत किया। अरोड़ा ने गांव आलमपुर, ईशाकपुर, कुवार खेड़ी, बीड अमीन, पलवल, खेड़ी रामनगर, फतुहपुर, चंद्रभानपुर, खासपुर और अभिमन्युपुर में भी दौरा करके लोगों की समस्याओं को सुना और मौके से ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके समस्याओं का निपटारा करने के आदेश दिए। इस अवसर पर उनके साथ इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, मायाराम चंद्रभानपुरा, विवेक भारद्वाज , ओमप्रकाश पलवल, सुनील राणा, चंद्रभान वाल्मीकि, राजपाल वाल्मीकि सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद थे। अरोड़ा ने कहा कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी रहेगी, आज भाजपा के राज में हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला हुआ है, उन्होंने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाया। नगर परिषद थानेसर में सफाई के नाम पर बहुत बड़ा घोटाला हुआ है, जिसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के दो ठेकेदारों ने भी मीडिया के सामने नगर परिषद के भ्रष्टाचार की पोल खोली है।
अरोड़ा ने कहा कि आज सरकारी स्कूलों में बच्चे इसलिए नहीं जाते, क्योंकि सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए कोई सुविधा नहीं है।

## ब्रह्माकुमारीज कंच घर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साइंटिस्ट इंजिनियरिंग विंग के डायरेक्टर राजयोगी भ्राता भारत भूषण भाई पानीपत से पधारे और मुख्य अतिथि के रूप में पूजा कुमारी मैम सी.ई.ओ. और उनके पति पीयूष गुप्ता एचसीएस सिटी मजिस्ट्रेट भी पहुंचे और अनुज अग्रवाल डायरेक्टर ऑफ अल्ट्रिस टेक्नोलॉजी भी आये। बीके भारत भूषण भाई ने बताया प्रदूषित वायुमंडल को शुद्ध बनाने से पहले हमें अपने मन को शुद्ध करने की जरूरत है। आज इस विश्व में मानसिक प्रदूषण बहुत फैला हुआ है, इसको दूर करने के लिए मन को पॉजिटिव करना बहुत जरूरी है और रोजाना मेडिटेशन करना भी अति आवश्यक है। मानसिक प्रदूषण को दूर करके ही हम प्रकृति के पांच तत्वों को पॉजिटिव वाइब्रेशंस का सहयोग दे सकते हैं इसलिए जितना हो सके अपने मन को अच्छे संकल्पों से शुद्ध बनाएं तभी हम सही रीति पर्यावरण दिवस मना सकते हैं। अनुज अग्रवाल ने कहा अंबाला को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि प्लास्टिक के इस्तमाल से बहुत से जानवरों को शारीरिक हानि हो रही है।

वायुमंडल

प्रदूषित वायुमंडल को शुद्ध बनाने से पहले हमें अपने मन को शुद्ध करने की जरूरत है

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिविरों में लोगों ने लिया सुविधाओं का लाभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। थानेसर हल्के के दीदार नगर में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इन शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं साथ ही लोगों को आधार कार्ड, पैंशन और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 62 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां,
16 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए साथ ही 22 लोगों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

## अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित तीन गिरफ्तार

**सोनीपत : क्राइम** यूनिट वेस्ट, एसएजी यूनिट सेक्टर-7 ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित धर्म सिंह निवासी हमीरपुर उत्तर प्रदेश हाल में औद्योगिक क्षेत्र कुंडली, यशदीप उर्फ यशु निवासी रसोई, निखिल उर्फ चीनू निवासी समयपुर बादली हाल में बहालगढ़ का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक मनोज की टीम ने निफ्टम चौक के पास से आरोपित को संदिग्ध हालत में घुमते हुए पाया गया।

## स्वीटी रंगा माता सावित्री बाई फुले सम्मान से हुई सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गजब हरियाणा समाचार पत्र के संपादक जरनैल सिंह रंगा द्वारा गजब हरियाणा समाचार पत्र के सफलता के सात वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशाल सम्मानित कार्यक्रम डॉ बीआर अंबेडकर भवन सेक्टर 8 कुरुक्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर समाज में शिक्षा के लिए और सामाजिक कार्यों के लिए दिन-रात कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित स्वीटी रंगा को भी हरियाणा समाचार पत्र व सृष्टि एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा माता सावित्री बाई फुले सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट के चेयरमैन सिंह रंगा ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा ट्रस्ट हमेशा ही गरीब परिवार और जरूरतमंद लड़कियों के लिए शिक्षा के लिए प्रयासरत है ताकि कोई भी हमारी बेटी आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे और ट्रस्ट हमेशा ही सामाजिक कार्यों के लिए अग्रणी है ।आज गजब हरियाणा समाचार पत्र की तरफ से महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीटी रंगा को सम्मानित किया गया। स्वीटी रंगा को यह सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित पूजनीय 1008,स्वामी वीर सिंह हितकारी जी महाराज, महामंडलेश्वर परम श्रद्धेय दिव्य ज्ञान रत्न श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर एडवोकेट स्वामी ज्ञाननाथ गद्दी नशीन चेयरमैन निराकारी जागृति मिशन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत सुरक्षा मिशन भारत और चेयरमैन बाबा सवारनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट बाहरी कुरुक्षेत्र, आदरणीय डॉ आर आर फुलिया, आदरनीय एन आर फुले , व गजब हरियाणा समाचार पत्र के संपादक जरनैल सिंह रंगा द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान

समाज में शिक्षा के लिए और सामाजिक कार्यों के लिए दिन-रात कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया

## इनेलो हलकाध्यक्ष के नेतृत्व में हुई बैठक, कार्यकारिणी घोषित




**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद/(प्रदीप कुमार)**
**शाहबाद** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आज इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की शाहाबाद हल्के की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हलकाध्यक्ष सूबे सिंह त्यौडी ने की। इस मौके पर इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी प्रदेश महासचिव बूटा सिंह,जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस बैठक में 3 दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी की ओर से दायित्व दिया गया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए हलका अध्यक्ष सूबे सिंह त्यौडी ने कहा कि पार्टी के उच्च पदाधिकारी और वरिष्ठ नेताओं के आदेश अनुसार कुरुक्षेत्र जिले की शाहाबाद विधानसभा की कार्यकारिणी गठित की गई है। करीब 35 कार्यकताओं को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।
उन्होंने कहा कि हलके में जितने भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता है वह प्रत्येक क्षेत्र में जाकर पार्टी को मजबूत और संगठित करने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने शाहाबाद में पहले नशे के कारोबार पर भी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि पिछले 6 वर्षों से शाहबाद में काला दौर चल रहा है। जब तक ये दौर चलेगा तबतक शाहबाद में नशा नही खत्म होगा। वहीं उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के नेता भी इस कल नशे के कारोबार पर लगाम नहीं लगा पाए। अगर जल्द ही शासन प्रशासन ने इस पर लगाम नहीं लगे तो इंडियन नेशनल लोकल पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रदर्शन करेगा।
वहीं इनेलो जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह ने कहा कि पानीपत में किसान की हत्या कर दी गई जिसके विरोध में 10 जून को सभी किसान एकजुट होकर दोषियों की गिरफ्तारी और न्याय के लिए प्रदर्शन करेंगे।

जिम्मेदारी

उच्च पदाधिकारी और वरिष्ठ नेताओं के आदेश अनुसार कुरुक्षेत्र जिले की शाहाबाद विधानसभा की कार्यकारिणी गठित की गई

## नागरिक अस्पताल में किया भोजन वितरण



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद/(प्रदीप कुमार)**
रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया। प्रतिदिन की भांति नागरिक अस्पताल में रुग्ण और उनके परिजनों को एवं जरूरतमंदों को भोजन में कढ़ी चावल का वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद और रमेश भोजन बनाकर अस्पताल पहुंचे और भोजन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। इसके साथ ही रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक की स्थापना सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहेब द्वारा 2017 में की गई थी। उनके दिशानिदेशों से ही कुरुक्षेत्र में रोटी बैंक का श्रीगणेश वर्ष 2018 में किया गया। रोटी बैंक के महासचिव कर्म चंद ने कहा कि रोटी बैंक द्वारा पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में प्रतिदिन भोजन तैयार किया जाता है और अलग अलग स्थानों पर जाकर वितरण किया जा रहा है। रोटी बैंक के साथ न केवल पुलिस कर्मचारी जुड़े हैं अपितु जनता के लोगों द्वारा बहुत अधिक सहयोग किया जा रहा है।

# कविता छिक्कारा ने एशिया चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज, विधायक कादियान ने किया सम्मानित

**शानदार प्रदर्शन**

कुश्ती में चिरस्मी गांव की कविता छिक्कारा ने 70 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** दिल्ली में 23 से 25 मई तक हुई सीनियर एशिया चैंपियनशिप बेल्ट कुश्ती में चिरस्मी गांव की कविता छिक्कारा ने 70 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर गांव और जिले का नाम रोशन किया। कविता यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। वह स्पोर्ट्स कोटे से चयनित हुई थीं। अब वह सीनियर नेशनल स्पर्धा में हिस्सा लेंगी। रविवार को गांव में कविता के सम्मान में समारोह हुआ। गन्नौर अड्डे से फूलमालाओं के साथ बाइक काफिले में उन्हें गांव लाया गया। समारोह में हलका विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कविता को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने विधायक कादियान का पगड़ी और फूलमालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी हर्ष छिक्कारा और बिजेंद्र राणा ने भी कविता को सम्मानित किया। विधायक कादियान ने कहा कि बेटियां खेल और पढ़ाई दोनों में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। पुरुषों के वर्चस्व वाले खेलों में भी बेटियों ने अपनी प्रतिभा साबित की है। उन्होंने बालिकाओं को खेलों में रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कादियान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे अपने कैरियर के प्रति ज्यादा रुचि लेने लगते हैं। समाजसेवी हर्ष छिक्कारा और बिजेंद्र राणा ने कहा कि कविता में कुछ कर दिखाने का जज्बा है। वह एक दिन देश के लिए जरूर खेलेगी। इस मौके पर कोच सुनीता नेहरा और कोच राजेश सरोहा को भी सम्मानित किया गया। समारोह में कविता के पिता सतबीर छिक्कारा, सरपंच, समाजसेवी महावीर चिरस्मी, महेंद्र छिक्कारा, अरुण गोस्वामी, राजेश कुमार, रोहताश, सुनील, सुनील लंबू और विक्रम मौजूद रहे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीमला में भारतीय भाषा समर कैंप का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां, कलायत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिमला में चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप का समापन हुआ। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि ने बताया कि विद्यालय में सात दिनों तक चले शिविर में विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस सात दिवसीय शिविर के पहले दिन विद्यालय में विभिन्न भाषाओं की लिपियों के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्णमाला, अंक लेखन, अभिवादन संबंधी शब्दावली आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सीखी गई बातों के चार्ट और प्रदर्शनी कार्य भी प्रस्तुत किए, जिससे उनकी भाषाई समझ और रचनात्मकता दोनों में निखार आया। शिविर के दूसरे दिन बच्चों ने वर्चुअल सिटी टूर, तथा रियल लाइफ कन्वर्सेशन की लिए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया की इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को भारत की भाषाई विविधता से परिचित कराना था। अलग-अलग राज्यों की भाषाओं के माध्यम से न केवल बच्चों का भाषायी ज्ञान बढ़ा बल्कि आपसी सांस्कृतिक समझ और सौहार्द भी विकसित हुआ। शिविर के हर दिन को एक विशेष थीम और गतिविधियों के साथ मनाया गया जिससे विद्यार्थियों की रुचि बनी और उन्हें भाषा की गहराई को समझने का अवसर मिला। आज शिविर के अन्तिम दिन सभी विद्यार्थियों को उपहार वितरित किए गए। शिविर के समापन पर प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि, राकेश कुमार, श्रीमती प्रोमिला, श्रीमती मंजू, श्रीमती सरोज, राजेश कुमार व कुमारी आशा भी बच्चों के साथ मौजूद रही।

## न्यूज फ्लैश

### सरल पोर्टल नहीं चलने से विद्यार्थियों को उठानी पड़ रहीं हैं परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सरल पोर्टल नहीं चलने के कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरल पोर्टल नहीं चलने के कारण विभिन्न विभागों से जुडी ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हो रही है। विद्यार्थी जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस, रिहायशी प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज बनवाने को लेकर सीएससी सेंटर व अंत्योदय सरल केंद्र पर पहुंच रहे हैं। साइट बंद होने के कारण युवाओं को दर-दर की ठोकरे खाने का मजबूर हो रहे हैं। दस्तावेज नहीं बनने के कारण युवा न सीईटी के लिए आवेदन कर सकता है और न ही शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले ले सकता है। महेंद्रगढ़ विधानसभा में विभिन्न दस्तावेजों को लेकर 40 से 50 हजार फाइलें नहीं बन रही है। इन सेवाओं के लिए ऑनलाइन अप्लाई करने में ज्यादा समय लग रहा है। हर सीएससी सेंटर पर 200 से 300 दस्तावेजों की फाइल बनवाने के लिए आ रहे है।

26 मई को साइट बंद हो गई थी, उसके बाद कभी चली तो कभी बंद हो गई। क्षेत्र की सीएससी सेंटरों पर 300 से अधिक फाइलें ऑनलाइन पडी है। इस समय महाविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो रही है। वहीं सीईटी के लिए आवेदन नहीं हो रहा है। अंत्योदय सरल केंद्र के प्रभारी कविराज ने बताया 29 मई से साइट नहीं चलने के कारण युवाओं को दस्तावेज नहीं बन रहे है। चंडीगढ़ से पोर्टल पर तकनीकी कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण यह समस्या आ रही है। जैसे ही कोई मैसेज आएगा वैसे ही कार्रवाई की जाएगी।

--पिछले एक सप्ताह से सरल पोर्टल नहीं चलने के कारण युवाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उसने 156 फाइलों को ऑनलाइन किया हुआ है। जबकि 100 फाइलों पेंडिंग पडी है। युवा बीसीए, बीसीबी, रिहायशी प्रमाण पत्र, ओबीसी, डीएससी बनवाने के लिए फाइल आई हुई है। 26 मई से साइट बंद पडी है। विभाग को इसके लिए अलग-अलग से कोई तरीका निकाली चाहिए, ताकि युवाओं को कोई परेशानी का सामना न करना पडे।
**--- कुलदीप सैनी, साइबर कैफे संचालक**

इस समय शिक्षण संस्थान में दाखिले का अवसर चल रहे है। वहीं सीईटी के लिए भी आवेदन किए जा रहे है। सरल पोर्टल नहीं चलने के कारण युवाओं को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। सुबह से ही उसके पास प्रतिदिन 15 से 20 युवा पोर्टल ओपन की जानकारी लेने के लिए आ रहे है। उसने 24 मई को 80 फाइलें अपलोड की थी। वह भी पेंडिंग में पडी है। वहीं 140 फाइलें अपलोड करनी बाकी है।
**-- प्रदीप सैनी, सीएससी सेंटर संचालक**

वह बीसी ए प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आया था। साइट नहीं चल रही है। वह कई बार सीएससी सेंटर पर आकर पूछ चुका हूं। महाविद्यालय में दाखिला लेना है इसकी अंतिम तिथि 12 जून है। ऐसे में साइट नहीं चलने के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।**--- दीपक सैन, युवा**

वह अपने बेटे का बीसी ए प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आया था। 28 मई को उसने अप्लाई किया हुआ है लेकिन अभी तक नहीं बन पाया है। वह बार-बार पोर्टल शुरू होने की जानकारी प्राप्त कर रहा है।**--- राजेश जांगडा, अभिभावक**

-उसने सीईटी के लिए आवेदन करना था। उसके लिए वह 29 मई को ओबीसी व रिहायशी प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर आवेदन किया था। लेकिन सरल पोर्टल नहीं चलने के कारण उसका प्रमाण पत्र नहीं बना है। सीईटी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून तक निर्धारित है। अगर प्रमाण पत्र नहीं बनेगा तो वह सीईटी के लिए आवेदन करने से वंचित रह जाएगा।**-- प्रशांत सैनी, युवा**

-उसने 29 मई को ऑनलाइन बीसीबी प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। उसने उसके आवेदन के साथ-साथ भाई व बहन का भी साथ में प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर आवेदन किया गया था। लेकिन अभी तक उसका प्रमाण पत्र नहीं बना है उसे सीईटी के लिए आवेदन करना है। वहीं भाई व बहन ने महाविद्यालय में दाखिला लेना है।**--- सचिन, बेरी, युवा**

### हाईवे पर मिला अज्ञात युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नेशनल हाईवे पर आईटीआई चौक के नजदीक संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक निर्मल कुटिया में खाना खाता था और फुटपाथ पर कहीं भी सो जाता था। मृतक के पैर और हाथ पर किसी वाहन के टायर के निशान मिले हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचते ही युवक के शव को कब्जे में लिया और उसकी तलाशी ली। लेकिन मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। शव को करनाल के मॉच्युरी हाउस में सुरक्षित रखवाया गया है। अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# जन-जन को किया जा रहा जागरूक, ताकि नशे में न फंसे कोई : डॉ. अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज अभियान चलाया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर साइकिल रोककर वे लोगों को जागरूक करते हैं।

उन्होंने कहा कि ब्यूरो द्वारा हरियाणा के जन-जन को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है, ताकि कोई व्यक्ति जागरूकता से वंचित न रह जाए। लोगों को



बकेट चैलेंज के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बकेट चैलेंज से अभिप्राय है कि जिस प्रकार बाल्टी के दूषित जल को हम अपने दैनिक जीवन में किसी भी प्रयोग में नहीं लाते हैं, जैसे स्नान करना, बर्तन धोना, सेवन करना आदि। ठीक उसी प्रकार नशे की तुलना दूषित जल से करते हुए उसे जीवन से बाहर फेंक दें। लोगों ने इस चैलेंज को स्वीकार किया और कहा कि नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन।

उन्होंने बताया कि नशा के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। ब्यूरो को नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देने के लिए ब्यूरो के नंबर 1933 अथवा एनसीबी मानस पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए 9050891508 बारे जानकारी दी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के जरिए बीजेपी देगी पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप**
**धनियां,कलायत।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प सिद्धि के मूल मंत्र को लेकर जनसंवाद अभियान तेज किया जाएगा।इसके तहत भाजपा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की है।इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।साथ ही मातृभक्ति को वृक्षारोपण के माध्यम से व्यक्त करना है।यह जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने दी।वे पार्षद कुमारी रेणु धानियां के आवास पर पार्षदों से रूबरू थे।राजपूत ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता एक वृक्ष अपनी मां के नाम पर लगाएगा और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेगा। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य करेगा बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाएगा।।
राजीव राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब भाजपा हर कार्यकर्ता तक संकल्प सिद्धि का संदेश पहुंचाना चाहती है। इसके लिए पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर तय कार्य योजना अनुसार आमजन से संवाद कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी साझा किया जाएगा।
राजपूत ने कहा कि यह जनसंवाद सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती देगा।

# गांव गढ़ी एवं बास खुड़ाना में 2.37 करोड़ की लागत से नहरी नेटवर्क से जोड़े जाएंगे तीन जोहड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव गढ़ी एवं बास खुड़ाना में नहरी नेटवर्क से तीन जोहड़ जोड़े जाएंगे। इस पर दो करोड़ 37 लाख की लागत आएगी। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव गढ़ी एवं बास खुड़ाना में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। जिससे खेती पर भी संकट खड़ा हो गया है। गिरते भूजल स्तर रीचार्ज के लिए दोनों गांवों में तीन जोहड़ों को प्रेशराइजड पाइपलाइन के माध्यम से नहरी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। गांव बास की जोहड़ी के साथ-साथ गांव गढ़ी की दोनों ढाणियों में भी एक-एक जोहड़ खोदकर प्रेशराइजड पाइप लाइन के माध्यम से नहरी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।
संदीप मालड़ा ने बताया कि सतनाली फीडर बड़ी नहर के एसएफ पंप हाउस नंबर एक पर तीन पंप लगाए जाएंगे। इसमें एक पंप तीन क्यूसेक का होगा व दो अन्य पंप स्टैंड बाय के रूप में रखे जाएंगे। दो छोटे पंपों की क्षमता 1.5 क्यूसेक होगी। इन तीनों जोहडों को जोड़ने के लिए एचडीपीई पाइप लाइन का इस्तेमाल किया जाएगा जो 355 मिलीमीटर चौड़ी होगी।

# 11वें योग दिवस को लेकर नेहरू पार्क और शहीद भगत सिंह स्टेडियम में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
11वें अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार के मार्गदर्शन में सिरसा में नेहरू पार्क और शहीद भगत सिंह स्टेडियम में योग प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिले के सभी ब्लॉकों में भी योग शिविर लगाए जा रहे है।
जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्र नागर ने नेहरू पार्क और शहीद भगत सिंह स्टेडियम में कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का नेतृत्व किया। शिविर में ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन, योगासनों में



ताड़ासन, वृक्षासन, व्रजासन, मकरासन,भुजंगासन, सेतुबंध, अर्धहलासन, पवन मुक्तासन, शवासन प्राणायाम के अभ्यासों में कपालभाति (शुद्धि क्रिया), नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया गया।
उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में योग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें हर आयु वर्ग ने हिस्सा लिया। शहीद भगत सिंह स्टेडियम के जूडो हॉल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने योगासनों की निपुणता दिखाई। आयुष और खेल विभाग के अधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया, जिसने युवाओं में योग के प्रति जोश बढ़ाया। शहीद भगत सिंह स्टेडियम में पौधारोपण के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

# सेल्समैन से नकदी छीनने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन से नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कनीना निवासी सन्नी और अंकित के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को कनीना अटेली रोड पर चेलावास नहर से गिरफ्तार किया है।

# देश भर में वॉलीबॉल को मिलेगी नई दिशा : करण चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)वॉलीबॉल** फेडरेशन ऑफ इंडिया के चुनाव परिणाम घोषित होते ही पूरे हरियाणा में वॉलीबॉल प्रेमियों के बीच हर्ष की लहर दौड़ गई। इस चुनाव में हरियाणा वॉलीबॉल संघ द्वारा समर्थित सभी उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की। इस विशेष अवसर को जेसीडी विद्यापीठ, सिरसा ने पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया। जेसीडी परिसर में मिठाइयाँ बाँटी गईं और वॉलीबॉल अकादमी के खिलाड़ियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी गई।हरियाणा वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष श्री करण चौटाला ने वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया




के हाल ही में सम्पन्न चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने इस अवसर को न केवल एक चुनावी जीत, बल्कि वॉलीबॉल खेल की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उनके अनुसार यह जीत भारतीय वॉलीबॉल के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है, जिससे खेल से जुड़ी नीतियों और कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी।
उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से देश भर में वॉलीबॉल को नई दिशा देगी। खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करते हुए, उनकी प्रतिभा को निखारने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए आवश्यक संसाधनों व प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।
श्री चौटाला ने यह भी कहा कि इस जीत से खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं में खेल के प्रति रुझान और बढ़ेगा। यह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे खेल जगत की सामूहिक विजय है।
घोषित परिणामों के अनुसार, वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर श्री वीरेन्द्र कंवर निर्वाचित हुए हैं। उपाध्यक्ष पद पर श्री एन.वी. हनुमानथ रेड्डी और श्री सुसंता बिस्व सरमा ने सफलता प्राप्त की है। महासचिव के रूप में श्री रमणंद चौधरी, कोषाध्यक्ष के रूप में श्री हरि सिंह चौहान, जबकि संयुक्त सचिव पदों पर श्री आनंद शंकर राजहंस और श्री कुलदीप वत्स चुने गए हैं।

# सांप के डसने से बच्ची की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में 10 साल की बच्ची की सांप के डसने से मौत हो गई। बच्ची शनिवार शाम को खेतों में अपने भाई-बहनों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान उसे पैर में कुछ चुभा, जिससे खून निकलने लगा। बच्ची ने सोचा कि कांटा लगा होगा। खुद ही कपड़े से पट्टी कर ली और दोबारा खेलने चली गई। दो घंटे बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुजुर्गों की माने तो इस गांव में मान्यता रही है कि यहां पर अगर किसी को सांप काट ले तो उसकी मौत नहीं होती थी।
मृतका की पहचान गांव हथलाना निवासी 10 वर्षीय लक्षिता के रूप में हुई है। शुक्रवार की शाम वह खेतों में अपने तीन अन्य भाई-बहनों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान वह दूसरी तरफ चली गई। अचानक उसे पैर के अंगूठे में कुछ चुभा। खून निकलते देख उसने वहीं खेत में पानी से पैर धोया और घर आकर बताया कि पैर में कुछ लग गया है। मां ने भी हल्के में लिया और सोचा कांटा लगा होगा। लक्षिता ने कपड़ा फाडकर खुद ही पट्टी कर ली और दोबारा खेतों में खेलने लौट गई। करीब दो घंटे बाद लक्षिता को अचानक चक्कर आए और उल्टियां होने लगीं। मुंह से झाग निकलने लगी। बच्ची की हालत देख घरवालों को चिंता हुई।

# श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाहकी झांकी रही आकर्षक का केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** बचपन प्ले स्कूल में भागवत धर्म सेवा परिवार के तत्वावधान में चल रहे सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महा रुद्राभिषेक एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा महोत्सव के दौरान आचार्य गौरव दीक्षित महाराज के द्वारा कथा के छठे दिन रूकमणी मंगल (श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह)की कथा सुनाई गई। इस दौरान प्रवक्ता अमरसिंह सोनी के निर्देशन में बनाई गई श्री कृष्ण-रूकमणी विवाह की झांकी आकर्षक रही, जिसकी सभी भक्तों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहें, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण-रूकमणी को तिलक करके गुरु से



आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के यजमान राजीव सैनी एवं अंजली सैनी सपरिवार थे, जिन्होंने कथा से पूर्व प्रातः काल के समय महारूद्राभिषेक भी करवाया तथा पूजा का कार्य पंडित प्रशांत ने विधिवत मंत्रोच्चार से संपन्न करवाया।
श्रीमद्भागवत कथा आयोजक चेयरमैन रमेश सैनी एवं कथा प्रबंधक मुकेश मेहता ने बताया कि सोमवार को प्रातः आठ बजे हवन यज्ञ से इस सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन समारोह मनाया जाएगा और यज्ञ के बाद आचार्य गौरव दीक्षित महाराज के द्वारा एक मुखी से लेकर 14 मुखी तक विशेष पूजा पद्धति के द्वारा सिद्ध किए हुए रुद्राक्ष प्रसाद स्वरूप सभी भक्तों को भेंट किए जाएंगे। श्री कृष्ण-रूकमणी विवाह का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि विदर्भ के राजा भीष्म की पुत्री रूकमणी बहुत सुंदर थी जो भगवान श्री कृष्ण को मन ही मन चाहती थी।
परंतु उसका भाई रुक्मी श्री कृष्ण से जलता था, इसलिए उसने अपनी बहन रूकमणी का रिश्ता शिशुपाल से तय कर दिया। रूकमणी को जब इस बात का पता लगा तो उसे बहुत दुख हुआ और उसने श्री कृष्ण को पत्र भेजकर सूचना दी कि जब मैं गौरी पूजन करने के लिए जाऊं तो आप शादी से पहले ही मेरा हरण करके ले जाना। संदेश मिलते ही श्री कृष्ण अपना रथ लेकर वहां पहुंचे और रूकमणी का हरण करके ले आए तथा आगे चलकर श्रीकृष्ण और रूकमणी की विधिवत शादी करवाई गई।
इस अवसर पर भाजपा नगर पार्षद देवेंद्र सैनी उर्फ सोनू, पीए इंद्रपाल यादव, मंडल अध्यक्ष संदीप बचीनी, अनिल यादव, बीजेआरडी स्कूल संचालक राजपाल यादव, शेरसिंह सैनी, रेंज आफिसर प्रेमकुमार सैनी, आनंद शर्मा, प्रदीप शर्मा, यशपाल शर्मा, बस्तीराम यादव, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, सुरेश शर्मा, राकेश सैनी, विकास तिवाड़ी, अमित गोयल, सविता गोयल, श्री मोहन वशिष्ठ, नंदकिशोर सैनी, कैलाश धरसूं वाला, सत्यनारायण तिवाड़ी, अनिल यादव बालरोड, कैलाश शर्मा, पार्षद ममता सोनी, अश्वनी सोनी, कौशल्या देवी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# पुरखास में निशुल्क बाल क्षय रोग जांच एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन 10 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गीता विद्या मंदिर स्कूल पुरखास में निशुल्क बाल क्षय रोग जांच एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन 10 जून को किया जाएगा । जिसमें मित्तल नर्सिंग होम सोनीपत के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ एवं जन स्वास्थ्य अधिवक्ता डॉ. एन.के. मित्तल के नेतृत्व में किया जाएगा। जानकारी देते हुए डॉक्टर एन के मित्तल ने बताया कि
यह महत्वपूर्ण पहल जिला क्षय रोग केंद्र, सोनीपत के सहयोग से जिला टीबी अधिकारी डॉ. तरुण यादव के मार्गदर्शन में की जा रही है।




यह प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समय रहते टीबी का पता लगाकर उसे जड़ से खत्म करना है।
शिविर में निःशुल्क बाल चिकित्सा परामर्श, टीबी लक्षण स्क्रीनिंग , संदिग्ध टीबी मामलों के लिए मौके पर छाती का एक्स-रे, सामान्य चिकित्सा जांच, टीबी जागरूकता और परामर्श दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि डॉ. मित्तल, जो इस क्षेत्र में बाल चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, समग्र टीबी देखभाल के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता के तहत 1,000 से अधिक टीबी रोगियों को पोषण सहायता भी प्रदान कर रहे हैं।

# यादव परिवार ने आदर्श रसोई के माध्यम से पूर्वजों की याद में किया अन्नदान









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कहते है** कि दान से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और सेवा से बड़ा कोई कर्म नहीं होता। इसी राह पर चलकर पिछले 4 वर्षो से समाज की सेवा कर खुशियां बाँट रही है आदर्श नगर की आदर्श रसोई।

जी हां हर रविवार को आदर्श नगर के राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित होने वाली आदर्श रसोई ने अपने चौथे साल के 9वें रविवार के सफर को भी पूरा कर लिया है और समाज के सामने जनता के प्रति जिम्मेदारी की एक नई मिसाल पेश की है।

आपको यह भी बता दें कि राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित होने वाली आदर्श रसोई में इस बार आदर्श रसोई के संरक्षक सतपाल यादव के पूरे परिवार ने शिरकत की और रिबन काटकर रसोई का शुभारंभ किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने पूरे यादव परिवार का जोरदार स्वागत किया। आपको बता दें कि पुण्यतिथि के इस मौके पर आदर्श रसोई में खास पकवान बनाये गए और रसोई को निःशुल्क रखा गया।



**पुण्य तिथि पर किया गया अन्नदान:** आपको बतादें कि आदर्श रसोई के संरक्षक और आदर्श नगर के समाजसेवी सतपाल यादव की पुत्री रिशु यादव ने अपने सास-ससुर की पुण्यतिथि पर अन्नदान किया और उनके द्वारा रसोई बिल्कुल निःशुल्क रही।

**आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने किया यादव परिवार का स्वागत:** इस दौरान आदर्श रसोई के पदाधिकारियों के द्वारा यादव परिवार के लोगों का विशेष रूप से स्वागत भी किया गया।

**सभी को सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए:** आदर्श रसोई के संरक्षक सतपाल यादव ने कहा कि सभी को इस प्रकार के सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए और अधिक से अधिक पुण्य के कार्ये करने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि दान करने से घटता नहीं है बल्कि दान करने से मन को विशेष रूप से संतुष्टि भी मिलती है।

**यादव परिवार ने रसोई का पहला टोकन देकर रसोई की शुरूआत की:** यादव परिवार ने आदर्श रसोई का पहला टोकन देकर रसोई की शुरूआत की और वहां पर मौजूद लोगों को भोजन का वितरण भी किया।

**ये लोग रहे मौजूद:** प्रधान सुरेन्द्र चोपड़ा, चेयरमैन मोहन गर्ग, संयोजक रवि भारद्वाज, राकेश जुनेजा महासचिव, महासचिव पम्मी मल्होत्रा, उषा संजय वर्मा, गुरूदयाल छाबड़ा संरक्षक, रोहित त्यागी, सतपाल सेतिया, इन्द्रजीत हांडा, नरेश कपाही, सुशील अरोड़ा, इन्द्र तनेजा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# नरेला विधानसभा क्षेत्र के बांकनेर इलाके में विशाल जागरण और भंडारे का हुआ आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांकनेर गांव में लक्की वाटिका वाली गली में स्वर्गीय गंगाशरण भगत के आशीर्वाद से बाबा मोहन राम जी का 16वां विशाल जागरण और भंडारा आयोजित किया गया। इस आयोजन को राहुल प्रजापति, सोनू प्रजापति और दीपक प्रजापति द्वारा शुक्रवार को हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह 8 बजे से भंडारा शुरू होने तक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी नवीन महाराज (मां पीतांबरा देवी पीठाधीश्वर, दतिया), 1008 महामंडलेश्वर स्वामी पद्मनारायणचार्य और स्वामी भूतनाथ महाराज उपस्थित रहे।

गाजियाबाद की ज्योति प्रजापति ग्रुप ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान हुए विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वामी नवीन महाराज ने कहा कि यह आयोजन भक्ति और सेवा का अनुपम संगम है। 1008 महामंडलेश्वर स्वामी पद्म नारायणचार्य ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करते हैं। स्वामी भूतनाथ महाराज ने कहा कि बाबा मोहन राम की कृपा से सभी भक्तों को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# कई समस्याओं से त्रस्त बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के निवासी, जनप्रतिनिधि मस्त







**टीम एक्शन इंडिया/ महेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के कई इलाको में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं दे रहे है, जिससे समस्या और अधिक विकराल रूप ले रही है और वहां के निवासियों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

**कई समस्याओं से जूझ रहे है लोग:** आपको बतादें कि जनप्रतिधियों और प्रशासन की लापरवाही की वजह से बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**जाम की समस्या का कब होगा समाधान:** लोगों का कहना है कि यहां सबसे ज्यादा जाम की समस्या से यहां के लोगों को दो-चार होना पड़ता है। सुबह और शाम का जाम बुराड़ीवासियों के लिए सबसे बड़ी समस्या का कारण बना हुआ है और लोगों को ऑफिस आने और जाने में घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। कई बार इस बाबत शिकायत की गई, लेकिन समाधान अभी तक नहीं निकाला गया।

**कहीं जलभराव तो कही कूड़ों का ढ़ेर, तो कही टूटी सड़को से जीना मुहाल:** वैसे तो बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र दिल्ली की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक व प्राचीनकालीन इसका इतिहास भी है, लेकिन इस ऐतिहासिक, प्राचीनकालीन विधानसभा क्षेत्र को लापरवाही की दीमक ने खोखला करके रख दिया है।


बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व **भाजपा से मनोनित निगम पार्षद सागर त्यागी** ने कहा कि आम आदमी पार्टी से पिछले चार बार से लगातार जीतते आ रहे विधायक संजीव झा ने अभी तक बस जनता के चूल्हे पर अपनी झूठी राजनीति की रोटियां सेंकने का काम किया है।

क्षेत्र में कोई विकास कार्य उनके द्वारा नहीं किया गया है। उन्होंने









कहा कि बुराड़ी वार्ड के नत्थू पूरा मोड़ पर टूटी हुई सड़कों के कारण चंद बरसाती बूंदों से ही जलभराव हो गया है, जिससे आने जाने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। तो वहीं बुराड़ी 100 फूटा रोड़ पर जनता मेडिकोज के ठीक सामने सड़क पर लगभग 8 इंच गड्ढे है जो कि किसी बड़े हादसे को न्यौता दे रहे है, यहीं हाल बुराड़ी की प्रत्येक सड़कों का ही है।

**नरेंद्र सोनी, प्रवक्ता,** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बताया कि लक्ष्मी विहार कॉलोनी के सामने काफी लंबे समय से जलभराव की समस्या है जोकि न तो क्षेत्रीय विधायक को दिखाई दे रही है और न ही स्थानीय पार्षद की नजर गई और स्वरूप नगर स्थित 60 फूटा रोड़ का भी हाल बेहाल हुआ पड़ा है।

सोनी ने कहा कि क्षेत्र में जगह-जगह कूडा-करकट पड़ा रहता ही है, जिसे उठाने के लिए कोई निगम का कोई कर्मचारी नहीं आता है, जो कि हवा के सहारे उड़कर लोगों को घरों में घूस जाता है, जिससे एक तरफ तो गंदगी फेल रही है वहीं दूसरी ओर बिमारियां भी फेलने का खतरा बना हुआ है।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि डॉक्टर साहब सिंह वर्मा पॉलीक्लिनिक के ठीक सामने 2 वर्षों पूर्व महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाए गए थे, लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी इन पिंक टॉयलेट पर ताला लटका हुआ है जिसके चलते वहीं पर कार्यरत महिलाओं और वहां से गुजरने वाली महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

समाज सेवी **सुनील दूबे** ने कहा कि क्षेत्र में पीने के पानी की काफी समस्या है, इसके साथ ही बंगाली कॉलोनी पुलिया के पास गंदगी व गाद से भरा हुआ बुराड़ी क्रिक नाला जो कि पिछले कई वर्षों से साफ ही नहीं करवाया गया है, जिससे कि आने वाले बरसातों के मौसम में हर साल दिक्क्तें खड़ी हो जाती है।

दूबे ने कहा कि सफाई न होने के चलते इन नालों से गंदगी तो फैल ही रही है इसके साथ ही मच्छर भी पनपने लगे है, जिस वजह से अपने घरों में भी बैठना मुश्किल हो चुका है।

**बसंत कुमार सिंह,** कांग्रेस नेता ने बताया कि विधायक संजीव झा ने क्षेत्र में कोई नया काम नहीं किया है, बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र चारो ओर से विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है।

उन्होंने बताया कि अमृत विहार में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की नहर के आस-पास का क्षेत्र कूड़े से पटा हुआ है। कूड़ा हवा के सहारे उड़कर नहर में जाता है और लोगों के घरों में भी चला जाता है, जिससे लोग परेशान हो रहे है।

# हेजलवुड को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए प्लेइंग-11 में जगह बनाने का भरोसा




**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भरोसा है कि वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ लय में चल रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए प्लेइंग-11 में जगह बनाने का भरोसा जताया। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स में 11 जून से डब्ल्यूटीसी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

**देर से इंग्लैंड पहुंचे हेजलवुड**

हेजलवुड आईपीएल 2025 सीजन के खत्म होने के बाद जोश इंग्लिस के साथ देर से इंग्लैंड पहुंचे हैं। हेजलवुड आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का हिस्सा थे जिसने फाइनल में पंजाब किंग्स को हराया था। हेजलवुड ने आईपीएल 2025 में 22 विकेट लिए थे और टीम की मिली खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह अब लाल गेंद प्रारूप की तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के वैकल्पिक ट्रेनिंग सीजन में पांच ओवर तक गेंदबाजी की।

**बोलैंड पर मिल सकती है तरजीह**

अगर हेजलवुड अच्छी लय में दिखेंगे तो स्कॉट बोलैंड की जगह उन्हें प्लेइंग-11 में तरजीह दी जा सकती है। 2023 में एशेज सीरीज से टेस्ट प्रारूप में वापसी के बाद से हेजलवुड शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 13 मैचों में 19.68 के औसत से 57 विकेट लिए हैं। हेजलवुड ने कहा, 2023 में मैं काफी करीब था। इससे पहले आईपीएल में मुझे कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उसके बाद कुछ छोटी-मोटी समस्याएं भी हुईं, इसलिए मैं पूरी तरह से स्वस्थ नहीं था, लेकिन इस बार मैं बेहतर स्थिति में महसूस कर रहा हूं। हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी प्रारूप में मेरे आंकड़े पिछले दो वर्षों में अच्छे रहे हैं और कौशल के मामले में भी मैंने प्रगति की है। मुझे अब भी लगता है कि मैं अपने करियर की शायद सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कर रहा हूं और यह सिर्फ शरीर के टिके रहने की बात है, जैसा कि पिछले कुछ महीनों से हो रहा है। हम निश्चित रूप से ट्रेनिंग में इस तरह से ढल रहे हैं कि हम लगातार दो दिन अभ्यास कर सकें, एक बड़ा दिन बिता सकें, उसके अगले दिन एक और गेंदबाजी सत्र और इस तरह की अन्य चीजें कर सकें, ताकि हम खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रख सकें।

हेजलवुड को उम्मीद है कि आईपीएल के थोड़ी देरी से समाप्त होने से उनकी तैयारी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वह डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले लाल गेंद को पर्याप्त ट्रेनिंग लेने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल से पहले मैंने कुछ ओवर अच्छी गेंदबाजी की थी। वहां की तुलना में यहां मौसम अलग है। यह काफी कठिन सत्र था और फिर जब भी आप आईपीएल में कोई मैच खेलते हैं, तो आपको शायद वॉर्म-अप के साथ लगभग सात या आठ ओवर खेलने को मिलते हैं।

## बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नहीं बनाने पर पोंटिंग ने रखी राय




**दुबई :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम की कमान नहीं सौंपकर सही किया है। पोंटिंग का कहना है कि चोट की समस्याएं बुमराह को पीछे धकेल रही हैं। बुमराह 2022 से चोट से जूझ रहे हैं जिस कारण उन्होंने 2023 में 11 महीने बाद वापसी की थी।

**चोट की समस्या से परेशान रहते हैं बुमराह**

वापसी के बाद बुमराह ने टी20 विश्व कप 2024 और कुछ टेस्ट मैचों में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट के दौरान बुमराह फिर चोटिल हो गए थे। पोंटिंग ने बुमराह की चोट पर राय रखी और कहा कि बीसीसीआई ने बुमराह को कप्तानी नहीं देकर सही किया है। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को लाल गेंद के प्रारूप का कप्तान बनाया गया है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि यह सही कदम है। मुझे पता है कि बहुत से लोग, क्रिकेट विशेषज्ञ कह रहे हैं कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि बुमराह को क्यों नहीं चुना गया और उन्होंने शुभमन को क्यों कप्तानी दी गई, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत सरल है।' पोंटिंग ने कहा कि बुमराह की चोट ने उनके कप्तानी बनने को प्रभावित किया होगा। पोंटिंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में बुमराह की चोटों ने उन्हें थोड़ा पीछे धकेल दिया है और आप कप्तान के साथ ऐसा नहीं चाहते। आप ऐसा कप्तान नहीं रख सकते जो आकर इधर-उधर मैच मिस करे। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही फैसला है। अब जब उन्होंने यह कर लिया है, तो उन्हें इस पर टिके रहना होगा।

## इंग्लैंड पहुंचते ही तैयारियों में जुटी भारतीय टीम, फील्डिंग अभ्यास किया



**बेकेनहैम :** भारतीय टीम ने इंग्लैंड पहुंचने के साथ ही टेस्ट सीरीज की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर की अगुआई में भारतीय टीम शनिवार को इंग्लैंड पहुंची थी। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के लाल गेंद के प्रारूप से संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया की यह पहली द्विपक्षीय सीरीज है।

**डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की करेगी शुरूआत**

इस सीरीज के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत करेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी। बीसीसीआई ने शेयर किया वीडियो

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें भारतीय टीम कोच गंभीर के देखरेख में अभ्यास करती नजर आ रही है। इस दौरान गिल भी अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं।

## भारतीय टीम में शामिल असम के दो भारोत्तोलक

**शिवसागर (असम)।** शिवसागर के भारोत्तोलक संघ के खिलाड़ी आईसेंफा गोगोई और पंचमी सोनोवाल ने भारत की टीम में स्थान प्राप्त किया। आगामी 1 से 10 जुलाई तक कजाकिस्तान में जूनियर एशियन गेम्स भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें असम के ये दोनों खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्तमान में लखनऊ में प्रशिक्षण में व्यस्त ये दोनों खिलाड़ी शिवसागर के भारोत्तोलक संघ की देखरेख में 2022 से प्रशिक्षण कर रहे थे। 2025 में बिहार में आयोजित हुए राष्ट्रीय खेलो इंडिया में आईसेंफा गोगोई ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था।

## तय कार्यक्रम के अनुसार भारत आएंगे मेसी, केरल के खेल मंत्री ने अफवाहों को किया खारिज



**नई दिल्ली :** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें बताया जा रहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने केरल का अपना निर्धारित कर दिया है। अब्दुरहीमान ने स्पष्ट किया कि लियोनल मेसी और उनकी टीम तय कार्यक्रम के अनुसार केरल आएगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है।

**अक्टूबर-नवंबर में आ सकती है टीम :** अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्टूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाए रखने की कोशिश की है।

**मंत्री ने प्रायोजक को दिया धन्यवाद**

अब्दुरहीमान और प्रायोजक दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि मेसी आएंगे। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में प्रायोजक को भी धन्यवाद दिया।

**ग्रीनफील्ड स्टेडियम में हो सकता है मैच**

अब्दुरहीमान ने कहा, 'फीफा विंडो के अनुसार अक्टूबर-नवंबर में विश्व टीमों को ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए समय आवंटित है। ऐसे में हमारे लिए भी यही समय आवंटित किए जाने की संभावना है।' प्रस्तावित मैत्री मैच ग्रीनफील्ड स्टेडियम में आयोजित किए जाने की संभावना है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है। मंत्री ने कहा कि सरकार का एकमात्र उद्देश्य विश्व चैंपियनों को लाकर राज्य के खेल क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाना है।

## नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम




**टीम तैयार**

प्रो लीग का घरेलू चरण भुवनेश्वर में खेला था, जहां उसने आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए थे

**नई दिल्ली :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह प्रो लीग की तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई थी। भारत को अगर शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में आखिरी समय में गोल खाने से बचना होगा।

**नीदरलैंड शीर्ष पर मौजूद**

नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

**प्रतियोगिता में अभी खेले जाने हैं सात मैच :** नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत अंक हासिल करना होगा। भारत ने इस साल की शुरुआत में प्रो लीग का घरेलू चरण भुवनेश्वर में खेला था, जहां उसने आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए थे।

## राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद तेज



**नई दिल्ली :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद तेज कर दी है। आईओए, केंद्र और गुजरात सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने मेजबानी अधिकार हासिल करने से संबंधित प्रक्रिया और तरीकों को बेहतर ढंग से समझने के लिए लंदन में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों से मुलाकात की। नवंबर में किया जाएगा मेजबान शहर का चयन प्रतिनिधिमंडल में आईओए प्रमुख पीटी उषा और केंद्रीय खेल मंत्रालय के साथ-साथ गुजरात राज्य सरकार के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने लंदन में दो दिनों तक राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों से मुलाकात की। दावेदारी की अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव 31 अगस्त तक प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है जबकि राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए मेजबान शहर का चयन इस साल नवंबर में किया जाएगा। भारत ने औपचारिक रूप से बोली प्रस्तुत की भारत ने पहले ही अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली औपचारिक रूप से प्रस्तुत कर दी है।

## आईपीएल के सर्वाधिक सफल गेंदबाज रहे हैं पीयूष चावला

**मुरादाबाद।** दो बार के विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे मुरादाबाद निवासी स्पिनर पीयूष चावला आईपीएल के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। आईपीएल में चावला के नाम 192 विकेट लेने का रिकार्ड दर्ज है। दो दिन पहले क्रिकेट के सभी फार्मेट से सन्यास की घोषणा की है । आईपीएल के अब तक के इतिहास में यजुवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा 220 विकेट लिए। उनके बाद भुवनेश्वर कुमार 196 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर 192 विकेटों के साथ पीयूष का नाम आता है। 2025 में आईपीएल के 18वें सीजन के बाद सुनील नारायण उनकी बराबरी तक पहुंचे हैं। अब संयुक्त रूप से सुनील व पीयूष तीसरे स्थान पर हैं। कॅरिअर के अंतिम पड़ाव पर भी पीयूष का फिरकी की धार कम नहीं हुई। नवम्बर 2024 में उन्होंने यूपी की टीम से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हिस्सा लिया। इस टूनामेंट में मुरादाबाद के आर्यन जुयाल, शिवम शर्मा, मोहसिन खान, शिवा सिंह भी टीम का हिस्सा रहे। पीयूष ने नवम्बर 2024 में वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई के खिलाफ 12 रन देकर चार विकेट झटके थे।

## कैसे शुरू हुई रिंकू सिंह और प्रिया की प्रेम कहानी?



**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी हुई है। रिंकू ने कम समय में काफी नाम कमाया और अब वह एक रिश्ते में बंधने जा रहे हैं। रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और इसमें शामिल होने के लिए 300 से अधिक वीवीआईपी को न्योता भेजा गया है। क्रिकेट और राजनीति जगत की दोनों चर्चित हस्तियों की रिंग सेरेमनी में सपा मुखिया अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव और जया बच्चन जैसे बड़े नाम शामिल हो सकते हैं। लखनऊ के एक पांच सितारा होटल में रविवार को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी होगी।

**रिंकू ने आईपीएल से बटोरी थी सुर्खियां**


रिंकू आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलते हैं। रिंकू उस वक्त सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने केकेआर के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के गेंदबाज यश दयाल पर लगातार पांच छक्के लगाकर टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई थी। इस पारी से रिंकू को भारतीय क्रिकेट में पहचान मिली और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। रिंकू को भारतीय टी20 टीम में खेलने का मौका मिला और वहां भी उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई। वह चंद वर्षों में क्रिकेट के उभरते सितारे बने और अब उनका नाता जौनपुर के बड़े सियासी परिवार से जुड़ने जा रहा है। मैदान पर शांत नजर आने वाले रिंकू किस तरह प्रिया सरोज से मिले और कैसे उनकी प्रेम कहानी आगे बढ़ी इसमें सभी की दिलचस्पी होना लाजिमी है। रिंकू और प्रिया एक साल से अधिक समय से एक दूसरे को जानते हैं। दोनों की मुलाकात एक कॉमन दोस्त के पिता के जरिये हुई थी। हालांकि, धीरे-धीरे रिंकू और प्रिया की दोस्ती हुई जो प्यार में बदल गई। प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने बताया था कि प्रिया की रिंकू से मुलाकात एक कॉमन दोस्त के जरिये हुई थी जिसके पिता भी एक क्रिकेटर हैं। अब दोनों एक दूसरे के जीवनसाथी बनने जा रहे हैं। प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से सपा की सांसद हैं। उन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के उम्मीदवार को हराया था।

18 नवंबर को वाराणसी में होगी रिंकू और प्रिया की शादी

जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है।




## सूर्या के चार बास्केट से महामना क्लब की जीत



**वाराणसी।** बीएचयू कैंपस के एंफीथियेटर मैदान पर सीनियर वर्ग के मैच में सूर्या के चार बास्केट की मदद से महामना क्लब ने जीत हासिल की। मैदान पर बास्केटबॉल का शिविर भी लगा है। इसमें सुबह के समय सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सहायक सचिव डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि महामना क्लब ने पटेल क्लब को दो सेट 11-5, 11-7 से शिकस्त दी। दोनों टीम के सनी, सौरभ, सूर्या, विशाल चारो खिलाड़ी सीनियर वर्ग के राष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। बताया कि शिविर में 30 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को ले-अप शॉर्ट, पॉइंट और शूटिंग गार्ड, पावर फॉरवर्ड और सेंटर से बास्केट करने का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा पास और ड्रीबलिंग की जानकारी देने के साथ ही मैचों का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रादेशिक प्रतियोगिता के लिए तीन पूल में प्रशिक्षण ले रहे 61 तैराक, 42 जीत चुके हैं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल लखनऊ में होने वाली प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए काशी के 61 तैराक तीन अलग-अलग पूलों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिला तैराकी संघ के सचिव शंभु प्रसाद ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन ट्रायल जून के तीसरे सप्ताह में होगा। चयनित खिलाड़ी तैराकी में वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन तैराकों में राष्ट्रीय और प्रादेशिक प्रतियोगिता में जीतने वाले 42 तैराक हैं। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सहायक निदेशक डॉ. कविता वर्मा ने बताया कि बीएचयू स्वीमिंग पूल में 17 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। कनाई चंद तालापात्रा ने बताया कि सिगरा स्टेडियम में सब जूनियर और जूनियर वर्ग के 30 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों को फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई, मेडले का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बरेका में सब जूनियर 6 और जूनियर वर्ग में 8 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

**10 किमी तैराकी में विश्वनाथ पहले स्थान पर, मिलेगी गंगाश्री उपाधि**

सरस्वती स्वीमिंग एसोसिएशन की ओर से शनिवार को विश्व सुंदरी पुल से दरभंगा घाट के बीच तैराकी प्रतियोगिता हुई। 10 किलोमीटर की सबसे लंबी प्रतियोगिता में विश्वनाथ आनंद ने पहला स्थान हासिल कर गंगा श्री उपाधि का खिताब अपने नाम किया। महिलाओं की अस्सी घाट से दरभंगा घाट तक की तैराकी प्रतियोगिता में गायत्री और 20 मीटर दूरी की प्रतियोगिता में अंशु ने बाजी मारी। एसोसिएशन की ओर से 89वीं वार्षिक जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जिले के 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# बौद्ध तीर्थस्थलों को प्रमोट कर रही सरकार

□ 5 देशों के 50 विशिष्ट मेहमानों ने यूपी में की बोधि यात्रा □ कम्बोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम से आया प्रतिनिधिमंडल □ दल में बौद्ध भिक्षु, ट्रैवल एजेंट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रहे शामिल □ मेकांग-गंगा सहयोग के तहत 2 से 7 जून तक आयोजित हुई बोधि यात्रा

**ब्रांडिंग**

□ सीएम योगी ने स्वयं प्रतिनिधिमंडल से मिलकर दी यूपी के प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थलों की जानकारी

□ सारनाथ, वाराणसी जैसे प्रमुख बौद्ध स्थलों की हुई ब्रांडिंग



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** योगी सरकार बौद्ध सर्किट के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के तहत बोधि यात्रा नामक एक फैमिलियराइजेशन ट्रिप का आयोजन किया गया। यह यात्रा 02 से 07 जून तक चली, जिसमें आसियान के पांच देशों- कम्बोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। इस दल में बौद्ध भिक्षु, ट्रैवल एजेंट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल थे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बौद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बोधि यात्रा का उद्देश्य श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ और आगरा जैसे प्रमुख बौद्ध स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रदर्शित करना था। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आनंद बोधि वृक्ष, जेतवन विहार, पिपरवाही स्तूप, महापरिनिर्वाण स्तूप, धम्मेक स्तूप, अशोक स्तंभ और विभिन्न बौद्ध संग्रहालयों का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने बौद्ध सर्किट के विकास के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, पर्यटक सुविधाओं को बढ़ाने और सांस्कृतिक संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। इससे पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर प्रदेश की समृद्ध बौद्ध धरोहर की जानकारी दी। पर्यटन विभाग ने परंपरागत स्वागत और विशेष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अतिथियों को बौद्ध स्थलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता से अवगत कराया। बोधि यात्रा के दौरान बी2बी बैठकों का आयोजन भी किया गया, जिसने भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पर्यटन मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का यह प्रयास न केवल उत्तर प्रदेश की बौद्ध विरासत को विश्व मंच पर ले जाएगा, बल्कि वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की आर्थिक समृद्धि में भी योगदान देगा।

## 50 हजार लघु किसानों को 1000 करोड़ का ऋण, गांवों में रोजगार के खुले नए द्वार

**लखनऊ:** योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास और रोजगार सृजन की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने बीते चार वर्ष में 50 हजार से अधिक लघु और सीमांत किसानों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया है। यह ऋण न केवल किसानों की कृषि गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि रोजगार सृजन और पूंजी निर्माण का भी मजबूत आधार बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हरित क्रांति के नए अध्याय की शुरूआत की है। किसानों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराकर खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। यह ऋण किसानों के लिए खेती के साथ-साथ कृषि आधारित स्वरोजगार की योजनाओं में भी मददगार साबित हो रहा है। योगी सरकार की नीतियों के चलते अब किसानों को साहूकारों और सूदखोरों के शोषण से मुक्ति मिल रही है। राज्य सरकार की ऋण योजनाएं पारदर्शी और लाभकारी हैं, जिससे किसानों का भरोसा संस्थागत वित्तीय व्यवस्थाओं पर बढ़ा है।योगी सरकार ने मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत किसानों की आमदनी बढ़ाने का अभियान छेड़ रखा है। जहां व्यावसायिक बैंकों की पहुंच नहीं थी, वहां उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक ने किसानों का साथ निभाया। यह बैंक ग्रामीण अंचलों में दीर्घकालीन ऋण पहुंचाकर कृषि विकास को नई दिशा दे रहा है। खासकर उन क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सेवाएं सीमित थीं, वहां यह बैंक किसानों की आर्थिक रीढ़ बना है। योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही रोजगारपरक और आय अर्जक योजनाओं से गांवों में स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं। इन योजनाओं में दीर्घकालीन ऋण से युवाओं को डेयरी, पशुपालन, बागवानी जैसी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

## कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने टिन शेड का किया लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर विकासखण्ड स्थित भगद्वारीखाल इंटर कॉलेज में नवीन टिन शेड का विधिवत लोकार्पण किया। यह टिन शेड ओएनजीसी के वित्तीय सहयोग से लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने स्थानीय जनता को इस सुविधा के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सतत विकास के लिए संकल्पबद्ध है। इस टिन शेड का लाभ न केवल विद्यार्थियों को मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए

**सुविधा**

□ यह टिन शेड ओएनजीसी के वित्तीय सहयोग से लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया

इसका उपयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। इससे क्षेत्र में सामुदायिक एकजुटता को भी बल मिलेगा।

मंत्री जोशी ने निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतिकूल मौसम में भी सुविधा मिलेगी और विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में भी मदद मिलेगी।

# योगी सरकार के 'हर खेत को पानी' संकल्प को साकार कर रहीं नई 29 सिंचाई

**परियोजना**

□ सरकार ने महज पिछले आठ वर्षों में वृहद, मध्यम और लघु सिंचाई की 29 परियोजनाओं को किया पूरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में जल संसाधनों के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। योगी सरकार ने हर खेत को पानी पहुंचाने के संकल्प को साकार करते हुए पिछले आठ वर्षों में 29 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया है। इससे जहां एक ओर प्रदेश के 43,53,850 किसानों को लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में 19,11,231 हेक्टेयर की सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है। योगी सरकार का यह कदम न केवल प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता को बढ़ाने वाला है, बल्कि बाढ़ नियंत्रण और जल संरक्षण के क्षेत्र में भी मील का पत्थर है। 7 वृहद परियोजनाओं को किया गया पूरा, 42 लाख से अधिक किसान हो रहे लाभान्वित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर खेत को पानी विजन की दिशा में प्रदेशभर में लगातार काम किया जा रहा है। इसके तहत पिछले आठ वर्षों में 7 वृहद सिंचाई परियोजनाओं में बाणसागर नहर परियोजना, लहचूरा बांध परियोजना, पहाड़ी बांध परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, अर्जुन सहायक नहर परियोजना, उत्तर प्रदेश वाटर रिस्ट्रक्चरिंग परियोजना फेज-2 और उमरहठ पम्प परियोजना द्वितीय चरण को पूरा किया गया है। इससे मीरजापुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बस्ती, गोरखपुर, महराजगंज, बांदा, अमेठी, रायबरेली, इटावा, एटा, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, फतेहपुर, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, बाराबंकी, मैनपुरी एवं ललितपुर के 42,28,355 किसानों को लाभ मिल रहा है। वहीं 18,41,932 हेक्टेयर सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है। मध्यम सिंचाई परियोजना से ललितपुर, हमीरपुर, चित्रकूट (कर्बी) के किसानों को मिल रहा लाभ इसी तरह पिछले आठ वर्षों में 16 मध्यम श्रेणी की सिंचाई परियोजनाएं पूरी की गईं। इनमें उटारी बांध परियोजना, मौदहा बांध नहर प्रणाली की क्षमता की पुर्नस्थापना, पहुंज बांध पुनरोद्धार परियोजना, गुंता बांध पुनरोद्धार रिस्टोरेशन/रेनोवेशन परियोजना, जमरार बांध नहर परियोजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पथरई बांध परियोजना, फीडर चैनल परियोजना, कुलपहाड़ स्प्रिंक्लर सिंचाई परियोजना और जनपद महराजगंज स्थित रोहिन नदी पर रोहिन बैराज के निर्माण कार्य की परियोजना शामिल है।

### लघु सिंचाई परियोजना से महोबा, मीरजापुर, हमीरपुर के किसानों को मिल रहा लाभ

*इसके अलावा प्रदेश में पिछले आठ वर्षों में 6 लघु सिंचाई परियोजनाएं पूरी की गई हैं। इनमें जाखलौन नहर प्रणाली क्षमता पुर्नस्थापना, रतौली वीयर परियोजना, मसगांव एवं चिल्ली स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना, जरगो नहर प्रणाली के नहरों की पुर्नस्थापना, बकहर मड़िहान पोषक नहर के पुनरोद्धार की परियोजना और बिरोहिया पिकअप वियर के पुर्ननिर्माण एवं भरपुरा रजवाहा पुनरोद्धार परियोजना शामिल हैं। इससे ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, मीरजापुर के 28,183 किसानों को लाभ मिल रहा है। वहीं 5,195 हेक्टेयर सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है।*

## गुर्जर आरक्षण की मांग फिर तेज, महापंचायत में सरकार को अल्टीमेटम

**टीम एक्शन इंडिया**

**भरतपुर।** राजस्थान में एक बार फिर गुर्जर आरक्षण आंदोलन जोर पकड़ता जा रहा है। भरतपुर जिले के बयाना क्षेत्र स्थित पीलूपुरा (कारवारी शहीद स्मारक) पर रविवार को गुर्जर समाज ने महापंचायत कर सरकार को आरक्षण सहित अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर अल्टीमेटम दिया है। इस गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने गुर्जर समाज से बातचीत के लिए अपन सहमति जताई है। इस महापंचायत का नेतृत्व गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला कर रहे हैं। इस महापंचायत में बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटे। महापंचायत में शामिल समाज के पंचों और पूर्व सरपंचों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के निधन के बाद से कई अहम मुद्दे अधर में हैं और अब समाज और इंतजार नहीं करेगा। समिति ने संकेत दिया है कि यदि सरकार द्वारा कोई



ठोस आश्वासन नहीं मिला तो आंदोलन को तेज किया जाएगा, जिसमें रेलवे ट्रैक जाम करना भी शामिल हो सकता है। उधर, दौसा जिले के सिकंदरा में गुर्जर और एमबीसी वर्ग के 372 युवा बीते 80 दिनों से धरने पर बैठे हैं। वे रीट-2018, रीट-2021, पशु चिकित्सा भर्ती-2019 और आरजेएस समेत अन्य नियुक्तियों में समझौते के अनुसार नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। इस महापंचायत ओं राजस्थान के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से गुर्जर समाज के लोग ट्रैक्टर, बस, जीप और बाइक के जरिए पीलूपुरा पहुंचे हैं। गांव में पीने के पानी के लिए टैंकरों की व्यवस्था की गई है।

## भारतीय टीम में शामिल असम के दो भारोत्तोलक

**शिवसागर (असम)।** शिवसागर के भारोत्तोलक संघ के खिलाड़ी आईसेंग्फा गोगोई और पंचमी सोनोवाल ने भारत की टीम में स्थान प्राप्त किया। आगामी 1 से 10 जुलाई तक कजाकिस्तान में जूनियर एशियन गेम्स भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें असम के ये दोनों खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्तमान में लखनऊ में प्रशिक्षण में व्यस्त ये दोनों खिलाड़ी शिवसागर के भारोत्तोलक संघ की देखरेख में 2022 से प्रशिक्षण कर रहे थे। 2025 में बिहार में आयोजित हुए राष्ट्रीय खेलो इंडिया में आईसेंग्फा गोगोई ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। भारतीय टीम में दोनों खिलाड़ियों के शामिल होने पर शिवसागर भारोत्तलन संघ ने नामती शहीद पियली फुकन महाविद्यालय के व्यायामशाला में दोनों खिलाड़ियों के माता-पिता को सम्मानित किया गया।






## 24 घंटे के अंदर दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली के एसडीपीओ गुलशन कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी कि परनाडाबर थाना क्षेत्र के एक गांव में 6 जून को गांव के ही एक युवक द्वारा 9 वर्ष की नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था। परिजन के लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए एसपी के निर्देश पर एक टीम बनाई गई थी।टीम ने लगातार दुष्कर्म के आरोपित की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह पर छापेमारी शुरू की।24 घंटे के अंदर दुष्कर्म में आरोपित गाजी अत्ताउल्लाह उर्फ छोटू को गयाजी जिले के पंचायती अखाड़ा के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को थाने पर लाकर पूछताछ की गई।जिसमें उसने इस घटना में संलिप्त को स्वीकार किया। उसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री साय ने चिंतन शिविर 2.0 को बताया नीति-निर्माण का सशक्त मंच

**नई दिशा**

□ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि चिंतन शिविर जैसे आयोजन शासन को नई दिशा और ऊर्जा देते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि चिंतन शिविर 2.0 जैसे प्रशिक्षण सत्र शासन को नया दृष्टिकोण और नीतिनिर्माण प्रक्रिया को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से मंत्रीगणों को सुशासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुर सीखने का अवसर मिलता है।

आईआईएम रायपुर में आज रविवार को आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के प्रथम सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के सभी मंत्रीगण शामिल हुए। इस सत्र में परिवर्तनकारी नेतृत्व, दूरदर्शी शासन, संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई।

आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने परिवर्तनकारी नेतृत्व एवं दूरदर्शी शासन विषय पर अपने व्याख्यान में भगवद्गीता के श्लोकों के माध्यम से निष्काम कर्म और नैतिक प्रशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्य केवल फल की आशा से नहीं, बल्कि उसके सही होने के कारण किया जाना चाहिए। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा, भारत की एकता केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भी है। राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों या संसाधनों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से संभव है। उन्होंने अंत्योदय के महत्व पर बल देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को सुशासन की प्राथमिकता बताया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि चिंतन शिविर जैसे आयोजन शासन को नई दिशा और ऊर्जा देते हैं।